# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 12 नवम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 306, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स व निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थिर रुख के साथ बंद हुए। } 14

## घुसपैठियों को बाहर निकालेगी सरकार : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा झामुमो सरकार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे। } 16

### संक्षेप

### एनआईए ने कई जगह की छापेमारी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत को अस्थिर करने की आतंकवादी समूह अलकायदा की साजिश के तहत कुछ बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा प्रोत्साहित की जा रही गतिविधियों के संबंध में सोमवार को देश भर में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अलकायदा की गतिविधियों का समर्थन और वित्त पोषण करने के संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े नौ स्थानों पर कार्वाई जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार, त्रिपुरा और असम में सुबह-सुबह शुरू हुई।

### न्यायाधीश ने पुलिस चौकी में घुसकर बचायी जान

अलीगढ़/नोएडा (उप्र)। फुर्खाबाद जिले में तैनात एडीजे ने खुद को जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए दावा किया कि कुख्यात गैंगस्टर रवि काना के बड़े भाई हरेंद्र प्रधान की हत्या के मामले में सुंदर भाटी और उसके गिरोह से जुड़े लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने की वजह से उनके साथ ऐसा किया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एक सफेद एसयूवी में सवार पांच अज्ञात हथियारबंद लोगों ने जट्टारी के पास उनके वाहन को रोकने की कोशिश करके गोली चलाने की कई कोशिश कीं। उन्होंने कहा कि वह हमलावरों से बचकर अलीगढ़-टप्पल राजमार्ग पर एक पुलिस चौकी पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार यह घटना 29 अक्टूबर को हुई थी, लेकिन सिंह ने नौ नवंबर को अलीगढ़ के खैर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि हत्या के प्रयास समेत विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चारों आरोपी हिरासत में

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार संदिग्ध मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम एवं चार अन्य आरोपियों को यहां की एक अदालत ने सोमवार को 19 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और मुंबई अपराध शाखा ने रविवार को शूटर शिवकुमार (20) तथा उसके चार साथियों को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार किया। अपराध शाखा ने आरोपियों को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद पाटिल के समक्ष पेश किया। पुलिस ने आरोपियों की रिमांड मांगते हुए अदालत से कहा कि वह मामले के वित्तीय पहलुओं की जांच करना चाहती है।

## सालभर पटाखे बैन करने पर फैसला ले सरकार

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से कहा कि दिल्ली में सालभर पटाखा बैन पर 25 नवंबर से पहले फैसला लें। दिल्ली सरकार के वकील ने कोर्ट के सामने कहा था कि हम पटाखा बैन को पूरे साल लागू करने का फैसला सभी संबंधित विभागों से सलाह के बाद लेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली पुलिस से कहा, दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधों को गंभीरता से लागू नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर पटाखों पर बैन लगाने के लिए स्पेशल सेल बनाएं। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला करे। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि कोई भी धर्म ऐसी किसी गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं करता है, जिससे प्रदूषण फैलता हो। अगर इस तरह से पटाखे जलाए जाते हैं, तो इससे नागरिकों के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार पर भी असर पड़ता है। प्रदूषण मुक्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

## समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं राष्ट्र विरोधी : मोदी

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों के बीच एकता व राष्ट्र की अखंडता महत्वपूर्ण

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कुछ राष्ट्र विरोधी अपने निहित स्वार्थों के लिए समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से उनके इरादों की गंभीरता को समझने और उन्हें हराने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। मोदी ने गुजरात के खेड़ा जिले के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकता और अखंडता महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों के बीच एकता और राष्ट्र की अखंडता महत्वपूर्ण है। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने निहित स्वार्थों या संकीर्ण मानसिकता के चलते हमारे समाज को जाति, धर्म, भाषा, पुरुष-महिला, गांव-शहर के आधार



श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते पीएम मोदी

पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में कहा, हमें इन राष्ट्र-विरोधियों के इरादों की गंभीरता को समझना होगा और उन्हें हराने के लिए एकजुट होना होगा। मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पहला महत्वपूर्ण कदम आत्मनिर्भरता है। उन्होंने स्वामीनारायण सम्प्रदाय के सभी संतों से अनुरोध किया कि वे भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने लक्ष्य को पूरा करने में देश के प्रत्येक नागरिक को जोड़ें। उन्होंने कहा कि जैसे आजादी के आंदोलन में एक शताब्दी तक समाज के भिन्न-भिन्न कोने से आजादी की ललक और आजादी की चिंगारी देशवासियों को प्रेरित कर रही थी, वैसी ही ललक और वैसी ही चेतना विकसित भारत के लिए 140 करोड़ देशवासियों में हर पल होना जरूरी है। उन्होंने कहा युवा, राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और करेंगे। इसके लिए हमें सशक्त और शिक्षित युवाओं का निर्माण करना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गुंडों व माफियाओं का उपचार करेगी भाजपा : योगी

### मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस, झामुमो व राजद देश और प्रदेश की सुरक्षा के लिए खतरा

विशेष संवाददाता

रांची। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भवनाथपुर, हुसैनाबाद, पांकी और लातेहार में विशाल चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश का हर राजनीतिक विश्लेषक बोल रहा है कि 23 नंबर को झारखंड में कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने हरियाणा का जिक्र करते हुए कहा कि, हरियाणावासियों ने विकास के आधार पर तीसरी बार कमल खिलाने का काम किया है।

सीएम योगी ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस, झामुमो व आरजेडी देश और प्रदेश की सुरक्षा के लिए खतरा है। तीन परिवार गरीबों को लूट रहे हैं, एक परिवार रांची में बैठा है। दूसरा पटना में बैठता है और तीसरा परिवार दिल्ली में बैठता है। ये तीनों परिवार सिर्फ अपने परिवारवाद का विकास करते हैं गरीबों और दलितों का नहीं। झारखंड में लुटेरी सरकार ने भू-माफियाओं का अड्डा बना रखा



झारखण्ड में चुनावी रैली के दौरान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

है, घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए अराजकता फैलाने की छूट दे रखी है।

उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार है। वहां कोई सुरक्षा में सेंध नहीं लगाता। मां-बहन की इज्जत पर हाथ डालने वालों, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सीधे यमराज के घर का टिकट कट जाता है। भाजपा की सरकार बनने के बाद पत्थरबाजों का उपचार हो जाएगा। गुंडों और माफियाओं का उपचार भी भाजपा की सरकार कर देगी। उन्होंने कहा कि बेटी और व्यापारियों को सुरक्षा और गरीब को सम्मान मिलेगा। भाजपा की सरकार गरीबों को योजनाओं का लाभ देकर झारखंड को विकसित राज्य बनाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, सम्मान और सुशासन सिर्फ भाजपा ही दे सकती है। सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत हर महीने बहनो-माताओं को 2100 रुपए देने का काम करेंगे। लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपए में गैस का सिलेंडर देने का काम करेंगे, इसके अलावा साल में दो बार मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। बेरोजगार युवाओं को 2 हजार रुपए महीने 2 साल तक भत्ता दिया जाएगा। 21 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। सीएम योगी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर झारखंड को विकसित प्रदेश बनाना है तो, यहां डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। उन्होने कहा कि जब भी बंटे है, निर्ममता से कटे हैं, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। उन्होने कहा, झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी के बहकावे में नहीं आना है, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों से प्रदेश की जनता ने भ्रष्टाचार और अराजकता को देखा है, लेकिन दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लोक कल्याणकारी और विकास के कार्य हो रहे हैं। हेमंत सरकार और उनके मंत्रियों ने झारंखड के संसाधनों पर लूट मचा रखी है। झारखंड के युवा, किसान और हर पिछड़ा वर्ग भ्रष्टाचारी सरकार से त्रस्त है, लेकिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकारें गिराने में विश्वास रखते हैं मोदी : खरगे



रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को उन पर आरोप लगाया कि वह विपक्ष को दबाने एवं निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिये विधायकों को बकरियों की तरह खरीदते और खिला-पिलाकर काट देते हैं। उन्होंने मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अदाणी और अंबानी के साथ मिलकर केंद्र सरकार चलाने का भी आरोप लगाया। खरगे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह मुख में राम, बगल में छुरी में विश्वास करते हैं। मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा एक सच्चा योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी के मंत्र पर बढ़ रहा उत्तराखण्ड

### गढ़वाली, कुमांउनी, जौनसारी सहित सभी बोलियों के संरक्षण पर देंगे जोर : धामी

एजेंसी

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड की बोली भाषाओं के संरक्षण से लेकर, पलायन को लेकर चिंता जताकर, उत्तराखंड के प्रति अपने लगाव को प्रदर्शित किया है। उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री द्वारा किए गए नौ आग्रहों को राज्य के विकास का मूल मंत्र मानकर आगे बढ़ेगी।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया को जारी एक बयान में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर दिए गए अपने संदेश से प्रेरणा लेकर अब नीतियों का आधार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की गढ़वाली, कुमांउनी, जौनसारी सहित सभी बोलियों के संरक्षण पर जोर दिया



है, साथ ही प्रवासियों से अपने गांव से संबंध बनाए रखने और अपने परंपरागत शैली के तिबारी वाले घरों के संरक्षण की अपील की है। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री के दिल में उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है, इसलिए सरकार प्रधानमंत्री के सभी आग्रहों पर जन सहयोग के जरिए काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बोली भाषाओं के संरक्षण के लिए पहले ही क्षेत्रीय बोली की फिल्मों के निर्माण पर विशेष प्रोत्साहन दे रही है। लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न मेलों को सहायता प्रदान कर रही है, इगास और हरेला पर्व अब धूमधाम से मनाया जा रहा है।

इसी तरह सरकार लोगों को अपने परंपरागत तिबारी वाले घरों को संरक्षित करते हुए, इन्हें होम स्टे में पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रवासियों का उत्तराखंड से लगाव मजबूत करने के लिए सरकार ने इसी साल से प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का भी आयोजन प्रारंभ किया है। अब प्रधानमंत्री के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नेतन्याहू ने ली पेजर, वॉकी टॉकी हमलों की जिम्मेदारी

यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया। हिब्रू मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, नेतन्याहू ने रविवार की साप्ताहिक मंत्रिमंडल बैठक के दौरान ये टिप्पणियां ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लोक सेवा आयोग के गेट पर छात्रों का आंदोलन

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज, परीक्षा अलग-अलग तिथियों पर कराने के निर्णय का विरोध

जिला संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्री, समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ एआरओ) की परीक्षा अलग-अलग तिथियों पर कराने के निर्णय के विरोध में प्रतियोगी छात्र सोमवार को यहां आयोग के गेट पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचे, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें खदेड़ दिया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को युवा विरोधी करार देते हुए विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया और इसकी निंदा की। उन्होंने दावा किया कि लोक सेवा आयोग में धांधली को रोकने के लिए



अभ्यर्थियों ने मांग बुलंद की तो भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। हम फिर दोहराते हैं कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। उप्र लोक सेवा आयोग के आसपास भारी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने छात्रों को गेट नंबर दो की तरफ आने से रोका, लेकिन छात्र-छात्राओं की भीड़ धक्का मुक्की करते हुए गेट के पास पहुंची और नारेबाजी शुरू ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- महाकुंभ के कैनवास पर रंग चढ़ाने उतरे युवा (पृष्ठ-02)
- साइबर हमलों से सुरक्षा अति आवश्यक (पृष्ठ-02)
- ऊना में आलू की पैदावार कम होने की आशंका (पृष्ठ-14)
- दो हजार अरब डॉलर निर्यात लक्ष्य के लिए करें प्रयास (पृष्ठ-14)
- सोने में 450 रुपये की गिरावट, चांदी 600 रुपये टूटी (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** पांत्सिर एयर डिफेंस सिस्टम वर्सेटाइल मोबाइल प्लेटफॉर्म है, जो आर्मी बेस व अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को हवाई हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है

## भारत-रूस के बीच पांत्सिर एयर डिफेंस सिस्टम के लिए समझौता

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए भारत डाइनैमिक्स लिमिटेड ने रूस के नयी डील की है। ये डील एडवांस पांत्सिर एयर डिफेंस मिसाइल गन सिस्टम के लिए रूस सरकार के नियंत्रण वाली हथियार एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ की गई है।

पांत्सिर एयर डिफेंस सिस्टम वर्सेटाइल मोबाइल प्लेटफॉर्म है, जो आर्मी बेस और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को हवाई हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है, इसमें एयरक्राफ्ट, ड्रोन और सटीक निर्देशित युद्ध सामग्री शामिल है। इसमें एडवांस रडार और ट्रैकिंग सिस्टम है। जो 36 डट दूर और 15 डट की ऊंचाई तक के टारगेट का पता लगाने और अटैक करने की सक्षम है। दोनों देशों के बीच ये इस डिफेंस सिस्टम के लिए समझौता



गोवा में आयोजित 5वें भारत-रूस इंटर गवर्नमेंटल कमिशन सबग्रुप मीटिंग के दौरान हुआ। डील मेक इन इंडिया इनिशिएटिव का हिस्सा और टारगेट पांत्सिर वैरिएंट के मैन्यूफैक्टरिंग, टेक्नॉलिजी ट्रांसफर और जॉइंट डेवलपमेंट के लिए नये रास्ते तलाशना है। ये मेक इन इंडिया इनिशिएटिव के तहत डिफेंस प्रोडक्शन में सेल्फ डिपेंड होने के लिए भारत के टारगेट में शामिल है। भारत ने साइन की थी 5 अरब डॉलर की डील भारत ने 2018 में रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए डील की थी। इस डील के तहत अगले 5 सालों में भारत को ये सभी एयर डिफेंस सिस्टम मिलने थे। भारत को अभी तक रूस ने सिर्फ 3 ही एयर डिफेंस सिस्टम भारत को दिए है। अभी भी 2 एस-400 भारत को मिलना बाकी हैं। भारत में मैंगो मिसाइल बनाने की डील रूस की सरकारी डिफेंस कंपनी रोस्टेक ने इसी साल जून महीने में बताया था कि उसने भारत में मैंगो मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए काम शुरू किया है। मैंगो मिसाइल एक तरह के शेल्स यानी गोले होते हैं, जिन्हें टैंक की मदद से फायर किया जाता है। रोस्टेक ने बताया कि वो भारत में बारूद के उत्पादन को लेकर भी प्लान बना रही है। 125 मिमी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मणिपुर के जिरिबाम में मुठभेड़, 11 संदिग्ध ढेर

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के जिरिबाम जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोरोबेकरा उप-मंडल के जकुराडोर करोंग में यह मुठभेड़ हुई जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान भी घायल हो गए। उनमें से एक की हालत गंभीर है।

उन्होंने बताया कि करीब ढाई बजे फौजी वर्दी में आये इन उग्रवादियों ने बोरोबेकरा थाने और नजदीक के सीआरपीफ शिविर पर अंधाधुध गोलियां दागनी शुरू कर दी। उनके पास अत्याधुनिक हथियार थे। अधिकारियों ने बताया कि उनमें से कुछ उग्रवादी महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित जकुराडोर करोंग बाजार चले गये तथा उन्होंने कुछ मकानों पर हमला करने के अलावा कई दुकानों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्वाई की तथा फिर दोनों पक्षों में मुठभेड़ छिड़ गयी जिसमें 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गये। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली। उन्होंने बताया कि थाना परिसर में एक राहत शिविर भी है जहां से पांच नागरिक लापता हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें वहां से भाग रहे उग्रवादियों ने अगवा कर लिया या ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ के कैनवास पर रंग चढ़ाने उतरे यूपी के युवा

## आजाद पार्क में जुटे अयोध्या, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर समेत प्रदेश भर के युवा और बच्चे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ 2025 को विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में चौबीस घंटे काम चल रहा है। इसी क्रम में रविवार

- **योगी सरकार की पहल पर प्रयागराज का बदल रहा स्वरूप, यूनिवर्सिटी और विभिन्न कॉलेजों से पहुंचे छात्रों ने दिखाया हुनर**
- **गंगा नदी की बेल्ट में पहले चरण में लगाये गये 134364 पौधे**
- **अफसरों के साथ जनता भी उतरी हरित महाकुंभ के अभियान में**

से प्रदेश सरकार के साथ प्रदेश भर के युवा भी ग्राउंड जीरो पर उतर गए हैं। हरित महाकुंभ के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए अयोध्या, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर समेत प्रदेश भर के युवा और बच्चे चंद्रशेखर आजाद पार्क में एकत्रित हुए और महाकुंभ के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के चित्र कैनवास पर उकेरे। इसमें महाकुंभ के धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व से लेकर इसे स्वच्छ बनाने के मनमोहक चित्र बनाए गए हैं।



एसडीएम, मेला प्राधिकरण अभिनव पाठक के नेतृत्व में प्रयागराज को एक नया स्वरूप देने के लिए पेंट माई सिटी अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रदेश के तमाम कॉलेज के बच्चों के साथ प्रयागराज में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभिनव पाठक ने बताया कि ग्रीन महाकुंभ के दौरान दुनिया के इस सबसे बड़े सांस्कृतिक महा आयोजन को प्लास्टिक फ्री बनाने की मुहिम चलाई जा रही है।

रविवार से शुरू इस अभियान को हर वीकएंड पर चलाए जाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हरित महाकुंभ का यह अभियान घर-घर पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में युवा आगे आ रहे हैं।इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय युवा, बच्चे और वृद्ध भी शामिल हुए। हरे भरे पर्यावरण का संदेश देने के लिए प्रदेश भर से आए बच्चों ने प्रकृति संबंधी चित्र बनाए, जो महाकुंभ के दौरान आने वाले देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करेंगे।

योगी सरकार की पहल पर प्रयागराज का स्वरूप तेजी से बदलने लगा है। यूनिवर्सिटी और विभिन्न कॉलेजों से पहुंचे छात्रों ने महाकुंभ के दौरान आने वाले लोगों के स्वागत की रूपरेखा तैयार की है। यही नहीं, हरित महाकुंभ के उद्देश्य के तहत गंगा नदी की बेल्ट में पहले चरण में 1,34,364 पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा अभी भी पौधरोपण का काम लगातार जारी है। महाकुंभ के दौरान चौतरफा हरियाली के लिए परेड में भी प्लांटेशन का काम चल रहा है।

**महाकुंभ की तैयारी के लिए कॉलेजों में चलेगा अभियान :** महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी के लिए योगी सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इसी क्रम में प्रयागराज के तमाम डिग्री कॉलेजों और विद्यालयों में वीकेंड पर सामाजिक सरोकार, वर्कशॉप के अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने की तैयारी है। ये युवा महाकुंभ को लेकर प्रदेश भर में घर घर लोगों तक दिव्य, भव्य के साथ-साथ स्वच्छ और हरित महाकुंभ की योजना साकार करेंगे।

# 10 दिसंबर तक बनकर तैयार होगा फाफामऊ में गंगा पर अस्थायी स्टील ब्रिज

**लखनऊ/ प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के लिए तैयारी पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। खास तौर पर इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों को दिसंबर माह तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में एनएचएआई ने भी प्रयागराज के फाफामऊ में गंगा नदी पर बन रहे स्टील

- **महाकुंभ 2025 से पहले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टील ब्रिज का निर्माणकार्य जोरों पर**
- **450 मीटर लंबे ब्रिज का 72 मीटर से ज्यादा हिस्सा बनकर हुआ तैयार**

ब्रिज के निर्माण को 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 450 मीटर लंबे इस ब्रिज के निर्माण में दिन रात तेज गति से कार्य गतिमान है।

**72 मीटर से ज्यादा बनकर हुआ तैयार :** एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार स्टील ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है।450 मीटर लंबे इस ब्रिज के 72 मीटर से ज्यादा का कार्य पूरा भी हो चुका है। निर्माण कार्य से संबंधित लगभग पूरी सामग्री साइट पर पहुंच चुकी है। इस अस्थाई ब्रिज के निर्माण कार्य को 10 दिसंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्थाई स्टील ब्रिज की एप्रोच रोड (4 किमी) का कार्य नवंबर 2024 में पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न फिनिशिंग कार्यों को भी 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**6 लेन ब्रिज बनाने का कार्य भी प्रगति पर :** मालूम हो कि प्रयागराज के फाफामऊ में नया छः-लेन पुल बनाने का कार्य प्रगति पर है। लेकिन महाकुंभ 2025 से पहले इस पुल का निर्माण पूरा करना संभव नहीं है। ऐसे में सरकार ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई स्टील पुल बनाने का निर्णय लिया था। कैबिनेट सचिव ने 7 अगस्त 2024 को निर्देश दिया था कि अस्थाई स्टील पुल महाकुंभ से पहले बनकर तैयार हो। चीफ ऑफ स्टाफ (उडर) ने इस पर मंजूरी दी और कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# निजी निवेश से शैक्षिक अवसरों का होगा विस्तार : योगेन्द्र उपाध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** भारत शिक्षा एक्सपो 2024 के पहले संस्करण का सोमवार को ग्रेटर नोएडा में उद्घाटन हुआ, जिसमें प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 का शुभारंभ किया गया। यह नीति राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देने के

- **भारत शिक्षा एक्सपो 2024 में उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति का शुभारंभ**
- **उच्च शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए की गयी एक ऐतिहासिक पहल**

लिए एक ऐतिहासिक पहल है।



प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह आयोजन 11 से 13 नवंबर तक चल रहा है, जिसका आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) के सहयोग से किया जा रहा है। इस एक्सपो का उद्देश्य भारत के शैक्षिक भविष्य को आकार देना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लक्ष्यों को बढ़ावा देना है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश के एक आधुनिक शिक्षा केंद्र बनने की दिशा में हो रहे परिवर्तनों का उल्लेख किया। उन्होंने प्राचीन नालंदा और तक्षशिला के शिक्षा केंद्रों का उदाहरण देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा और राज्य शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से उभर रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹भारत शिक्षा एक्सपो 2024 एनईपी के मूल सिद्धांतों को साकार करने का उत्कृष्ट प्रयास है।₹ उन्होंने इस नीति को निजी निवेश को बढ़ावा देने वाला बताया, जिससे शैक्षिक अवसरों का विस्तार होगा। उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहनों की व्यवस्था करती है, जिसमें अहम प्रोत्साहन शामिल हैं, जिसमें स्टाम्प शुल्क में छूट में निजी विश्वविद्यालयों के लिए अविकसित जिलों में 50 प्रतिशत तक छूट है। पूंजी अनुदान में परियोजना लागत का 17 प्रतिशत तक या 35 करोड़ रुपये तक की सहायता शामिल है। विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए विशेष सहायता के तहत राज्य में पहले पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क माफी और 20 प्रतिशत तक की पूंजी सब्सिडी है। इन प्रोत्साहनों का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों के लिए आकर्षक बनाना है, जिससे उच्च गुणवत्ता की नौकरियों का सृजन होगा और सतत आर्थिक विकास को बल मिलेगा। यह नीति विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जो स्वचालन के कारण रोजगार में आने वाले परिवर्तनों को संबोधित करती है। नीति का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के रोजगार बाजार के लिए तैयार करना है, जिसमें क्रिटिकल थिंकिंग और डिजाइन थिंकिंग जैसे कौशल पर जोर दिया गया है। उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 राज्य के दीर्घकालिक शैक्षिक और आर्थिक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस नीति के माध्यम से राज्य का ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (जीईआर) जो वर्तमान में 24.1 प्रतिशत है, उसे 2035 तक 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके अलावा, सरकार ₹वन डिस्ट्रिक्ट, वन यूनिवर्सिटी₹ पहल के माध्यम से हर जिले में एक विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है, ताकि राज्य के हर क्षेत्र में शिक्षा की समानता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार धीरेन्द्र पाल सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ प्रेरणा सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव शिपू गिरी, नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन के परियोजना निदेशक रोहित गुप्ता और इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार उपस्थित रहे।

# कासगंज के चंदन हत्याकांड में आज भी होगी सुनवाई

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** 2018 में कासगंज में एक तिरंगा यात्रा के दौरान हुए चंदन हत्याकांड मामले में सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई पूरी ना हो पाने के कारण मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी। उल्लेखनीय है कि मामले के ट्रायल के अंतिम सुनवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगायी हुई है।

अभियुक्त नसीम जावेद की ओर

- **हाईकोर्ट ने ट्रायल के अंतिम सुनवाई पर लगाई हुई है रोक**

से दलील है कि एनआईए एक्ट की धारा 6 के तहत केंद्र सरकार से मामले की विवेचना के लिए अनुमति नहीं ली गई है। यह भी दलील दी गई कि राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा 124 ए के तहत आरोप तय किए जाने पर शीर्ष अदालत एसजी वोम्बटकेरे मामले में दिए अपने फैसले के तहत रोक लगा चुकी है, साथ ही उक्त फैसले में यह भी कहा गया है कि जिन मामलों में 124 ए के तहत आरोप तय कर दिए गए हैं, उन पर भी रोक रहेगी। कहा गया कि बावजूद इस फैसले के वर्तमान मामले में 124 ए के तहत भी ट्रायल चल रहा है तथा अंतिम सुनवाई होने जा रही है। यह भी दलील दी कि स्वयं राज्य सरकार की अधिसूचना के तहत एनआईए एक्ट के तहत तीसरी सबसे वरिष्ठ अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष ही मुकदमा चलाया जा सकता है, जबकि वर्तमान ट्रायल जिस अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष चलाया जा रहा है





वह वरिष्ठता क्रमांक में छठे नंबर पर हैं।

सोमवार को हुई बहस के दौरान राज्य सरकार व वादी की ओर से अभियुक्त की याचिका का पुरजोर विरोध किया गया। राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता डॉ. वीके सिंह ने मुख्य रूप से दलील दी गई कि मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के पूर्व ही 124 ए के तहत आरोप तय कर दिया गया था, वर्तमान में मामले में 124 ए के संबंध में ट्रायल चल रहा है अथवा नहीं, इस बात को ट्रायल कोर्ट से स्पष्ट कराए बगैर अभियुक्त ने वर्तमान याचिका दाखिल की है। यह भी दलील दी गई कि मामले में 30 महीने से एनआईए कोर्ट में ट्रायल चल रहा है, लेकिन अभियुक्त ने वर्तमान याचिका तब दाखिल की है जबकि ट्रायल पूरा हो चुका है व अंतिम बहस की जानी है। यह भी कहा गया कि ट्रायल के दौरान अभियुक्त की ओर से सभी अभियोजन साक्षियों से जिरह की गई परंतु कोई आपत्ति तब नहीं उठाई गई। साथ ही अभियुक्त द्वारा पूर्व में भी एक याचिका दाखिल करने की जानकारी न्यायालय को दी गई। वहीं वादी के अधिवक्ता सुभाष बिसारिया ने न्यायालय को बताया कि वादी की याचिका पर ही वर्तमान मामला कासगंज से स्थानांतरित किया गया था, ऐसे में यदि अभियुक्त को मुकदमे के स्थानांतरण से यदि कोई हानि हो रही है तो वह उक्त स्थानांतरण को चुनौती दे सकता है लिहाजा उसकी वर्तमान याचिका पोषणीय नहीं है।

# डीएपी खाद न मिलने से परेशान किसान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि जब किसानों की लंबी-लंबी लाइन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मोहनलालगंज तहसील में देखने को

- **लोकदल प्रमुख ने किया तंज, जिले में बैठे जिम्मेदार अफसर सिर्फ कागजी घोड़ा दौड़ा कर सरकार की आंखों में धूल झोंक रहे**

मिल रही है तो सोचिए पूरे प्रदेश में क्या स्थिति होगी।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में डीएपी खाद की कालाबाजारी अफसरों के साथ मिलकर सक्रिय है। सरकार किसानों के समस्या को गंभीरता से नहीं देखती है। किसानों को जब जरूरत होती है, तब तो खाद मिलती नहीं है। बाद में गोदामों में खराब हो जाती है। वर्तमान में खाद न मिलने से किसान अपनी फसल की बुआई नहीं कर पा रहा है।

शासन ने यह निर्देश दिया है कि किसानों को खाद की कोई कमी न हो, लेकिन जिले में बैठे जिम्मेदार सिर्फ कागजी घोड़ा दौड़ा कर सरकार की आंखों में धूल झोंक रहते हैं। खाद के लिए प्रदेश में हाहाकार मचा है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। लाचार किसान पूछ रहा है कि आखिर कबतक ये डीएपी रुलाएगी। इस किल्लत से आलू के बेल्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश (अलीगढ़, हाथरस, मेरठ) के जिले सबसे ज्यादा प्रभावित है। आधा समय फसल का निकल चुका है। सुनील सिंह ने आरोप लगाया है कि सरकार के पास पर्याप्त खाद है, लेकिन किसानों को देना नहीं चाहते हैं, ताकि व्यापारियों के साथ हाथ मिलाकर ब्लैक में खाद को बेचा जा सके।

**छात्रों पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीय कृत्य : सुनील सिंह :** लोकदल प्रमुख चौधरी सुनील सिंह ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार बेरोजगारों को रोजगार देना नहीं चाहती। बेरोजगारों के ऊपर हुए लाठीचार्ज का लोकदल विरोध करते हुए बीजेपी सरकार की लोकदल ने आलोचना की है। लोक सेवा आयोग में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन सही है। भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों, दलित वंचितों अन्य वर्गों को सरकारी नौकरी को उनके पहुंच से दूर करने का प्रयास कर रही है लोकदल की मांग छात्रों के साथ है उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग छात्रों की मांग पर परीक्षा को एक दिन में कराए नॉर्मलाइजेशन को समाप्त करने की मांग गलत नहीं है। जल्द से जल्द यह परीक्षा कराकर छात्र विरोधी भाजपा सरकार बेरोजगारों को रोजगार दें।

# भाजपा पीडीए से घबराई है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को कुन्दरकी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रिजवान के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने हाजी

- **सपा प्रमुख ने कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनावी जनसभा**

रिजवान को भारी मतों से चुनाव जिताने की अपील की।



उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए से घबराई हैं। भाजपा के लोग बहुत ही नकारात्मक राजनीति करते हैं। इनकी राजनीति सकारात्मक नहीं है। ये पॉजिटिव और सौहार्द की राजनीति नहीं करते हैं। भाजपा की सोच नकारात्मक है, इसलिए नकारात्मक राजनीति करते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पीडीए से नफरत करते हैं। पिछड़ो, दलितों, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाइयों, माताओं-बहनो से नफरत करते है। मुख्यमंत्री पीडीए का सही अर्थ नही जानते है। आज पीडीए की ताकत ने उनके पेट में दर्द ला दिया है। जब से सपा का पीडीए चला है। मुख्यमंत्री के पेट में दर्द हो रहा है। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन और पीडीए ने भाजपा को चारों खाने चित्त कर दिया है। जनता ने इंडिया गठबंधन और पीडीए की रणनीति का समर्थन किया। इंडिया गठबंधन और पीडीए की एकजुटता ने भाजपा को हरा दिया। लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम आया। अगर प्रशासन ने बेईमानी न की होती तो सपा की संख्या और बढ़ जाती। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने सपा के पक्ष में ऐसा समर्थन किया है कि पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंग्रेजी नहीं जानते है। अंग्रेजी नहीं बोल पाते है। अभी एक जनसभा में उन्होंने पीडीए का फुल फॉर्म निकाला है उसमें पता नहीं क्या-क्या बोल गये है।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव में सावधान रहना है पीडीए की रणनीति पार्टी को जिताएगी। हम जुड़ेंगे तो जीतेगे इसीलिए मुख्यमंत्री घबराए हुए है और पीडीए के बारे में अनाप शनाप बोल रहे है। ये वही लोग है जिन्होंने हमारे जाने के बाद मंदिर धुलवाया था। हमारे हटने के बाद मुख्यमंत्री आवास धुलवाया था। ये लोग हजारों साल से पीडीए को अपमानित कर रहे है। एक बार साजिश और षडयंत्र करके यह सब सत्ता में बने रहना चाहते है।

## अखिलेश ने की छात्र-छात्राओं पर लाठी चार्ज की निंदा

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं और छात्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद में यूपी पीसीएस में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने जब मांग बुलंद की भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। भाजपा की नीयत युवाओं को नौकरी देने की नही है। नौकरी, रोजगार भाजपा के एजेंडे में नहीं है। भाजपा ने नौजवानों में धोखा दिया है। भाजपा की नीतियां नौजवान विरोधी है। समाजवादी पार्टी युवाओं के साथ है। छात्र- युवाओं की मांग का समर्थन करती है। प्रयागराज यूपीपीसीएस और आरओ की परीक्षा को एक ही पाली में कराने की मांग को लेकर छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। योगी सरकार में छात्र-नौजवानों के लोकतांत्रिक अधिकारों को भी छीना जा रहा है।

# देवभूमि के साथ ही खेल प्रतिभाओं की भूमि के नाम से पहचाना जायेगा उत्तराखण्ड : धामी

**हरिद्वार (उत्तराखंड)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 1378 लाख की 3 योजनाओं का लोकार्पण किया।

लोकार्पण की गई योजनाओं में 905 लाख रुपए की लागत से पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम का विकास एवं विस्तार कार्य, 143 लाख रुपए की लागत से डाम कोठी पुल का विद्युत फसाड सौन्दर्यकरण कार्य,

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1378 लाख की तीन योजनाओं का किया लोकार्पण**

330 लाख रुपए की लागत से चण्डी देवी पुल के विद्युत फसाड सौन्दर्यकरण का कार्य शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवाओं में खेलों के प्रति एक नया विश्वास जागृत होगा और वो दिन दूर नहीं जब उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ हीहृहृखेल प्रतिभाओं की भूमिहृहृ के नाम से भी पहचाना जाएगा। हमारा देश और प्रदेश दोनों युवा हैं, युवा शक्ति की महत्वाकांक्षाएं भी युवा है। युवाओं के सपनों को पंख देना हमारी पहली प्राथमिकता हैं, हर नीति हमारा हर निर्णय युवाओं को केंद्र में रख कर लिया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में धर्म नगरी को खेल के क्षेत्र में इतनी बड़ी सौगात आज हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने दी हैं और अधिकारियों व युवा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण स्टेडियम एक वर्ष में बनकर खिलाड़ियों के लिए तैयार हो पाया हैं, जिससे हरिद्वार और उत्तराखण्ड के युवाओं को पूरा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विकास का महायज्ञ चल रहा हैं, यज्ञ को पूर्ण करने में हम सभी को अपने समय और अपने परिश्रम की आहुति प्रदान करनी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगर अच्छी नियत और कठोर परिश्रम से कार्य करती है तो उसके परिणाम भी सकारात्मक रूप से अच्छे आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मार्गदर्शन में चल रही है हमारी सरकार ने युवाओं की निराशा को खत्म कर उन्हें नई आशा प्रदान की हैं। हरिद्वार में इतना शानदार क्रिकेट स्टेडियम युवाओं के लिए बनकर तैयार हुआ है हम युवाओं के विकास के लिए उनकी प्रतिभा निखारने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। क्रिकेट स्टेडियम के शुभारंभ के बाद हरिद्वार और अधिक चमकने वाला हैं।



## ईकोलॉजी और इकोनॉमी संतुलन पर जोर दे रही है उत्तराखंड सरकार

**देहरादून** ।उत्तराखंड सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में नगर निकायों द्वारा कूड़े से बिजली पैदा की जा रही है। इसके लिए वेस्ट टु एनर्जी पालिसी भी तैयार की गई है। राज्य सरकार हर हाल में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है ।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उक्त बात रुद्रपुर व मसूरी नगर निकायों द्वारा पीपीपी मोड पर कूड़े से बिजली उत्पादन किए जाने के संदर्भ में कही। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में शहरों में कूड़ा प्रबंधन अपने आप में एक चुनौती पूर्ण कार्य है। बढ़ते आबादी से शहरों में कूड़ा उत्पादन दिनों - दिन बढ़ रहा है, इस कारण नगर निकायों के सामने, स्वच्छता से

- **उत्तराखंड के रुद्रपुर व मसूरी नगर निकायों में पीपीपी मोड पर कूड़े से बिजली उत्पादन हुआ प्रारंभ**

लेकर पर्यावरण प्रदूषण की भी चुनौती पेश आ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभागों को इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए, विकास की योजना बनाने को कहा है। इसी क्रम में शहरी विकास विभाग के अधीन रुद्रपुर नगर निगम और मसूरी नगर पालिका ने वेस्ट टू एनर्जी पॉलिसी के तहत कूड़े के ढेर से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। रुद्रपुर नगर निगम ने तो इसके जरिए वर्षों पुराने कूड़े के ढेर का भी निस्तारण कर दिया है। 40 वार्ड वाले रुद्रपुर नगर निगम से प्रतिदिन 105 से 118 मीट्रिक टन कूड़ा पैदा होता है। पहले बड़ी संख्या में कूड़ा डम्पिंग साइट पर बिना निस्तारण के ही लंबे समय तक पड़ा रहता था। इसके लिए नगर निगम ने नवंबर 2022 में पीपीपी मॉडल के तहत वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पर काम प्रारंभ किया। जो अब बिजली के साथ ही जैविक खाद भी उत्पादन करने लगा है। इस प्लांट की क्षमता 50 टन प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण की है, वर्तमान में यह प्लांट अभी 30 टन कूड़ा प्रतिदिन इस्तेमाल कर पा रहा है। जिससे अभी रोजाना छह किलोवॉट बिजली के साथ ही कल्याणी नाम से जैविक खाद भी बन रही है।

# साइबर हमलों से सुरक्षित बनाये रखना अति आवश्यक : मनोज कुमार सिंह

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में हमारी व्यक्तिगत, संस्थागत और वित्तीय जानकारियां ऑनलाइन होती हैं, जिन्हें साइबर हमलों से सुरक्षित बनाये रखना अति आवश्यक है।

मुख्य सचिव सोमवार को योजना भवन में राज्य सरकार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, एनईजीडी के आपसी समन्वय में आयोजित 'स्टेट लीडरशिप वर्कशाप ऑन साइबर सिक्योरिटी' में बतौर मुख्य अतिथि भाग ले रहे थे। कार्यशाला में साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा बढ़ाने में एआई और डिजिटल संभावित खतरों के बारे में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रमुख साइबर विशेषज्ञों और सुरक्षा अधिकारियों द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर व्यावहारिक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के बेसिक प्रोटोकॉल्स, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और डेटा एन्क्रिप्शन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। साइबर सुरक्षा के लिए रोकथाम के उपाय एवं किसी साइबर हमले की दशा में सूचना साझा करने की प्रक्रिया बताई की गयी। उपस्थित प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे उपयोगी बताया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को साइबर सिक्योरिटी पर और अधिक जागरूक किया जाना है, ताकि वह अपने यहां स्थापित आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए उचित कार्यवाही करें एवं साइबर थ्रेट्स की संभावनाओं को कम करते हुए अपने यहां साइबर रिज़िल्यन्स इकोसिस्टम को सृजित करें।

# मोबाइल टावरों से टैक्स लेगा नगर निगम



विशेष संवाददाता (vol)

- होटल दयाल गेटवे व हिल्टल के गृहकर निर्धारण की होगी जांच
- महापौर ने बगैर रजिस्ट्रेशन वाले वेंडर्स को हटाए जाने के दिये निर्देश
- सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध प्रचार सामग्री हटवा कर होगी विधिक कार्यवाही

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को जोन-4 में संपत्ति कर, अतिक्रमण समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने महापौर ने अवैध होडिंगों को हटाये जाने तथा मोबाईल टावरों से कर वसूली किये जाने के निर्देश दिए। होटल दयाल गेटवे व हिल्टल के गृहकर निर्धारण कम होने की शिकायत मिलने पर महापौर ने दोनों संपत्तियों के गृह कर निर्धारण की पुनः जांच के निर्देश दिए हैं। कहा सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालो के विरूद्ध डिफेसमेन्ट अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाए। उन्होंने अफसरों से जानकारी मांगी कि जोन-4 के अन्तर्गत साप्ताहिक बाजार कहां-कहां लगाये जाते है तथा कितनो का लाईसेंस जारी किया गया है। महापौर ने वेन्डिंग जोन में बिना रजिस्ट्रेशन के दुकानों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही फ्लाईओवर आदि के नीचे अवैध अतिक्रमण हटाकर वेंडिंग जोन, गेमिंग जोन, पार्किंग जोन तथा सौंदर्यीकरण, पेंटिंग आदि का कार्य कराए जाने निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त महापौर ने निर्देश दिए कि वार्डों में रोस्टर बनाते हुए फॉगिंग की की कार्रवाई की जाए। समस्त मार्गों में खराब स्ट्रीट लाईटों को ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। नगर अभियन्ता जोन-4 को रोड रजिस्टर डिजिटल करने के तथा सड़कों को गडढामुक्त करने के निर्देश दिए। महापौर ने अवैध होडिंगों को हटाये जाने तथा मोबाईल टावरों से कर वसूली किये जाने के निर्देश दिये हैं। सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालो के विरूद्ध डिफेसमेन्ट अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बैठक में पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, महेश वर्मा, मुख्य अभियन्ता (सिविल), अशोक सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, संजय यादव, जोनल अधिकारी, अतुल मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, पंकज शुक्ला, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य अभियन्ता (आरआर), अवर अभियन्ता, जलकल अवर अभियन्ता, मार्ग प्रकाश एवं समस्त पदाधिकारी जोन-4 उपस्थित थे।

## निकायों को छह साल में गृहकर व जलकर का देना होगा ब्यौरा

लखनऊ। प्रदेश के निकायों को वसूले जाने वाले गृहकर, जलकर व सीवरकर वसूली का हर माह ब्यौरा देना होगा। उन्हें बताना होगा कि पिछले छह सालों में उनके यहां कितनी वसूली हुई है। इसमें किसी तरह की लापरवाही होने पर संबंधित निकायों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निकाय अधिनियम के अनुसार शहरों में मकान बनाकर रहने वालों से गृहकर, जलकर व सीवरकर देना होता है। निकायों को इसके लिए सालाना वसूली का लक्ष्य भी दिया जाता है। इसके बाद भी निकायों की ओर से शत प्रतिशत वसूली नहीं की जाती है। वसूली कम होने की जानकारी नहीं दी जाती है। कई निकायों में टैक्स वसूली में घोटाले की जानकारी आती रहती है। नगर विकास विभाग ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह पोर्टल बनाकर निकायों से टैक्स वसूली का ब्यौरा ऑनलाइन कराए। इसके आधार पर यह पता लगाया जाए कि शहरों में बने मकान और प्रतिष्ठान के हिसाब से टैक्स की वसूली हो पा रही है या नहीं। वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड ने इसके आधार पर निकायों को पत्र भेजते हुए स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। निकायों से हर माह मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर टैक्स वसूली की नए सिरे से रणनीति तो तय की जाएगी, साथ में निकायों में गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वसूलेंगी वाटर टैक्स

**लखनऊ।** जलकल विभाग ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के लिए एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत जोन-4 के अंतर्गत आने वाले वार्डों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जलकल विभाग में लगाया जाएगा। इस जोन के राजीव गांधी वार्ड प्रथम, राजीव गांधी वार्ड द्वितीय, रफी अहमद किदवई वार्ड, चिनहट द्वितीय वार्ड और पेपर मिल कॉलोनी में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं लगाई जाएंगी।. जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप ने सोमवार को जोन में बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की 15 महिलाओं और जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ चर्चा की। बताया कि इस पहल से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी की उम्मीद है। यह पहल जलकल विभाग की ओर से आयोजित की गई है। जलकल विभाग के कमेटी कक्ष में बैठक आयोजित हुई जिसमे मुख्य रूप से महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव के साथ साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बस स्टेशन के पास निजी बसें नही खड़ी हो

**लखनऊ।** स्टेशन पर प्राइवेट बस का संचालन हुआ तो डिपो में कार्यरत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जायेगा। प्राइवेट गाड़िया बस स्टेशन के आस-पास खड़ी होती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जायेगा। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने बस स्टेशन से कम से कम एक किलोमीटर परिधि के अन्दर कोई भी प्राइवेट बस खड़ी नहीं होनी चाहिए। इसके खिलाफ विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि बस स्टेशनों पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित करें। यात्रियों के बैठने, स्वच्छ पेयजल, बस स्टेशनों पर साफ-सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था तथा महिला एवं पुरूष शौचालयों के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं शौचालय क्रियाशील रहें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी किसी समय बस स्टेशनों का औचक निरीक्षण करेंगे और कमी पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बस स्टेशनों पर सोलर लाइट की व्यवस्था की जाये, जिससे लाइट जाने पर यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

## 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन में निजी कम्पनियों की हिस्सेदारी बढ़ी

**लखनऊ।** देश में विद्युत उत्पादन की क्षेत्रवार जो अखिल भारतीय कुल स्थापित क्षमता है वह वर्तमान में 428299 मेगावाट है वही उसमें केंद्रीय सेक्टर की 102274 मेगावाट शामिल है और राज्य सेक्टर की 106332 मेगावाट स्थापित क्षमता शामिल है लेकिन वहीं निजी क्षेत्र में पूरे देश में 219691 मेगावाट की उत्पादन क्षमता शामिल है ऐसे में यह कहना उचित होगा कि निजी क्षेत्र वर्तमान में पूरे देश में कुल स्थापित क्षमता का लगभग 51 प्रतिसत हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि पूरे देश में वर्तमान में निजी क्षेत्र उत्पादन के क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया है ऐसे में वह दिन दूर नहीं जब निजी क्षेत्र महंगी बिजली बेच करके ना चाह कर भी बिजली दरों में बढोतरी कराएगा इसलिए अभी भी समय है केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। और ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक क्षेत्र में उत्पादन इकाइयों को लगाने का काम शुरू करना चाहिए। अखिल भारतीय कुल स्थापित क्षमता 428299 मेगावाट है उसमें केंद्रीय सेक्टर 102274 मेगावाट राज्य सेक्टर 106332 मेगावाट वहीं निजी क्षेत्र में पूरे देश में 219691 मेगावाट की उत्पादन क्षमता शामिल वर्तमान में पूरे देश में कुल स्थापित क्षमता का निजी क्षेत्र लगभग 51प्रतिसत है।

# मातृभाषा का अध्ययन और अध्यापन जरूरी : डॉ.दिलीप अग्निहोत्री



विशेष संवाददाता (vol)।

- खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज और लुआक्टा के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न
- प्रो. निशी पांडेय ने कहा, एनईपी छात्र केंद्रित नीति

**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज और लुआक्टा के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसका शीर्षक उच्च शिक्षा का पुनर्परिभाषित करणः संक्रमण के दौर में अवसर और चुनौतियां रहा। इस संगोष्ठी के उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त प्रो. दिलीप अग्निहोत्री, मुख्य वक्ता महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षकों के अखिल भारतीय महासंघ के महामंत्री प्रो. अरुण कुमार, संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. निशी पांडे और लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडेय उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में लुआक्टा अध्यक्ष एवं सेमिनार के संरक्षक प्रो. मनोज पांडे ने सेमिनार में एनईपी 2020 को लागू करने में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। एडेड कॉलेज के समक्ष एनईपी के कारण आने वाली समस्याओं पर उनका विशेष ध्यान आकर्षण था, उनका कहना था आज भी जीडीपी का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है। आज के दौर में यह शिक्षा के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं है। इसको बढ़ा करके जीडीपी का 10 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय होना चाहिए तभी अधिकांश महाविद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर, लाइब्रेरी तकनीकी आवश्यक्ताओं को बढ़ाया जा सकता है। मुख्य अतिथि प्रो. दिलीप अग्निहोत्री ने शिक्षा व्यवस्था में आये इस संक्रमण के दौर पर अपने विचार व्यक्त किये, उनका कहना था कि सदियों से चल रही व्यवस्था और अंग्रेजों के द्वारा दी गयी गुलामी की मानसिकता के कारण ही नई व्यवस्था में संक्रमण आया है और इस तरीके के शैक्षिक सेमिनार ही लोगों को शिक्षा के प्रति एक नया दृष्टिकोण दे सकते हैं और इस संक्रमण के दौर से बाहर निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें आगे बढ़ने के लिए और अपनी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए अपने मातृभाषा के अध्ययन अध्यापन पर जोर देना होगा। दुनिया के जितने भी विकसित देश है चीन, जापान सबने अपनी मातृभाषा में ही अपना विकास किया है। नई शिक्षा नीति हम सबको में एक नया स्वाभिमान भरेगी और वह आज के परिवेश के अनुकूल है।

मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार ने बहुत ही सरल शब्दों में एनईपी की चुनौतियों को हमारे समक्ष रखा और स्पष्ट किया कि किस प्रकार से सरकारें एनईपी के माध्यम से उच्च शिक्षा के समक्ष नई-नई चुनौतियों को रख रही है और उच्च शिक्षा व्यवस्था को संकट में डाल रही है इस शिक्षा नीति ने पुरानी शिक्षा नीतियों से सबक नहीं लिया है और यह भारतीय व्यवस्था के अनुकूल नहीं है इसलिए हम सभी उच्च शिक्षा से जुड़े हुए लोगों को एकजुट होकर उच्च शिक्षा में आने वाली चुनौतियों का सामना करना ही होगा।

सेमिनार की चेयर पर्सन प्रो. निशी पांडे ने अपने वक्तव्य की शुरूवात इस कथन 'जब शिक्षक कुछ सीखता है तो देश तरक्की करता है' से की। उच्च शिक्षा में रोजगार परक शिक्षा पर जोर देने की बात की। उन्होंने एनईपी पर बात रखते हुए कहा कि यह नीति छात्र केंद्रित है जो छात्रों में खोज, चर्चा और विश्लेषण पर जोर देती है। सभी का स्वागत संगोष्ठी की संयोजिका डॉ शगुन रोहतगी एवं धन्यवाद ज्ञापन, प्रो अंशु केडिया ने किया। सेमिनार का दूसरा सत्र शुरू किया गया जिसमें समांतर रूप से दो सत्र चलाये गये, जिसमें 18 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र सम्मान शुभम पांडेय, शोध छात्र जेएनयू को दिया गया एवं प्रो. माधुरी यादव को महाविद्यालय एवं लुआक्टा में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

## निबंध प्रतियोगिता में रवी कुमार को प्रथम



**लखनऊ।** बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के तत्वावधान में वैल्यू ऐडेड कोर्सों को बढ़ावा देने के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का मुख्य शीर्षक था कीटनाशक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्रतियोगिता में रवी कुमार को प्रथम, वैशाली राजपूत को द्वितीय और रितांसु वर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रो. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में 27 बच्चों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताये कराई जाती हैं।

## अयोध्या जाने वाले बस यात्रियों को मिले विशेष सुविधा

**लखनऊ।** राम मन्दिर अयोध्या जाने के लिए अवध डिपो से पांच मिनट में बस मिलेगी। अयोध्या संचालन से संबन्धित बसों की हर समय उपलब्धता रहे, अयोध्या के लिए संचालित होने वाली बसें समय-सारणी के अनुसार संचालित हों, श्रद्धालुओं के लिए यात्रा के दौरान बसों में भजन एवं राम धुन बजती रहनी चाहिए, ढाबों पर बसों में राम धुन बजती रहे तथा इसका दैनिक अनुश्रवण यातायात अधीक्षक, यातायात निरीक्षक एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक द्वारा किया जाये। बस स्टेशनों पर शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये, बस स्टेशनों पर स्थापित कैंटीन्स, स्टाल की भी साफ-सफाई रखी जाये, बसों में चालक, परिचालक वर्दी में रहने चाहिए, क्षेत्रीय अधिकारी अपने क्षेत्र के नगर निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अलाव जलाने का प्रबन्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सेवा प्रबन्धक यह सुनिश्चित करें कि वाहन के ब्रेक डाउन होने पर तत्काल अटेन्ड किया जाये तथा इसमें किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए, क्षेत्रीय प्रबन्धक, सेवा प्रबन्धक बाहर की वाहनों को डीजल की व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, क्षेत्रीय प्रबन्धक अयोध्या को एक कन्ट्रोल रूम बनाने के लिए निर्देशित किया गया। सभी क्षेत्र अपना हेल्प डेस्क स्थापित करें, बसों की साफ-सफाई एवं रख रखाव के संबन्ध में शत-प्रतिशत सजगता बर्ती जाये। शीत ऋतु के दृष्टिगत समस्त वाहनों में शीशें लगे हों तथा कोहरे से रोकथाम के लिए बसों में फॉग लाइट एवं रिफलेक्टिव टेप लगे होने चाहिए। हर बसों में डेस्टिनेशन बोर्ड लगे होने चाहिए, सभी क्षेत्र अयोध्या क्षेत्र के निकट डीपोज से समन्वय स्थापित कर बसों की रख-रखाव एवं सफाई-धुलाई के प्रबन्धन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, क्षेत्रीय प्रबन्धक अयोध्या क्षेत्र अयोध्या आने वाली बसों की पार्किंग के प्रबन्धन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# चौक में पानी न मिलने पर लोगों ने जलकल जीएम का घेराव, प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** चौक काली बाजार वार्ड में महीनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है। पानी न मिलने से पीड़ित लोगों ने सोमवार को जलकल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने पानी का बर्तन लेकर प्रदर्शन किया। छह महीने में बोरिंग का कार्य पूरा न होने, सीवर लाइन डालने के दौरान धंसी गली की मरम्मत न करने और पाइप लाइन की लीकेज को सही न करवाने पर नाराजगी जताई। समस्याओं को दूर करने के लिए महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। चौक काली बाजार वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में वार्ड के खेत गली निवासी रिद्धि किशोर गौड़ ,आशीष अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल, अवधेश शुक्ला ,पशुपति तिवारी ,उमेश धनुक,रमेश चंद्र, ऋषि आदि सोमवार को जलकल महाप्रबंधक के कार्यालय पर पहुंचे। यहां पर पेयजल आदि समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद ने बताया कि चौक काली बाजार वार्ड के अंतर्गत कई स्थानों पर पेयजल की समस्या महीनों से बनी हुई है।

इसे दूर करने के लिए छह महीना पहले खेत गली में बोरिंग का काम शुरू किया गया था, जो कि आज तक पूरा नहीं हुआ है। पाइप लाइन जगह-जगह से लीकेज है, जिसके कारण घरों में पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है। पेयजल के लिए लोग भटक रहे हैं। पार्षद अनुराग मिश्रा ने बताया कि वार्ड के खेत गली, माली खां सराय व चौक रोड क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर पहले भी पत्राचार कर चुके हैं। कार्यकारिणी की बैठक में भी मुद्दा उठा चुके हैं। उनके सहयोगी पार्षद मनीष रस्तोगी भी इस मुदे को लेकर चौपटिया खेत गली फाटक पर धरना दे चुके हैं।

## अयोध्या में भास्कर भवन का 2.95 करोड़ से होगा जीर्णोद्धार

**लखनऊ।** राम नगरी अयोध्या स्थित भास्कर भवन का 2.95 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 2 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इससे आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगीं। इस बात की जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। मौजूदा वर्ष 2024 में जनवरी से जून के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 33 करोड़ पर्यटक आए, जिनमें से लगभग 11 करोड़ पर्यटकों ने अयोध्या का दौरा किया। इसी को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग अयोध्या में पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भास्कर भवन का विशेष महत्व है।

## बसन्तकुंज समेत विभिन्न योजनाओं में ई नीलामी से मिलेंगे 300 भूखण्ड

- 11 दिसंबर से तक होंगे ऑनलाइन पंजीकरण, 16 दिसंबर को ई-ऑक्शन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एक बार फिर अपनी व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों की ई नीलामी के लिए पंजीकरण शुरू किए हैं। विभिन्न व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को ई-नीलामी में बोली लगाकर लिया जा सकता है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर 11 नवंबर से ई-ऑक्शन पोर्टल खोल दिया गया है। इस बार का ई-ऑक्शन काफी खास होगा। इसमें 60-60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के आवासीय भूखण्डों एवं फ्लैटों के अलावा विभिन्न योजनाओं में स्थित ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, मैरिज हॉल, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन व मिश्रित भू-उपयोग आदि के 300 से अधिक भूखण्ड उपलब्ध होंगे। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने पिछले ई-ऑक्शन में लगभग 515 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बेची है। अब उपाध्यक्ष के निर्देश पर एक बार फिर ई-ऑक्शन पोर्टल खोल दिया गया है। 16 दिसंबर को पंजीकृत आवेदकों के मध्य ई-ऑक्शन किया जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एच में नियोजित किये गये 60-60 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्ड भी इस ई-ऑक्शन में लगाये गये हैं। जिसकी आरक्षित दर 32955 रुपये प्रति वर्गमीटर है। इसके अलावा गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड व ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य योजनाओं शामिल हैं।

## नगर निगम ने 17 करोड़ की जमीन खाली करायी

**लखनऊ।** नगर निगम के संपत्ति विभाग ने सोमवार को अवैध कब्जे से 0.461 हेक्टेयर जमीन मुक्त करायी। इस जमीन की मौजूदा कीमत 17 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि पीरनगर में खसरा संख्या-35 पर क्षेत्रफल 0.461 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में खलिहान के रूप में दर्ज है। इस पर कुछ लोगों ने चहारदीवारी बना कर कब्जा किया हुआ था। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश के बाद प्रभारी अधिकारी संपत्ति संजय यादव और तहसीलदार अरविंद कुमार पांडेय के आदेश पर नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम लेखपाल सैफुल हक, अनुपम मिश्रा, अजीत तिवारी व अरुण गौतम की टीम ने मौके पर जाकर उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई दीवार को तुड़वा दिया। भूमि को नगर निगम के कब्जे में ले लिया। इस दौरान क्षेत्रीय पुलिस बल भी मौजूद रही। अपर नगर आयुक्त के अनुसार खाली कराई जमीन की कीमत लगभग 16 करोड़ 95 लाख रुपये है।

## ठेकेदारों ने मांगों को लेकर सीएम को लिखा पत्र



**लखनऊ।** डिपोजिट में पड़े हुए धनराशि और अन्य मदो में लैप्स पैसा का ठेकेदारो को तत्काल भुगतान कराया जाय, शेडयूल रेट 4 व 5 साल में रिवाइज किया जाता है जिसके कारण कम दरों पर निविदा का आमन्त्रण होता है। शेडयूल रेट 4-5 साल में रिवाइज किया जाता है जिसके कारण कम दरों पर निविदा का आमन्त्रण होता है। इसे प्रत्येक 6 माह के शासनादेश के तहत दरें बढ़ाई जायें। उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा लोकनिर्माण में हर दिन नये शासनादेशों को सृजित किया जा रहा है, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश का ठेकेदार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहा है। निविदा आमन्त्रण में दो प्रतिशत की जमानत धनराशि वित्तीय हस्त पुस्तिका-5 के अनुसार ही ली जावे। जैसा कि वित्त हस्त पुस्तिका में भी उल्लेख है। ऐसी विभिन्न मांगो को लेकर सोमवार को हरदोई कन्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने लिखित पत्र डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा इस मौके पर संदीप सिंह, सुनील त्रिपाठी, बृम्हानन्द दिक्षित, सहित अन्य ठेकेदार मौजूद रहे।

# किसानों को सिंचाई की समस्या का न करना पड़े सामना : शाही




विशेष संवाददाता (vol)

- कृषि मंत्री ने की खेत तालाब योजना की समीक्षा

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक की परियोजना को भूमि संरक्षण की पं. दीनदयाल योजना, खेत तालाब योजना तथा आरएडी योजना के साथ समन्वित उपचार कर जल संचयन, मृदा संरक्षण, अजीविका संवर्द्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक कर माडल वाटरशेड में अनुकरण कर जलागम विकास किया जाए।

कृषि मंत्री सोमवार को कृषि निदेशालय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक, वर्षा जल संचयन की खेत तालाब योजना, पं. दीनदयाल किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत बीहड़ सुधार के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी योजनाओं के लक्ष्य को तेजी से भौतिक प्रगति के निर्देश दिये, जिससे किसानों को किसी प्रकार की सिंचाई समस्या का सामना न करना पड़े तथा उनके खेतों का उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाई जा सके। इस योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर की स्थापना के लिए उद्यान विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्रता से तकनीकी स्वीकृति एवं त्रिपक्षीय अनुबंध के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि खेत तालाब खोद चुके सभी लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भूमि संरक्षण अधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर की जाए।

# आधार सीडिंग से मनरेगा मजदूरों की भुगतान संबंधी समस्या खत्म

**लखनऊ।** महात्मा गांधी नरेगा के तहत लाभार्थियों को मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और लाभार्थियों द्वारा बैंक खाता संख्या बार-बार बदलने या उसके अद्यतन न होने के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) को अपनाने का निर्णय लिया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा में धांधली न की जा सके, इसके लिए श्रमिकों के जॉब कार्ड को आधार से जोड़ने का कदम उठाया था। मजदूरों का जॉब कार्ड आधार कार्ड से लिंक किया गया है। जिससे मजदूरी की धनराशि सीधे उनके खाते में पहुंच रही है। आधार लिंक होने से श्रमिक की पहचान संबंधी पूरा विवरण सत्यापित हो जाता है। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना खत्म हो जाती है। शासन ने इसके लिए सभी रोजगार सेवकए ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने तैनाती वाले गांवों में श्रमिकों के आधार लेकर लिंक कराने का कार्य पूरा कर लें। जॉब कार्ड आधार से लिंक होने के बाद मजदूरों का भुगतान सीधा उनके खाते में पहुंच रहा है। मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड को आधार के साथ लिंक करने से पारदर्शिता भी बढ़ जाती है। जमीनी स्तर पर धांधली की भी गुंजाइश नगण्य हो जाती है इससे श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान भी सीधा उनके खाते में पहुंचता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा श्रमिकों को आधार से जोड़ने का कार्य लगभग शत-प्रतिशत पूरा हो गया है। कुल श्रमिकों की संख्या 20505751 है, जिसमें से 20372217 श्रमिकों को आधार से लिंक किया जा चुका हैए जो कि 99.35 फीसदी है। वहीं सक्रिय श्रमिकों की बात करें तो अब तक सक्रिय श्रमिकों की संख्या 12939204 है एजिसमें से 12936184 श्रमिकों को आधार से लिंक किया जा चुका हैए जो कि 99.98 फीसदी है। सरकार की मंशा के अनुरूप मनरेगा श्रमिकों को तकनीकी के बेहतर इस्तेमाल से उन्हें एक पारदर्शी प्रक्रिया से जोड़ने का काम किया जा रहा है। श्रमिकों को उनकी मेहनत का पैसा सीधे उनके खाते में जा सकेए इसलिए उन्हें आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से जोड़ा गया है। इससे मजदूरों को भुगतान के लिये इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता और उनका पैसा सीधे उनके खाते में पहुंच जाता है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में श्रमिकों का शोषण न हो सके उनके भुगतान में पादर्शिता रहे इस उद्देश्य से सक्रिय सदस्यों के जॉब कार्ड को उनके आधार से लिंक करने का काम किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों को मिल रहा है। मजदूरी का लाभांश आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से उनके खाते में पहुंच रहा है।

## 12 लाख की जालसाजी

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर एक यादव टोला निवासी एक व्यक्ति से मोबाइल टावर लगाने के नाम पर जालसाजी ने 12 लाख रूपया हड़प लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। नकहा नंबर एक यादव टोला निवासी चन्द्र शेषर यादव पुत्र सत्य नरायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तिवारीपुर थाना क्षेत्र के पिपरापुर जफर कालोनी निवासी गुलाम अशरफ ने उसे बताया कि उसका भाई नूर मोहम्मद एयरटेल में बड़ा अधिकारी है।

### सूचना

मेरे हाई स्कूल का अनुक्रमांक- 21192871 सन 2021, व इण्टर मिडिएट का अनुक्रमांक 2236661490 सन 2023 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। **नाहिदा पुत्री अन्जुम हुसैन नि. ग्राम वारिसगंज, मजरे टाण्डा, विकास खण्ड जगदीशपुर, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक, तहसील मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी उ.प्र. पिन कोड 227813**

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र प्रियांश गुप्ता एवं उसकी पत्नी श्रीमती पूनम गुप्ता उर्फ रीना गुप्ता को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती सुमनलता गुप्ता पत्नी स्व. सुरेश कुमार गुप्ता नि.- 342/189, नौबस्ता, खाला बाजार, लखनऊ हाल पता- न्यू हैदरगंज, रोशन नगर, निकट टॉवर, राजकुमार जनरल स्टोर, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र असित कुमार को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। भगवानदीन पुत्र चौहान निवासी - 730, लखपेड़ाबाग, नजदीक बाबा गिरधारीदास कुटी, थाना नगर कोतवाली, बाराबंकी।

# बिना चिंता करायें उपचार, पैसा सरकार देगी

## जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने आये लोगों को मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आत्मीय भरोसा दिया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों के इलाज की जरूरत पड़ने पर इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम विधानसभा उपचुनाव प्रचार करने के बाद गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार पूर्वाह्न झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज मेदांता अस्पताल में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा, अस्पताल में भर्ती कराकर डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के भी कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## डीएम ने किया श्री गंगा जी मेले का उद्घाटन



मेरठ । जिला पंचायत के सौजन्य से आयोजित किये जाने वाले श्री गंगा जी मेला मखदूमपुर घाट का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी द्वारा मेले में स्थलीय भ्रमण करते हुये विभिन्न व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री जलशक्ति दिनेश खटीक, सांसद बिजनौर चंदन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, सभापति जिला सहकारी बैंक विमल शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, एसडीएम मवाना अंकित कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लालगंज में चकबंदी कोर्ट स्थापित होने को लेकर वकीलों ने जतायी खुशी, डीएम का जताया आभार



प्रतापगढ़। तहसील परिसर में चकबंदी न्यायालय स्थापित होने को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं में यहां खुशी देखी गयी। वकीलो ने पार्क मे एकत्रित होकर आम सभा में डीएम के जनहित में पारित आदेश को लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर प्रसन्नता जतायी। डीएम संजीव रंजन के आदेश के मुताबिक तहसील परिसर मे अब लालगंज द्वितीय तथा उदयपुर व रेहुआ लालगंज चकबंदी न्यायालय तहसील परिसर में संचालित होगा। आदेश में कहा गया है कि चकबंदी अधिकारी लालगंज द्वितीय एक दिन चकबंदी लालगंज प्रथम न्यायालय सांगीपुर में नजदीकी क्षेत्र से संबंधित ग्रामों के वादों की सुनवाई करेंगे। चकबंदी अधिकारी लालगंज प्रथम तहसील में स्थापित न्यायालय में न्यायिक कार्य देखेंगे। आदेश की जानकारी अधिवक्ताओं को हुई तो वह खुशी से झूम उठे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएम के प्रति जनहित के आदेश को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक का संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला व संयोजन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। वकीलों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर राम मोहन सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, हरकेश पटेल, संतोष पाण्डेय, गया प्रसाद मिश्र, दिनेश सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, सुरेश मिश्र, मस्तराम पाल, विपिन शुक्ला, शिव नारायण शुक्ल, शिवेन्द्र तिवारी, ललित गौड़, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे। बतादें अभी तक चकबंदी न्यायालय सांगीपुर में चल रहा था। सांगीपुर लालगंज से चौदह किलोमीटर दूर होने के कारण अधिवक्ता इस न्यायालय को लालगंज में संचालित कराने के लिए काफी समय से संघर्षरत थे। संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में कई बार एसओसी से हुई वार्ता के बाद इस न्यायालय लालगंज स्थापित होने को लेकर आखिरकार अधिवक्ताओं का संघर्ष रंग लाया।

## सीमित संसाधनों में जीने की कला सिखाती है स्काउट

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के सावित्री राम मुरारी पांडेय इंटर कालेज भटौरा में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण के दौरान स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं ने तीन दिन में झंडा बाधना, झंडा फहराना, स्काउट गाइड का इतिहास, स्काउट गाइड प्रशिक्षण से लाभ, रस्सी में गांठ बाधना, गेट बनना, टेंट लगाना, गैजेट, सीटी का संकेत, पाक कला, प्राथमिक चिकित्सा आदि का प्रशिक्षण दिया गया।
समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी लालजी पांडेय ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण कम संसाधन में जीवन जीने की कला सिखाता है। इस प्रशिक्षण से मिल जुल कर एक साथ किसी भी कार्य को करने की सीख मिलती है। स्काउट गाइड प्रशिक्षक राजू कुमार ने कहा कि व्यक्ति को किसी से प्रतिद्वंदिता नही प्रति स्पर्धा करनी चाहिए।

# जन जन की है यही पुकार, कोई न हो सड़क दुर्घटना का शिकार

बलरामपुर। प्रभारी निरीक्षक यातायात मय टीम द्वारा वीर विनय चौराहा, टैक्सी स्टैण्ड/ बस स्टैंड आदि स्थानों पर आम जन में पंपलेट वितरण कर यातायात नियम और संकेत को प्रति जागरूक किया गया। बलरामपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा आज बलरामपुर में 05 अलग-अलग जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं बताया कि यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए । बलरामपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान के दौरान आमजन को शराब पीकर वाहन ना चलाने के लिए प्रेरित किया गया । इस अभियान के दृष्टिगत यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक



किया गया। . दो-पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना। . कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाना।
. कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनना। . वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नही करना तथा कोई रटर नही भेजना व देखना। . हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों से पालन करने हेतु बताना । . सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहना । इस दौरान बलरामपुर यातायात पुलिस द्वारा वीर विनय चौराहे पर हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों की विरुद्ध ई चालान की कार्रवाई की गई व पार्वती इंटर कॉलेज जनपद बलरामपुर मैं सभी छात्र-छात्राओं को पंपलेट वितरण कर यातायात नियमों का संकेत के बारे में जागरूक किया गया तथा यह भी बताया गया कि अपने-अपने परिजनों को यातायात नियम नियमों को पालन करने हेतु प्रेरित करें जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उचित समय पर इलाज मिलने की समय सीमा को गोल्डन ऑवर कहते हैं । यह समय दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है । इस दौरान अगर घायल व्यक्ति को तुरंत और जरूरी इलाज मिलता है, तो उसके बचने की संभावना बढ़ जाती है, के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

इटावा। गरबा स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से मां बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे महिला की छोटी बहन घायल हो गई। घायल महिला का चार माह का बच्चा बाल बाल बच गया। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। राजकीय रेलवे पुलिस ने मां बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेलवे जंक्शन के पास गांधीनगर क्षेत्र के रेलवे ट्रैक की घटना बताई जा रही है। मृतक की मां ने दामाद पर बेटी को ट्रेन के सामने धक्का देने का आरोप लगाया है। जीआरपी पुलिस दोनों ही पहलुओं पर जांच में जुटी है। रेलवे स्टेशन जंक्शन के दिल्ली हावड़ा मार्ग पर दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही गरबा स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन के चपेट में आने से 30 वर्षीय सोनम और उसकी ढाई वर्ष की पुत्री मानसी की मौत हो गई। सोनम की 24 वर्षीय छोटी बहन लक्ष्मी भी घायल हो गई। इस हादसे में लक्ष्मी का दुधमुहां बच्चा बाल बाल बच गया। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों बहने अपने बच्चों को लेकर बाजार करने गई थी। वापस अशोकनगर शहरिया लौटते समय शाम करीब 6 बजे रेलवे ट्रैक पार करते समय सुपरफास्ट गरबा स्पेशल की चपेट में आ गई। राजकीय रेलवे थाना प्रभारी शैलेष निगम ने बताया घटना की जानकारी पर हमारी टीम ने दोनों मां बेटी के शव का पंचनामा करवा दिया गया हैं। सुबह दोनों के पोस्टमार्टम प्रक्रिया अपनाई जाएगी। मृतक महिला की मां ने अपने दामाद पर ट्रेन के सामने धक्का देकर मारने का आरोप लगाया है। उस पहलू पर भी जांच की जाएगी।

# मोना ने किया प्रियंका गांधी के लिए प्रचार



प्रतापगढ़। वायनाड में लोक सभा के उपचुनाव में प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के शामिल होने पर यहां सोमवार को कार्यकताओं के चेहरे खिले दिखे।

पिछले तीन दिनों से विधायक मोना वायनाड के विभिन्न इलाकों में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार अभियान में प्रभावी भूमिका में देखी जा रही है। वह प्रियंका गांधी के साथ जनसभाओ तथा जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर उनकी बडी जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। आराधना मिश्रा मोना के वायनाड में चुनाव प्रचार में शामिल होने की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है। वही यह जानकारी मिलने पर कार्यकताओं में क्षेत्रीय विधायक मोना के राष्ट्रीय स्तर पर सियासी पटल पर प्रभावी भूमिका को लेकर खुशी देखी गयी। कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकर्ता विधायक मोना के प्रियंका गांधी के साथ करीबीपन देख मगन दिखे। केडी मिश्र, अमित सिंह पंकज, संतोष द्विवेदी, अशोक सिंह बबलू, रघुनाथ सरोज, लालजी यादव, हगपाल यादव आदि ने क्षेत्रीय विधायक मोना के वायनाड चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका को कार्यकताओं के लिए बडी हौंसला आफजाई कहा है।

## झाड़ियों में मिला युवक का शव,हत्या की आशंका

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम टड़वा इस्माइलपुर के पास एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था मे बाइक सहित सड़क किनारे खड्ड में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की पहचान करने का प्रयास किया। करीब दो घंटे बाद युवक की पहचान ग्राम दादरपुर निवासी रवि पुत्र बृजकिशोर 27 के रूप में हुई। पुलिस मामले को एक्सीडेंट बता रही है वहीं परिवार वालों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। कानपुर के दादानगर में मातापिता के साथ ही रहता था।

बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम टड़वा स्माइलपुर के मोड़ के पास सड़क किनारे खड्ड में एक युवक के शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा मय फोर्स मौके पर पहुँचे। शव को पहचान कराने का प्रयास किया। काफी देर बाद शव की पहचान घटना स्थल के पास के ही ग्राम दादरपुर निवासी युवक रवि के रूप में हुई। शव के पास ही बाइक पड़ी मिली। जो युवक के बहनोई की थी। युवक के मातापिता कानपुर में रहते हैं।

## बुजुर्गों के संघर्षों से सीख लेनी चाहिए : मौलाना शाहिद



इटावा। प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू एंव पहले शिक्षामंत्री मौलाना आजाद की जंयतीयों के अवसर पर मौलाना आजाद सामाजिक एकता सिमति के तत्वावधान मे जश्ने नेहरू एंव मौलाना आजाद के बैनर तले कौमी एकता सम्मेलन का आयोजन पक्के तालाब चैराहे के पास स्थिति मुसाफिर खाना के हाल मे आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य व बरिष्ठ पत्रकार नयी दुनिया अखबार के चीफ एडिटर रहे मौलाना शाहिद सिद्दीकी नें कहा कि आज फिरका परस्त ताकतें हमारे बुजुर्गों के सपनों को साकार नहीं होंने देना चाहती, आज नयी पीड़ी को हमारे बुजुर्गों के संघर्षों से सीख लेनी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए बरिष्ठ अधिवक्ता राजबहादुर यादव एडवोकेट नें कहा कि मौलाना आजाद भारत के बंटवारे के प्रबल विरोधी थे। कार्यक्रम संयोजक जमील कुरैशी नें मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म अरब में मक्का शहर में हुआ था उनके पिता का नाम मोहम्मद खैरूद्दीन बिन अहमद अल हुसैनी था वह जंगे आजादी के ऐसे महान सपूत थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया और अंग्रेजों की फूट डालो राजनीति को परास्त करने में अहम भूमिका निभाई हिंदू, मुस्लिम एकता को धागे में पिरोने का कार्य किया ऐसा करते हुए वह अमर हो गए वह जंगे आजादी के ऐसे सिपाही थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की चूलें हिला दीं यह सब इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। देश का दुर्भाग्य है कि जंगे आजादी के ऐसे महान क्रांतिकारी, त्यागी, महान सपूत को देश के सत्ताधारियों ने जान बूझकर भुला दिया। कार्यक्रम के अंत मे जरूरत मंद दस महिलाओं को सिमति नें दस सिलाई मशीनें वितिरित की। पूर्व शहर अध्यक्ष सपा नफीसुलहसन अंसारी, आलोक दीक्षित, बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गौर एडवोकेट, कर्मचारी नेता रिजवान अहमद, हाजी चांद मंसूरी, असलम मंसूरी, वसीम चैधरी, कामिल कुरैशी, लाला, यासीन अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गालीगलौज मारपीट की घटना को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के लोहंगपुर निवासी शिवा गिरि पुत्र जगन्नाथ गिरि ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छः नंवबर की शाम हरबसपुर केदौरा निवासी रामसजीवन यादव के पुत्रगण अर्जुन व नकुल तथा पिण्टू पुत्र श्रीराम यादव ने उसे रंजिशन गाली देते हुए लाठी डंडे से जमकर मारापीटा। शोर सुनकर बचाव में पहुंचे पीड़ित के चचेरे भाई राजेश गिरि व पीड़ित के दोस्त संयोग पाण्डेय को जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## वकीलों के उत्पीड़न पर साथियों ने विरोध प्रदर्शन कर जताया आक्रोश, आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी




प्रतापगढ़। जिले की पटटी तहसील में अधिवक्ताओं के विरूद्ध दर्ज हुए मुकदमे तथा गाजियाबाद जिले में कोर्ट रूम में साथियों पर लाठी चार्ज से आक्रोशित रूरल बार एसोशिएसन के बैनरतले सोमवार को यहां कचहरी में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा एवं जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा की अगुवाई में वकीलो ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ घंटो नारेबाजी कर आक्रोश का प्रदर्शन किया। वही रूरल बार एसोशिएसन की हुई आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश भर में हर तरफ से वकीलों का उत्पीडन चरम पर आ पहुंचा है। इसके बावजूद सरकार के काम में एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर अभी तक जूं नही रेंग पाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि गाजियाबाद में जिला जज के स्थानांतरण और पटटी में वकीलों पर दर्ज मुकदमें की वापसी न होने पर यह आंदोलन प्रदेशव्यापी होगा। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न इसी तरह जारी रहा तो वकील आरपार की लडाई को और तेज करेंगे। संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को प्रभावी बनाने के लिए बैठक में प्रस्ताव रखा। जिसका वकीलों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। वहीं बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल के द्वारा गाजियाबाद के संघर्ष में प्रभावी भूमिका निभाने को लेकर उनकी हौसला आफजाई भी साथी अधिवक्ताओं ने किया। इस मौके पर शक्ति सिंह, सचीन्द्र सिंह, शिवम सिंह, पुष्पराज सिंह, विजयकांत मिश्र, विनय सिंह, प्रशान्त सिंह बंटी, अवधेश पाण्डेय, गौरव तिवारी, विवेक शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## क्लीनिकों को डिप्टी सीएमओ ने किया सीज

बकेवर, इटावा। स्थानीय कस्वा व ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाछाप व अवैध तरीके से चल रहे क्लीनिको को डीप्टी सीएमओ यतेन्द्र राजपूत द्वारा कार्यवाही करते हुऐ कस्बा बकेवर व ग्राम बिजौली में एक एक अस्पताल को सीज किया गया जबकि अभियान की सूचना मिलते ही झोलाछाप क्लीनिक संचालक शटर डालकर मौके से भाग निकलते। क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे झोलाछाप डाक्टर पर कार्यवाही का अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। उझियानी में एक झोलाछाप जोकि लम्बे अरसे से एक गेस्ट हाउस में सप्ताह के सोमवार को अभियान की सूचना लगते ही कथित झोलाछाप डाक्टर मौके से भाग निकला तथा दवाईओं को कमरे में बंद कर आनन फानन में मरीजों को गेस्ट हाउस से बाहर निकल कर मौके से फरार हो गया। वहीं कस्बा बकेवर की औरैया रोड पर स्थित एक झोलाछाप डाक्टर का क्लीनिक डीप्टी सीएमओ यतेन्द्र राजपूत द्वारा सीज किया गया।

## एक गिरफ्तार

मझगांवा,गोरखपुर। आबकारी टीम और गगहा पुलिस सोमवार को क्षेत्र के भटकौली ईंट भट्ठे पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान भट्ठे पर 40 लीटर कच्ची शराब पकड़ी गई। कार्यवाई के दौरान 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया। कार्यवाई के दौरान पुलिस ने एक महिला सुमती देवी पत्नी डुंबई उरांव रांची झारखंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-11.11.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर, वि0ख0 दोस्तपुर सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 12.11.2024 से दिनांक 16.11.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 16.11.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | हरीराम के घर से उत्तर शोभनाथ के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3,62,931 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- रोहनी खोजगीपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-11.11.2024

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर, वि0ख0 कूरेभार, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 12.11.2024 से दिनांक 18.11.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 18.11.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से दीपू दूबे के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 1.55 लाख रुपये। | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- लमकना दूबेपुर, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमेठी विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांकः मेमो/ निविदा सूचना प्रकाशन/ वर्ष 2024-25 दिनांक 11.11.2024

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 18.11.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बालू | प्रथम श्रेणी ईंटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्य | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुग्रीव के घर से मेवालाल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 9.29 घन मी. | 3999 नग | 18.59 घन मी. | 7448 नग | 65 बैग | 2.75 घन मी. |
| 2 | प्रदीप कुमार के घर से भारत के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 18.73 घन मी. | 6285 नग | 37.45 घन मी. | 15554 नग | 120 बैग | 4.32 घन मी. |
| 3 | टापरपुरवा डामर रोड से ज्ञानी के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 25.61 घन मी. | 10950 नग | 51.22 घन मी. | 15960 नग | 175 बैग | 7.41 घन मी. |

नियम शर्तः-
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में 12.11.2024 से 18.11.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 12.11.2024 से दिनांक 18.11.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत अमेठी के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 18.11.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

जुगुल किशोर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमेठी
विकास खण्ड धौरहरा

बंधू राम राना
ग्रा.पं.वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत अमेठी
विकास खण्ड धौरहरा

**पूर्वोत्तर रेलवे**

शुद्धि-पत्र

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य परियोजना प्रबन्धक, वाराणसी द्वारा खुली ई-निविदा सूचना सं. डीवाईसीई-जीएस-बीएसबी-07-2024, दिनांक 28-10-2024 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो दिनांक 21-11-2024 को बन्द होनी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जा रहा है।

उपरोक्त शुद्धि-पत्र भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

उप मुख्य इन्जीनियर/गतिशक्ति
मुजाधि/डब्लू-298 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## हत्या के मामले में आजीवन कारावास

सीतापुर। वर्ष 2006 में महोली कोतवाली में महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डीघरा निवासी विजयकांत पुत्र रोशन लाल के खिलाफ हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 ने साक्ष्य देखने व गवाहों और दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद विजयकांत को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने हत्यारे विजयकांत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## तालाब में मिले दो बच्चों के शव

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के कांधला थाना अंतर्गत गढ़ी दौलत गांव में रविवार सुबह से लापता दो बच्चों के शव उनके घर के पास एक तालाब में मिले। कांधला थाना प्रभारी क्षितिज कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि मृत बच्चों की पहचान सलमान (5) और उसकी बहन परवरिश (3) के रूप में हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि खेलते समय बच्चे तालाब में गिर गए और मिट्टी में फंस गए। बच्चों के शव तालाब में मिले और परिजनों ने उन्हें बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो मोटरसाइकिलें भिड़ीं, एक की मौत

सुलतानपुर। कोतवाली देहात थाना अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर विपरीत दिशाओं से आ रहीं दो मोटरसाइकिल में टक्कर होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा सेना का जवान घायल हो गया। घायल जवान को राजकीय मेडिकल कॉलेज से लखनऊ कमांड अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अहिमाने बाजार में रविवार देर शाम मोटरसाइकिल और बुलेट में आमने सामने से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार समरजीत की मौत हो गई और बुलेट सवार जवान घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात के अहिमाने निवासी समरजीत पुत्र स्वामीनाथ मिस्त्री का कार्य करता था। कोतवाली देहात थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को समरजीत मजदूरी करके मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि जब वह अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर अहिमाने बाजार के शिव मंदिर के सामने पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। समरजीत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जवान विनोद कुमार यादव को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां डॉक्टर ने समरजीत (40) को मृत घोषित कर दिया। अमेठी के दुर्गापुर निवासी विनोद को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊकमांड अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बाबा सिद्दीकी के तीन हत्यारोपियों पर पहले से ही दर्ज है केस

बहराइच। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में कथित मुख्य शूटर शिवकुमार के साथ पकड़े गये तीन आरोपियों के खिलाफ यहां एक नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ के के आरोप में पहले से एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुंबई में बांद्रा इलाके के खेर नगर में 12 अक्टूबर को बेटे एवं विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने बाबा सिद्दीकी (66) को गोली मार दी थी। उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को बहराइच की पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पकड़े गये जिले के गंडारा गांव के निवासी पांचों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की पड़ताल के दौरान कथित मुख्य आरोपी शिव कुमार उर्फ शिवा व उसके साथी अनुराग कश्यप का तो अभी तक बहराइच में कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। एसपी ने बताया कि एसटीएफ और मुंबई पुलिस द्वारा रविवार को पकड़े गये तीन अन्य आरोपी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, आकाश श्रीवास्तव व ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के विरुद्ध इसी वर्ष मोहर्रम में ताजिया जुलूस के दौरान एक नाबालिग से कथित छेड़छाड़ के लिए पॉक्सो अधिनियम की धाराओं में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि बाद में यह भी पता चला कि इनका दूसरे पक्ष के साथ कुछ जमीनी विवाद था। उस मामले की जांच जारी है।

# आरसीसी रोड निर्माण में हो रहा घटिया सामग्री का इस्तेमाल



सीतापुर। इंडस्ट्रियल एरिया मलुही सरैयां के करीब जिला उद्योग केंद्र के ऑफिस स्थित जिला उद्योग केंद्र के ऑफिस के सामने आरसीसी रोड का निर्माण हो रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आरसीसी निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिस पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कार्यदायी संस्था के टेंडर पर कानपुर के ठेकेदार को टेंडर मिला है। जिसकी कुल लागत 772.50 लाख है। जिससे इंडस्ट्रियल एरिया सराय मलुही में आरसीसी रोड, नाला, साइड में इंटरलॉकिंग एडीएम ब्लॉक कॉन्फ्रेंस हॉल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग बिजली व वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। विगत 5 माह से अधिक समय से यहां संस्था के इंजीनियरों की निगरानी में ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा। परन्तु एक भी सड़क ठेकेदार द्वारा पूर्णरूप से आरंभ नहीं की गई है। जिससे आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। कुछ दिनों पूर्व यहां के मिल मालिकों ने इसकी शिकायत डिप्टी कमिश्नर जिला उद्योग केंद्र को करते हुए बताया कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहे निर्माण से उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। जिससे राजस्व की क्षति हो रही। वही रोड निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। आरसीसी रोड लगभग 897.5 मीटर जिसकी लागत लगभग 31 लाख रुपये है। अभी फिलहाल सीसी रोड निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए बनाया जा रहा है। नाम न छापने पर उद्यमी में ने बताया दबंग ठेकेदारों द्वारा सीसी रोड में मानक के अनुसार 11 सरिया का जाल बनना चाहिए। लेकिन वो जाल 22 बना कर डाला गया है। वही सस्ती क्वालिटी मौरंग व सस्ती कम्पनी की सीमेंट उपयोग में लायी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया दबंग ठेकेदारों द्वारा मिल कर्मचारियों को निकलने पर गाली गलौच व धमकाया जाता है। जबकि रोड निर्माण में वैकल्पिक रास्ता होना चाहिए, रास्ते पर वैरीकेटिंग कर मिल मालिकों को निकलना मुश्किल हो गया। सड़क के पास कच्चे फुटपाथ से भी लोग न निकल सके इसके लिए गड्ढे खोद दिए जाते है। धान खरीद का सीजन चल रहा है ऐसे में सरकार द्वारा लक्ष्य कैसे पूरा हो पायेगा जब किसान व कर्मचारियों को निकलने ही नही दिया जाएगा। इस तरह वहाँ काम कर रहे व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया घटिया सामग्री प्रयोग कर के निर्माण कार्य करवाया जा रहा है ठेकेदार दबंगई दिखाते हुए दुर्व्यवहार एवं अभद्रता करता है।

## एनसीसी कैंप में साइबर क्राइम की जानकारी दी



उन्नाव। डीएसएन कॉलेज में चल रहे 57 बटालियन के एनसीसी कैंप में साइबर क्राइम क्या है और इससे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्राइम ब्रांच प्रभारी कमल किशोर ने सभी कैडेट को संबोधित करते हुए बताया कि आज के समय में कोई भी व्यक्ति बिना साइबर के रह नहीं सकता है बिना इंटरनेट के वह अपना जीवन अधूरा समझता है। ऐसे समय यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि किस प्रकार की साइट से उसे फायदा हो रहा है और किस प्रकार की साइट से नुकसान हो रहा है उन्होंने फेंक साइट के बारे मैं बताया।

कार्यक्रम के दूसरे वक्ता समसुदिन ने कैडेट को संबोधित करते हुए मोबाइल से जुड़े हुए साइबर क्राइम से बचने के तरीके सिखाए। कैप्टन रवि रंजन ने सभी कैडेटों को संबोधित करते हुए बताया की साइबर क्राइम सेल का एक टोल फ्री नंबर भी है यदि किसी भी व्यक्ति को साइबर क्राइम से पीड़ित होता है तो वह तत्काल उस नंबर को टोल फ्री नंबर को मिला देगा और उसे तत्काल समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। एनसीसी के एएनओ डॉ विपिन सिंह ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा निश्चित रूप से साइबर सेल द्वारा इस प्रकार के संबोधन से कैडेटों के माध्यम से यह सभी सूचनाएं जनमानस तक पहुंचाई जाएंगी और जिससे हमारे समाज को साइबर क्राइम से मुक्ति मिलने में आसानी होगी। प्रातः काल सभी को डॉ राजेश सिंह द्वारा योग प्रशिक्षण भी दिया गया तथा साइन एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कानपुर द्वारा ड्रोन और विशेष वायुयान का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से 57 बटालियन के सूबेदार मेजर नवीन बीएचएम इंद्र बहादुर तथा पीआई स्टाफ मौजूद रहा।

## पेपर लीक मामले में एक गिरफ्तार



लहरपुर/ सीतापुर। एसओजी और तालगांव थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के लहरपुर कसरैला मार्ग पर परसेंडी मोड़ के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने कान फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र के जलालपुर न्योरी निवासी अरविंद कुमार पुत्र राम अवतार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इन दोनों अरविंद कुमार कानपुर जनपद के चकेरी थाना क्षेत्र के 59, के.आर.पुरम में रह रहा था। अरविंद उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा में पेपर लीक मामले का आरोपी है। वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। वही इस मामले में अब तक 17 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## हत्या के प्रयास में युवती गिरफ्तार

सीतापुर। थाना रामपुर कला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर कला थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा में छापेमारी की। वहां से पुलिस ने गौरा गाँव निवासी संगम पुत्री छत्रपाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गत 2 नवंबर को रामपुर कला थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा निवासी सूबेदार को गोली मारी गई थी। गोली लगने से सूबेदार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस का कहना है कि संगम का हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भनवापुर निवासी राकेश पुत्र शत्रोहन से प्रेम प्रसंग चल रहा है। राकेश अपनी प्रेमिका संगम से मिलने के लिये गौरा गांव के बाहर आया था। इसी बीच सूबेदार ने टोक दिया। जिसके चलते संगम के कहने पर राकेश ने सूबेदार पर अवैध तमंचा से फायर कर दिया। जिससे सूबेदार घायल हो गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी युवती को न्यायालय में पेश किया है।

## कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सीतापुर। महोली क्षेत्र के बिहट गौड़ में श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि सभी को भागवत कथा जरूर सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा हमें धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा की भागवत कथा आपसी सद्भाव भाईचारा बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। श्रीमद् भागवत कथा का नियमित अध्ययन जीवन को सुधार देता है। इसलिए हम सभी को भागवत कथा का अध्ययन भी करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा जहां होती है वह धरती पवन हो जाती है। भागवत कथा सुनने बरसे पुणे का लाभ प्राप्त होता है। भागवत कथा हमेशा सब मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा भागवत कथा को सुनना ही काफी नहीं है, भागवत कथा के बताएं मार्ग पर चलना ही जीवन को मधुर मय बना देता है। इस दौरान आरती वंदना के साथ कथा का समापन किया गया। कथा सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे नजर आए।

## किशोरी के यौन शोषण मामले में मदरसा मैनेजर और शिक्षक गिरफ्तार

मेरठ। जिले के थाना जानी पुलिस ने 14 वर्षीय किशोरी के यौन शोषण के आरोप में मदरसे के प्रबंधक एवं शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताय कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान आदिल (42) और मकसूद (47) हैं। उन्होंने बताया कि आदिल शिक्षक है जबकि मकसूद मदरसे का प्रबंधक है। आरोप है कि इन दोनों ने मिलकर नाबालिग किशोरी का यौन शोषण किया और पीड़ित छात्रा के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी रविवार को जानी कला कट से की गई। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 14 साल की बेटी गांव के ही मदरसे में आठवीं कक्षा में पढ़ती है। आरोप है कि मदरसा शिक्षक ने 29 अक्टूबर को छात्रा को कमरे में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। इस पर छात्रा रोने लगी तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी, इसके बाद छात्रा इतना डर गई कि उसने मदरसे में जाना छोड़ दिया। बाद में पता चलने पर परिजनों ने शनिवार को मामले में पुलिस को तहरीर दी।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई उन्नाव सडक मार्ग पर रविवार को गोंदरी मोड़ पर दो बाइको की भिड़ंत में घायल हुए दोनों बाइक सवारों में से एक की इलाज के लिए जाते समय मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुँचते ही कोहराम मच गया। क्षेत्र के शिवदीन खेड़ा निवासी लगभग अठ्ठाइस वर्षीय सुजीत रविवार शाम हफीजा बाद से घर बाइक से जा रहा था तभी सामने से बाइक से आ रहे गंज मुरादाबाद के फतेहपुर हमजा निवासी जुनैद की बाइक से टक्कर हो गई जिससे दोनों घायल हो गए जिन्हें बांगरमऊ सी एच सी भेजा गया जहाँ से दोनों को रेफर कर दिया गया। परिजन सुजीत को लखनऊ ले जा रहे थे तभी रास्ते में सुजीत की मौत हो गई जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## त्रयोदश विश्व वैदिक सम्मेलन व सामूहिक उपनयन संस्कार आज

सुमेरपुर, उन्नाव। बैसवारा ब्राह्मण उत्थान समिति द्वारा आयोजित त्रयोदश विश्व वैदिक सम्मेलन व सामूहिक उपनयन संस्कार मंगलवार को बीघापुर तहसील क्षेत्र के छांछीराईखेडा स्थित लोटस कान्वेंट स्कूल व एम जी कॉलेज ऑफ साइंस आर्ट एंड कल्चर के प्रांगण में सम्पन्न होगा। समारोह में गीता इंटरनेशनल फाउंडेशन मिशिगन अमेरिका के परमाध्यक्ष परमयोगी स्वामी आनंद जी महाराज व श्री श्री 1008 दंडी स्वामी परमात्मा बोध आश्रम जी महाराज आशीर्वचन प्रदान करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि इस विश्व वैदिक सम्मेलन में दो सौ एक बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार कराने का संकल्प लिया गया है। उपनयन संस्कार कराने वाले बटुक सुबह 7 बजे पहुंचकर उपनयन संस्कार में शामिल हो सकते हैं। इस विश्व वैदिक सम्मेलन में कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व संत शामिल होंगे। शिक्षा, समाजसेवा, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में अपना विशेष योगदान रखने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# प्राचीन इतिहास संजोये है मनवा गांव का टीला



सीतापुर! जिले के अनतर्गत ग्राम मनवा आदि गंगा गोमती व सराय नदी के संगम तट पर स्थित मनवा टीला क्षेत्र के पुरातत्व द्रष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थानो मे से एक है यहाँ कुषाण काल गुप्त काल और मुगलकाल की अनेक पुरातत्व वस्तुये प्राप्त हो चुकी है परन्तु वर्तमान मे यह स्थान उपेक्षित है और स्थानीय लोगों अज्ञानता के कारण पुरातत्व महत्व की महत्वपूर्ण वस्तुओं और ढाचा को नष्ट कर रहे है राष्ट्रीय राजमार्ग सख्या चौबीस से मनवा चौकी से लगभग छ किलोमीटर पश्चिम की ओर मनवा ग्राम स्थित है इस गांव मे दो नदीयों के किनारे मिट्टी और काफी ईटों का एक विशाल टीला मनवा टीला के नाम से जाना जाता है।

स्थानीय लोगों मे इस टीले के विषय मे अनेक किवदंतियं प्रचलित है लौगो का कहना है कि पौराणिक राजा मान्धाता ने यहाँ एक विशाल किले का निर्माण कराया था और वर्तमान टीला उस किले का ध्वस्त शेष है यह भी कहा जाता है कि महाभारत युद्ध के नायक अर्जुन ने बनवास के दौरान यहा प्रवास किया था और गन्धर्व कन्या उलपी से विवाह किया था इस दंपति को एक पुत्र रत्न की प्रप्ति इसी क्षेत्र मे हुई थी जिसका नाम ब्रभुवाहन था स्थानीय लोगों को समय समय पर मिलने वाली ताम्र रजत और स्वर्ण मुद्राये तथा म्रद भाण्ड चुड़ियाँ व अन्य आभुषण इस बात की पुष्टि करते है कि कभी यह क्षेत्र विकसित सभ्यताओं का केन्द्र रहा होगा क्षेत्र के पुरातत्विक महत्व से आकर्षित होकर सन 1966-67 के दौरान पुरातत्ववेत्ता हेमनाथ के निर्देशन मे यहा विस्तृत उत्खनन करवाया गया था जिसमे कुषाण काल गुप्त काल और मुगलकाल की अनेक वस्तुये प्राप्त हूई थी जिनसे इस क्षेत्र मे प्रचीन मानव बस्ती होने की धारणा की पुष्टि हुई थी इस उत्खनन के दौरान प्राप्त हुई सामग्री लखनऊ और दिल्ली के संग्रहालय मे प्रदर्शित की गई है करीब 26 वर्ष पूर्व गोमती नदी मे एक मछुआरे को मछली पकडते समय लाल पाषाण की एक भव्य प्रतिमा प्राप्त हुई थी जो जैन तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की बताई जाती है और वह कम से कम दो हजार वर्ष पुरानी है जो काफी समय तक सरकारी मालखाने मे रखी रहने के बाद उक्त मूर्ति सिधौली के दिगम्बर जैन समाज को सौप दी गई और वर्तमान मे नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर मे स्थापित है उक्त मूर्ति की प्राप्ति से भी पता चलता है कि किसी दौर मे उक्त स्थान जैन धर्म का भी बडा केन्द्र रहा हैः मनवा मूलतः मुस्लिम बाहुल्य आबादी वाला गाँव है परन्तु हिन्दूओं का भी यहा पर्याप्त आबादी है कहा जाता है कि दो लोग लालमान सिहं और मीर मुस्तफा खान के नाम पर इसे पहले मानते मुस्तफाबाद कहाँ जाता था जो धीरे धीरे मनवा कहा जाने लगा वर्तमान मे मनवा टीला कहलाने वाले स्थान का क्षेत्रफल राजस्व के नक्से के अनुसार 49 एकड 4 डिजिटल बताया जाता है जिसकी सुरक्षा के लिये पुरातत्व विभाग की ओर से राजेश कुमार सिंह नामक चौकीदार तैनात है जो टीले की देखरेख के हिसाब से अपप्रयप्त है।

## हिंदुस्तान शुगर मिनी चीनी मिल के पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बेहटा स्थित हिंदुस्तान शुगर मिनी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार हो गया। इस मौके पर कस्बे के मशहूर मौलाना इस्त्राईल अंसारी साहब ने फीता काटकर व डोंगे में गन्ना डालकर किया।

हिंदुस्तान शुगर चीनी मिल के मालिक अब्दुल हक अंसारी ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत न आये इसलिए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी उचित इंतेजाम किये गए हैं उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि उपज की बिक्री करने को लेकर जरा भी परेशान न हो। चीनी मिल में पेराई तभी बन्द होगी जब सभी किसानों के खेतों का गन्ना खरीद लिया जाएगा। इस मौके पर इस्त्राईल अंसारी, झब्बन बेग, नसीम नेता, मेराज अहमद पूर्व प्रधान, शाहआलम खान, हबीब सुल्तान, राहत अली, हाजी खुर्शेद भैया, हसीब ठेकेदार, डॉ0 बदरे आलम, मौलाना गुफरान, डॉ0 रईस, इंज्मामूल हक, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चोरी का आरोपित गिरफ्तार



लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली लहरपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा कला निवासी सुफियान पुत्र मुन्ना को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि सुफियान शातिर मवेशी चोर है। उसने कई बकरों को चोरी कर बेच दिया है। उस मामले से संबंधित 13800 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि सुफियान कार से बकरों को चोरी करता था। बकरों को चोरी करने में इस्तेमाल की गई कार को सीज करने की कार्रवाई की गई है। वहीं पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## किसान पराली न जलायें, पराली प्रबंधन कर बढ़ायें उर्वरा शक्ति

उन्नाव। उप कृषि निदेशक शशांक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया फसल अवशेष जलाया जाना आज वैश्विक समस्या हो गया है। पराली या अन्य फसल अवशेषों को जलाने से मृदा की उर्वरता क्षमता नष्ट होती है। उससे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम एवं अन्य सूक्ष्म पौषक तत्वों की कमीं हो जाती है। मृदा में हयूमस सैकड़ों वर्षों में तैयार होता है। हयूमस में पौधों की वृद्धि हेतु लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु, यथा बैक्टीरिया, कवक आदि नमी और कई अन्य जैविक तत्व होते हैं।

पराली के जलने से मृदा हयूमस को भारी मात्रा में क्षति पहुँचती है, जिसका कृत्रिम रूप से भरपाई करना लगभग नामुनकिन है। पराली जलाने से धुएँ के कारण स्वास्थय संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती है। अस्थमा जैसी सांस से सम्बन्धित बीमारियों के मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही इन रोगों के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। एक टन फसल अवशेष जलने से 1460 कि0ग्रा0 कार्बन डाईऑक्साइड, 60 कि0ग्रा0 कार्बन मोनो ऑक्साईड, 3.83 कि0ग्रा0 नाइट्रोजन ऑक्साइड, 2 कि0ग्रा0 सल्फर डाई ऑक्साइड गैस उत्सर्जित होते है। इनमें से नाइट्रोजन ऑक्साइड एवं सल्फर डाई ऑक्साइड के कारण आँखों में जलन होती है। चर्म रोग एवं कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों में वृद्धि हो रही है। बच्चों, वृद्धों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। फसल अवशेष जलाने से निकला हुआ धुआं वायु प्रदुषण को बढ़ाता है। पराली जलाने से मिट्टी के तापमान में अचानक वृद्धि होती है। जिसके कारण मिट्टी की सघनता बढ जाती है। फलस्वरूप इसके वास्तविक भौतिक गुणों जैसे जल धारण क्षमता, वायु संचरण आदि प्रभावित होते हैं। साथ ही मिट्टी में प्राकृतिक रूप से मौजूद कैचूआ सूक्ष्म जीवाणु लाभदायक कीट आदि विनिष्ट हो जाते है। पराली प्रबन्धन के लिये 20 कि0ग्रा0 यूरिया प्रति एकड़ की दर से मिट्टी पलटने वाले हल अथवा रोटावेटर से जुताई/पलेवा के समय मिला देने से पादप अवशेष लगभग 20 से 30 दिन को भीतर जमीन में सड जाते हैं। जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों एवं अन्य तत्वों की बढ़ोतरी होती है। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा फार्म मशीनरी बैंक योजनान्तर्गत भी जनपद में पराली प्रबंधन के कृषि यंत्र जैसे बेलर, रोटावेटर, मल्चर, एम0बी0 प्लाउ इत्यादि भी फार्म मशीनरी बैंक कृषक समहीं एवं ग्राम पंचायतों को दिये गये हैं। जिनकों बाजार से कम दर पर लेकर पराली प्रबंधन किया जा सकता है। पराली जलाने पर दो एकड भूमि तक 5000/रू0 जुर्माना, दो से पाँच एकड तक 10000/रू0 जुर्माना पाँच एकड़ से अधिक भूमि तक 30000/रू0 जुमार्ना तक तहसील के द्वारा लगाया जा सकता है।

# अपनादल एस पाटी का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न




जिला संवाददाता(vol)

पुरवा-उन्नाव। अपना दल सोनेलाल पार्टी द्वारा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव के के पटेल एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंच पुष्कर चैधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन रवि गोयल द्वारा किया गया। अपना दल एस के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए के के पटेल ने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की कथनी व करनी में अंतर नहीं होता है। हमारे नेता सामाजिक न्याय के लिए लगातार मुखर रहीं हैं। कबीर साहब के एक दोहे का उदाहरण देते हुए कहा कि जब तक सूर्य का उदय नहीं होता, तब तक तारे आकाश में टिमटिमाते हैं। हमारे नेता सूर्य के समान है। उन्होंने सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव व अखिलेश यादव को घेरते हुए कहा कि जब यह लोग सत्ता में थे तब सैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की याद नहीं आई।

नीट की परीक्षा में भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का ध्यान नहीं रहा। यह काम हमारे नेता श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने पूरा किया है, अलग ओबीसी मंत्रालय की मांग हमारे नेता ने संसद में उठाई है। 69000 शिक्षक भर्ती के लिए संघर्ष चल रहा है, हमारी पार्टी की मांग है कि कर्मचारी चयन आयोग की तरह ही इस देश में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा आयोग का गठन होना चाहिए। मुख्य रूप से कार्यक्रम में जोगीलाल वर्मा, पूनम राठौर, पंकज मिश्रा, विजेंद्र गुप्ता, पवन चौरसिया, रणबीर ठाकरे, सुंदर सिंह, पीपल, आशीष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजू सरपंच, ब्रजकिशोर बघेल, अजीत कुलश्रेष्ठ, पीयूष कटिहार, डॉक्टर केके सिंह, नरेंद्र सिंह पटेल, पूरन सिंह राजपूत, डॉ० महेश चैधरी, डॉक्टर अविनाश सिंह, विष्णु बिहारी गोयल, शरीफ उल हसन समेत कई सैकड़ा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी योगदान देते है

महमूदाबाद, सीतापुर। खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी योगदान देते हैं। नियमित रूप से खेल खेलने वाले चुस्त-दुरुस्त और स्वस्थ रहते हैं। खेल हमारे शरीर का बहुत सारी बीमारियों से बचाव करता है। खेलों की महत्ता को देखते हुए प्रत्येक गांव व कस्बे में खेल के मैदानों का होना बहुत आवश्यक है। महमूदाबाद विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बघाइन में खेल के मैदान का शुभारंभ करते हुए बीडीओ संदीप यादव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से गांव के परिवेश की खूबसूरती बढ़ेगी। उपस्थित ग्रामीणों व बच्चों को जेई अल्का वर्मा और ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने भी संबोधित किया। इस मौके पर बीडीओ ने क्रिकेट एयर वॉलीबॉल में हाथ भी आजमाए। पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा, प्रधान प्रेम चन्द्र वर्मा, टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा, शिवेंद्र प्रताप, ऊषा वर्मा, दीप्ति वर्मा, राजेश कुमार, रंजीत शर्मा, धीरज वर्मा, श्रवण कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोवर्धन पूजन की कथा का कराया श्रवण



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम दुगार्गंज में शिवनारायण सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवस की कथा के षष्ट्म दिवस की कथा में कथावाचक सुशील त्रिपाठी बिठूर ने गोवर्धन नाथ के पूंजन की कथा श्रवण कराई तथा भगवान गोवर्धन की पूंजा कराई गई।

भगवान कृष्ण ने नंद बाबा आदि बुजुर्गों को समझाया कि जिनके द्वारा हमारे लाखों गायों के चरने की व्यवस्था है एवं हमें आंधी पानी तूफान से जो गोवर्धन नाथ हमारी रक्षा करते हैं हमें उनका ही पूंजन करना चाहिए क्योंकि भागवत में सूत्र है कर्मणा जयते जंतू कर्मणैव विलीयते, सुखम दुखम भयं क्षेमम कर्मणैव व विपद्धते जीवन में कर्म को प्रधान बताते हुए भगवान कृष्ण ने गोवर्धन नाथ का पूंजन कराया और इंद्र को नारद जी के द्वारा जिस समय सूचना लगी उसी समय इंद्र ने वृंदावन को बहाने के लिए अथाह जल बरसाया उस जल से बचने के लिए गोविंद ने समस्त गाय बछड़ों और वृंदावन वासियों को ब्रज मंडल वासियों को गोवर्धन नाथ का पूंजन करके उनको अपनी उंगली की नख पर धारण किया और समस्त जीवधारियों की रक्षा की।

संतो के द्वारा बताया गया कि यह गोवर्धन पर्वत भगवान राम जी ने जिस समय समुद्र में पुल बनाया था उसे समय हनुमान जी के द्वारा लाया जा रहा था लेकिन जब तक हनुमान जी वृंदावन तक आए वृंदावन तक आए तब तक पुल बन चुका था हनुमान जी को सूचना मिली कि पुल बन गया है। तब हनुमान जी ने इस पर्वत को इसी जगह वृंदावन में स्थापित कर दिया फिर पर्वत के द्वारा प्रार्थना की गई कि हम भगवान की सेवा से वंचित रह गए तब हनुमान जी ने इस पर्वत से कहा कि एक दिन स्वयं भगवान आएंगे और तुम्हें चरण नहीं अपने हाथों में ही उठा करके तुम्हें कृपालु करेंगे और आज द्वापर में वही समय आया भगवान ने गोवर्धन नाथ को अपनी उंगली पर धारण करके स्वयं अपना रूप दिया और पूंजन कराया। जजमान राजू गुप्ता व उनकी पत्नी गीता देवी सहित उपस्थित श्रोता मुन्नी देवी पूर्व प्रधान, मुनेंद्र पांडे आदि ने कथा का श्रवणानंद लिया।

संक्षेप

## सपा में शामिल होने पर जताया हर्ष

**ललितपुर।** रामनगर स्थित एक भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा के सानिध्य में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि अभि खजुरिया, शत्रुघन यादव, गणेश (दाऊ) कुशवाहा रामनगर, पूर्व सदर विधायक पुत्र चेतन कुशवाहा, युवा जिला अध्यक्ष कुशवाहा नीलू कुशवाहा रहे।

जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि हम और आप एक ही परिवार से हैं। कुशवाहा अगर बड़ा भाई है तो यादव छोटा भाई है। हम और आप अगर मिलकर रहेंगे तो आने वाले 2027 के चुनाव में ललितपुर से समाजवादी पार्टी का ही विधायक होगा।

इस दौरान गणेश कुशवाहा रामनगर, पूर्व सदर विधायक पुत्र चैतन्य कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष नीलू कुशवाहा, हनुमत कुशवाहा, बृजभान मुखिया, आशाराम मुखिया रामनगर, रगवर मुखिया फौजपुरा, राजू मुखिया आजादपुरा, गेंदा लाल माते तलैयापुरा, रामराजा कुशवाहा प्रधान बछलापुर, प्रमोद कुशवाहा बिरधा, सिरनाम कुशवाहा सिलगन, सुखलाल कुशवाहा मिर्चवारा, महेंद्र कुशवाहा, हरिराम कुशवाहा नयागांव, देवी कुशवाहा टपरिया, कोमल कुशवाहा नाराहट रघुवीर कुशवाहा नाराहट, सेतराम कुशवाहा कल्याणपुर, राजाराम कुशवाहा रारा, बृजेश कुशवाहा पिपरा, कैलाश कुशवाहा दावनी, चंदू कुशवाहा बुड़वार, राम सिंह कुशवाहा बुड़वार, बृजेश कुशवाहा पाली, अनिल कुशवाहा सतगता, हरि कुशवाहा बाबा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## फसल अवशेष जलाया तो लगेगा आर्थिक दण्ड

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक बसन्त कुमार दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि जनपद समस्त किसान खेतों में फसल अवशेष जलाकर पर्यावरण यह जुर्मना जमीन के क्षेत्रफल के आधार पर लगेगा।

बताया कि फसल अवशेष जालाये जाने पर जुमार्ना दो एकड़ से कम पर 5 हजार रुपये, दो से पांच एकड़ पर 10 हजार रुपये एवं पांच एकड़ से अधिक पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना निर्धारित है। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिये जायेगे। अतएव शासन द्वारा पूर्व में दिये गये निदेशों के परिपालन में यदि कोई भी कम्बाईन हरवेस्टर बिना सुपर रटा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा फसल प्रबन्धन के अन्य यंन्त्रो को प्रयोग में लाये बगैर कटाई का कार्य किया गया है तो जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) की अध्यक्षता में कमेठी का गठन किया गया है एंव सतत निगरानी हेतु उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा उक्त कम्बाइन हार्वेस्टर को तत्काल सीज किया जायेंगा ।

कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक के विरूद प्रदूषण फैलाने में सहायक होने के कारण विधिक कार्यवाही भी की जायेंगी।

उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि फसल के अवशेषों को खेतो में ना जलायें अन्यथा की स्थिति में पकड़े जाने पर नियमानुसार जुमार्ना वसूल करने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

# डीएपी , यूरिया और बिजली की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा



**ललितपुर।** कांग्रेस प्रदेश सचिव बलवन्त सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद, यूरिया, व किसानों के नलकूपों को बिजली उपलब्ध कराये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस समय खेती का समय चल रहा है और ललितपुर जनपद सहित संपूर्ण उत्तर प्रदेश में खाद की समस्या विकराल रूप लेकर खड़ी हुई है, किसानों को न तो समय से बिजली मिल रही है जिससे किसान सिंचाई हेतु ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं एवं किसानों को सरकारी गोदामों में व बाजार में भी डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है जिससे किसान फसलों की बुआई के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। किसान लगातार बे मौसम बारिश कभी सूखा कभी अधिक वारिष, अतिवृष्टि व ओलावृष्टि की मार झेलकर इस समय किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों को शीघ्र ही पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति की जाए एवं कालाबाजारी को भी रोका जाए जिससे किसान समय से फसलों की बुआई कर सकें। इस मौके पर प्रदेश सचिव बलवन्त सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष राकेश रजक एडवोकेट, किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र सिंह बिट्टू राजा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला, पीसीसी बहादुर अहिरवार एडवोकेट, अजय प्रताप तोमर, ब्लाक अध्यक्ष सुशील श्रीवास, जितेन्द्र वर्मा, सूर्या राजा बुंदेला, राजकुंवर, महेंद्र पनारी, राहुल सेन, अमर सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने दो निरीक्षकों समेत डेढ़ दर्जन पुलिस कर्मियों के किये स्थानांतरण

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** रविवार की देर रात्रि पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने दो निरीक्षकों सहित डेढ़ दर्जन पुलिस कर्मियों के स्थानातांरण कर दिये। विगत दिनों करीब 143 मुख्य आरक्षियों व आरक्षियों के

- थानों में निचले स्तर से लेकर अधिकारियों तक के कार्यक्षेत्रों में व्यापक बदलाव

स्थानान्तरण किये गये हैं, जबकि इसके पहले कई निरीक्षकों व उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों में भी व्यापक बदलाव देखने को मिला। एक नजरिए से देखा जाये तो पुलिस अधीक्षक ऐसे थानों व चैकियों को भी राडार पर लिये हुये हैं, जिनमें एक निश्चित समय से अधिक तक सिपाहियों से लेकर सब इंस्पेक्टर व इंस्पेक्टर इत्यादि जमे हुये हैं।

अब निचले क्रम तक से थानों व चैकियों में व्यापक बदलाव किये जा रहे हैं।

रविवार की देर रात जारी हुयी सूची के अनुसार एसपी मो.मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाने में तैनात निरीक्षक शाबेज खान को अतिरिक्त निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली भेजा है तो वहीं उनके स्थान पर निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह को अपराध शाखा से साइबर क्राइम थाना भेजा गया है। सूची के अनुसार साइबर क्राइम थाना में तैनात मुख्य आरक्षी शीलेन्द्र सिंह को थाना तालबेहट, मुख्य आरक्षी सत्येन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली, आरक्षी पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया को थाना तालबेहट से थाना बालाबेहट, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र सिंह बघेल को साइबर क्राइम थाना से थाना मड़ावरा, मुख्य आरक्षी ओमवीर सिंह को पुलिस लाइन से थाना महरौनी, मुख्य आरक्षी रवि कुमार को पुलिस लाइन से थाना नाराहट, मुख्य आरक्षी जायिद अली को साइबर क्राइम थाने से थाना बार, मुख्य आरक्षी विश्वजीत सिंह को पुलिस लाइन से एस.ओ.जी., मुख्य आरक्षी नरेन्द्र सिंह को एसपी कार्यालय वाचक से थाना तालबेहट, मुख्य आरक्षी संजीव शर्मा को साइबर क्राइम थाना से थाना महरौनी, मुख्य आरक्षी धीरेन्द्र सिंह को थाना मड़ावरा से एस.ओ.जी., मुख्य आरक्षी अजीत सिंह बघेल को साइबर क्राइम से थाना जखौरा, मुख्य आरक्षी अभय प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से साइबर क्राइम थाना, आरक्षी सचिन कुमार को पुलिस लाइन से थाना तालबेहट और आरक्षी शुभम तिवारी को थाना तालबेहट से थाना मदनपुर भेजा गया है।

## प्रदेश में पत्रकारों के लिए बने सुरक्षा कानून

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों पर उत्तर प्रदेश में ही उत्पीड़न, जानलेवा हमले के लगातार मामले प्रकाश में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिला फतेहपुर में पत्रकार की हत्या किये जाने व हमीरपुर में दो पत्रकारों पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न अवस्था में किये गये अमानवीय कृत्य से पत्रकार जगत में काफी आक्रोश व्याप्त है।

हमलावरों पर सख्त कार्यवाही किये जाने और पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग करते हुये यू.पी. जर्नलिस्ट एसोशिएशन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में कुछ दिनों पूर्व एक समाचार ऐजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की सुनियोजित ढंग से की गई निर्मम हत्या एवं जनपद हमीरपुर में दबंगों द्वारा दो पत्रकारों को बंधक बनाकर मरणासन्न किए जाने व उनके साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने एवं पत्रकारों के विरुद्ध पेशबंदी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इन घटनाओं के बाद से पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसे यू.पी. जर्नलिस्ट एसोशिएशन ने काफी अफसोसजनक व दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुये दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने और पेशबंदी में दर्ज मामलों को निरस्त किये जाने के साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को मुआवजा एवं परिवार में एक सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग की है।

अन्यथा की स्थिति में यू.पी. जर्नलिस्ट एसोशिएसन ने आंदोलन कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, सुरेंद्र पस्तोर गुडडू, शिखरचंद्र जैन, मनोज तिवारी, रामरतन राय, धर्म सिंह, अजय तोमर, चंदन सिंह, जितेंद्र यादव, राहुल सुमन, अभिषेक सैनी, प्रियांशु नायक, देवेंद्र, नरेंद्र, राम लखन, कन्हैया लाल विश्वकर्मा द्वारका प्रसाद, संजय नामदेव, राहुल राज, श्रेया तिवारी उपस्थित रहे।

## अध्यापक के समर्थन में कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि विगत दिनों दीपावली के समय अध्यापक नरेंद्र श्रीवास अपनी पत्नी के साथ बाजार में जरुरी सामग्री की खरीदारी करने मोटरसाइकिल पर गए थे, किसी भी जब वह बाजार से लौटकर घर जा रहे थे तभी कोतवाली के पास अग्निशमन विभाग की गाड़ी द्वारा उक्त अध्यापक की गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी गई थी।

जिस कारण दोनों गिरे एवं अध्यापक की पत्नी अंजू अग्निशमन की गाड़ी के नीचे आ गई थी, जिस कारण मौके पर ही उनकी दुखद मौत हो गई थी, जिसकी एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन इस परिपेक्ष में रजक समाज के लोगों के साथ जिलाधिकारी को जिला

- अग्निशमन विभाग की गाड़ी से कुचलकर हुई थी अध्यापक की पत्नी की मौत

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश रजक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पीड़ित अध्यापक को न्याय दिलाने हेतु एवं छोटी-छोटी बच्चियों के लालन-पालन हेतु विभिन्न मांगे रखी गई।

जिसमें अध्यापक की तैनाती काफी दूर होने के कारण परेशानी को देखते हुए नजदीकी विद्यालय में तैनात किया जाए एवं दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाने की मांग उठायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत नजदीकी विद्यालय में अटैचमेंट कर शासन को परमानेंट ट्रांसफर करने का पत्र लिखने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष राकेश रजक एड., अजय प्रताप तोमर, पंकज हुण्डैत, जितेंद्र वर्मा पनारी, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील श्रीवास, राजकुमार गौतम, बिट्टू राजा, कुलदीप पाठक एवं , दयाराम श्रीवास, बंदू, सुजीत रजक एड., मनोज, ममता रजक, श्रीमती देवी आदि कई लोग उपस्थित रहे।

## अपराधियों को अभियोजन अधिकारी दिलायें सजा :जिलाधिकारी



**बांदा।** अभियोजन कार्यों की डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होने जेष्ठ एवं सहायक अभियोजन अधिकारियों को ई प्रासीक्यूशन पोर्टल के तहत सभी वादों की फीडिंग कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम नगेन्द्र प्रताप ने जिला शासकीय अधिवक्ताओं तथा अभियोजन अधिकारियों को अधिक से अधिक मुदकमों में प्रभावी पैरवी करते हुए मुकदमो का निस्तारण अपराधियों को सजा दिलाते हुए कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने सभी सम्मन की तामीला समय से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि वादों की सुनवाई के समय गवाहों एवं साक्ष्यों को प्रस्तुत करें तथा गवाह वापस नही होने पाएं। उन्होने जिले के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे वादों के संबंध में जानकारी की और महिला अपराधों के मामलों एएसी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों तथा आयुध अधिनियम के निस्तारित वादों की समीक्षा करते हुए इन वादों में प्रभावी कार्रवाई एवं पैरवी कर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होने अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराए जाने के लिए पैरवी समय से करने के निर्देश डीजी एवं डीजीसी संवर्ग के वक्ताओं को दिए। बैठक में अपर एसपी शिवराज, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन अजय कुमार तिवारी, जिला शासकी अधिवक्ता फौजदारी विजय बहादुर सिंह, डीजी संवर्ग के शासकीय अधिवक्ता तथा सहायक अभियोजन अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएसएम शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ



**मीरगंज, बरेली।** तहसील क्षेत्र स्थित डीएसएम शुगर मिल मीरगंज में सोमवार से पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मिल के यूनिट हेड संजय श्रीवास्तव ने पूजा अर्चना कर हवन करवाया और एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता ने कांटे पर नारियल तोड़कर पेराई सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान गन्ने से लदे टिपलर की भी पूजा अर्चना की गई। आज के इस खास कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार ने चेन में गन्ना डालकर मिल का शुभारंभ किया। इस दौरान मिल प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने मिलकर गन्ना डाला और पेराई सत्र की शुरूआत की। डीएसएम शुगर मिल के यूनिट हेड संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 038 वैरायटी में रोग लगने के कारण इसकी बुवाई बंद कर दी गई है। इसके स्थान पर अब नई वैरायटी की बुवाई की जा रही है जो बेहतर पैदावार देने में सक्षम है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि मिल में गन्ना लाने के लिए शिफ्ट वाइज व्यवस्था की गई है ताकि यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से चले। इस वर्ष 2024-25 में मिल का गन्ना पेराई का लक्ष्य एक करोड़ कुंटल रखा गया है। पहले दिन पेराई क्षमता 25,000 कुंटल रहेगी, जिसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 85,000 कुंटल प्रति दिन की पेराई की जाएगी। इस वर्ष मिल के पास कुल 64 गन्ना सेंटर हैं और दो सेंटर दूसरे मिल को आवंटित किए गए हैं, जबकि चार नए सेंटर प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में मीरगंज के ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, एसडीएम तृप्ति गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदेशपाल सिंह, पूर्व डायरेक्टर कृष्णपाल, डायरेक्टर योगेंद्र कुमार चौधरी, पूर्व मीरगंज गन्ना समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, वर्तमान अध्यक्ष तेजपाल सिंह फौजी, कारखाना मिल के प्रबंधक अरविंद गंगवार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संत नामदेव जी महाराज के नाम से सड़क का नामकरण करने की मांग

**ललितपुर।** अखिल भारतीय युवा दर्जी महासभा ने जिलाधिकारी की अनुपस्थित में एडीम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने तुवन मंदिर मार्ग से सावरकर चैक तक रोड का कोई नाम नहीं है, इस बीच दो तिराहे हैं उनमें से एक तिराहा चिन्हित करके संत शिरोमणि नामदेवजी महाराज के नाम से बनाया जाए और तुवन मंदिर से सावरकर चैक तक संत शिरोमणि नामदेव मार्ग का नामकरण किये जाने की मांग उठायी गयी। बताया कि संत नामदेव जी महाराज ने अपना पूरा जीवन धर्म पर चलना सिखाया है। सर्व समाज के मार्ग दर्शक व गुरु रहे। संत शिरोमणि नामदेवजी महाराज का जीवन समाज कल्याण में समर्पित रहा है। इस दौरान प्रेम नामदेव, विनोद नामदेव, वरिष्ठ समाज सेवी अजय तोमर एड., मनोज नामदेव, रामकुमार नामदेव, भगत रायकवार, अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, अरविंद्र सेन, पंकज पत्रकार, श्रीराम नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में वकीलों पर लाठी चार्ज के खिलाफ बिजनौर में धरना जारी




**बिजनौर।** जिला जज द्वारा गाजियाबाद मे 29 अक्टूबर को अधिवक्ताओं पर कराए गए लाठीचार्ज के विरोध में कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए आज सातवें दिन भी जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे और जजी चैक पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं की लगातार हड़ताल से सोमवार को न्यायालय में कामकाज पूर्ण तरह ठप्प रहा। जिला बार एसोसिएशन बिजनौर की एक बैठक बार अध्यक्ष यशपाल सिंह की अध्यक्षता एवं महासचिव विशाल अग्रवाल के संचालन में आयोजित की गई, जिसमें अधिवक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि गाजियाबाद के जिला जज द्वारा बीती 29 अक्टूबर को अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करायें जाने कि निन्दा की और कहा गया कि जिला बार गाजियाबाद के समर्थन में जिला बार एसोसिएशन बिजनौर गाजियाबाद बार द्वारा लिए गए निर्णय का पूर्ण समर्थन करेगी। जिला बार एसोसिएशन ने इस सम्बन्ध में जजी चैक पर जाम लगाकर सीओ सिटी संग्राम सिंह को ज्ञापन सौंपा। जाम लगा रहे अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए। जिला बार के अधिवक्ता जाम लगाने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे और रेवन्यु बार एसोसिएशन के साथ बैठकर धरना प्रदर्शन में सहयोग किया।

## वकीलों की हड़ताल 14 नवंबर तक

**बरेली।** गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को भी यहां के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। हड़ताल 14 नवंबर तक जारी रहेगी। हड़ताल के सम्बन्ध में बार एसोसिएशन ने जनरल हाउस की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता शेर सिंह गंगवार ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने हड़ताल को लेकर अपने-अपने विचार रखें। अधिकांश अधिवक्ताओं ने कहा कि गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न हो। उस समय तक अधिवक्ताओं को हड़ताल जारी रखनी चाहिए। ताकि अधिवक्ताओं का सम्मान बना रहे। वही कुछ अधिवक्ताओं ने हड़ताल समाप्त करने का विचार रखा। उनका कहना है कि पिछले 13 दिनों से लगातार हड़ताल जारी है जिसके कारण तमाम जूनियर अधिवक्ताओं के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य 13 को करेंगी महिला जनसुनवाई

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य/सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के निर्देश पर राज्य महिला आयोग की आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा जिला बिजनौर में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 13 नवम्बर 2024 को सुबह 11 बजे महिला जनसुनवाई की जाएगी तथा उसके बाद महिला बन्दी गृह, बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने उक्त कार्यक्रम से संबंधित सभी अधिकारियों का आहवान किया कि जनसुनवाई के समय सम्बन्धित अधिकारीगण वांछित आख्या/सूचना सहित कार्यक्रम में मौजूद रहे तथा जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी आयोग के सदस्यें के साथ मौजूद रहकर सहयोग करना सुनिश्चित करें।

## सीज ट्रक थाने से ले जाने वाले दो गिरफ्तार




**बांदा।** थाना जसपुरा में परिसर के बाहर खड़े सीज ट्रक को बिना सूचना दिए ले जाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को ट्रक सहित गिरफ्तार कर लिया। बीते 8 नवंबर को राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने ओवरलोड ट्रक को सीज कर थाना जसपुरा में खड़ा कराया था। इसके अगले दिन ट्रक ड्राइवर बिना जानकारी दिए ट्रक लेकर भाग गया था। इस मामले पर थाना जसपुरा में बीएनएस व 4/21 खनिज अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। घटना की जानकारी होने पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने ट्रक व आरोपियों की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए थे। पुलिस ने आरोपियों वाहन चालक शुभम पुत्र ध्रुव चंद्र 20 निवासी बेलिहा गढ़ थाना गोसाईं गंज जनपद अयोध्या, वाहन स्वामी शैलेश कुमार शुक्ला पुत्र लक्ष्मीकांत शुक्ला 44 निवासी गोपालपुर माझावला थाना कैंट जनपद अयोध्या को रामपुर चैडगरा चैराहा से गिरफ्तार कर लिया। जांच करने पर मिला कि ट्रक के वाहन संख्या को भ्रमित करने के लिए बदल दिया गया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी उप निरीक्षण मोनी निषाद, उप निरीक्षक सूरज कुमार पांडेय, कां0 उमाकांत, विक्रम सिंह व दिनेश कुमार रहे।

## द्वारिकेश चीनी मिल ने समितियों को भेजा चार नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान

**नगीना, बिजनौर।** द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी ने चार नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का मूल्य भुगतान संबंधित गन्ना समितियों को भेज दिया है। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना प्रशासन) रमेश परशुरामपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को चालू गन्ना पेराई सत्र में दो नवंबर से चार नवंबर 2024 तक खरीदे गए गन्ना मूल्य भुगतान की धनराशि एक करोड़ 69 लाख 75 हजार रुपये से अधिक चीनी मिल की संबंधित गन्ना समितियों नगीना, नजीबाबाद व बिजनौर को भेज दी है। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना प्रशासन) रमेश परशुरामपुरिया ने मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों से इस अवधि में मिल को आपूर्ति किए अपने गन्ने का मूल्य भुगतान प्राप्त कर लेने व मिल को साफ, ताजा व पत्ती अंगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करने की अपील की है।

## रंगदारी मांगने पर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बांदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। बीते 10 नवंबर को सौरभ सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरेन्द्र सिंह निवासी बंगालीपुरा ने थाना कोतवाली नगर में दो व्यक्तियों के गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी मांगने के बारे में प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर कोतवाली नगर में धारा 115(2), 352, 351(2), 308(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। सोमवार को हिस्ट्रीशीटर आरोपी रज्जन उर्फ राहुल सैनी पुत्र अशोक सैनी को शहर के बाबूलाल चैराहा से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पर हत्या का प्रयास, डकैती, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम सहित आधा दर्जन से अधिक मामले पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, उप निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी व कां0 रावेन्द्र कुमार श्रीवास्तव रहे।

## अभाविप का जिला अभ्यास वर्ग आयोजित




**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन किया। इस दौरान सुभाष त्रिपाठी शुभ को पुनः तहसील संयोजक का कार्य भार सौंपा गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। यह ज्ञानशील एकता के मूलमंत्र से छात्र हितों एवं राष्ट्र भाव से युवाओं के विकास को लेकर निरंतर सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। जिला अभ्यास वर्ग आयोजन के दौरान बांदा विभाग प्रमुख डॉ विज्ञा मिश्रा, जिला प्रमुख डॉ आशुतोष राय, जिला संयोजक गोविंद तिवारी, संगठन मंत्री शिवम पांडेय, विभाग सह प्रमुख डॉ अशोक सिंह परिहार, विभाग संयोजक नितीश निगम, जिला सह संयोजक आशीष पांडेय, नगर अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र बाजपेयी, नगर मंत्री कार्तिकेय, सोशल मीडिया संयोजक राज द्विवेदी व बड़ी संख्या में पदाधिकारी तथा सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने छात्रों को जागरूक कर दिलाई शपथ



**बांदा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। क्षेत्राधिकारी यातायात राजवीर सिंह गौर तथा निरीक्षक यातायात राजेशचंद्र मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए दुर्घटना से बचाव के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, मोटरसाइकिल पर तीन सवारी न बैठाने, वाहन को अधिक स्पीड से न चलाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के बारे में जरूरी बातें बताई गईं। परिवार, रिश्तेदारों तथा आस-पास के लोगों को भी इस बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात नियमों के पालन करने के संबंध में भी जानकारी देते हुए नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने, बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट के वाहन न चलाने और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों के पालन के लिए छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य, मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा पीयूष मिश्रा व शिक्षक मौजूद रहे।

# उमर अब्दुल्ला की मंशा

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में अब धारा-370 कभी वापस नहीं होगा। देश का सेंटीमेंट भी ऐसा ही है। इसके बावजूद जिस तरह कश्मीर में 13.36 लाख अर्थात 23.43 प्रतिशत वोट के सहारे मुख्यमंत्री बने उमर अब्दुल्ला भारत की 1.40 करोड़ आबादी को चुनौती दे रहे हैं, वह अपने-आप में गंभीर मसला है। देश ने कश्मीर के लिए बड़ी कुर्बानी दी है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई को कश्मीर पर लगाया गया है, जवानों ने शहादत दी है और आज भी कश्मीर को भारत के किसी भी दूसरे राज्य से अधिक मिल रहा है। इसके बावजूद जिस तरह वहां की अलगाववादी पार्टियां 370 के लिए मोर्चेबंदी कर रही हैं, वह देश के 1.40 करोड़ लोगों के सेंटीमेंट से खिलवाड़ है। चूंकि कश्मीर की डेमोग्राफी ऐसी है कि वहां हमेशा अलगाववादियों की ही सरकार बनेगी। ये अलगाववादी भारत के पैसे से मजे करेंगे और देश को चिढ़ायेंगे। इसलिए भारत सरकार को कश्मीर में व्यापक बदलाव के लिए कुछ नया करना चाहिए। इसमें कश्मीर को हमेशा संघ शासन के अधीन रखना और विधानसभा को भी खत्म करने जैसा ठोस कदम शामिल होना चाहिए। मुख्यमंत्री उमर



**उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में जिस तरह से 'विशेष राज्य का दर्जा' बहाल करने का प्रस्ताव पास कराया है, उससे उनकी मंशा साफ हो गयी है।**

अब्दुल्ला ने सरकार बनाते ही जिस तरह से विधानसभा में 'विशेष राज्य का दर्जा' बहाल करने का प्रस्ताव पास कराया है, उससे स्पष्ट है कि उन्हें कश्मीर के हालात में सुधार से कोई लेना-देना नहीं हैं। अब्दुल्ला परिवार और उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस का यही राजनीतिक मंसूबा था, क्योंकि अनुच्छेद 370 और 35-ए पार्टी का प्रमुख चुनावी मुद्दा था। हालांकि पार्टी को 23 फीसदी वोट ही हासिल हुए, लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लिहाजा सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बखूबी जानते हैं कि विधानसभा को संविधान में संशोधन करने या ऐसा प्रस्ताव पारित करने का कोई भी अधिकार नहीं है। यह संसद और सर्वोच्च अदालत के फैसलों का उल्लंघन भी है। फिर भी उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी के जरिए प्रस्ताव पेश कराया गया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किया जाये। यह दर्जा अनुच्छेद 370 से मिलता है। प्रस्ताव को लेकर विधानसभा में विधायकों ने हाथापाई, धक्कामुक्की की। यहां तक कि मारपीट भी की गई। विपक्षी सदस्यों को मार्शलों के द्वारा जबरन सदन के बाहर धकियाया गया। यह विधायी सदन है अथवा अराजकता का कोई अखाड़ा है? सत्ता रूढ़ पक्ष अच्छी तरह जानता है कि अब अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी यहां तक कह चुके हैं कि अनुच्छेद 370 को दफनाया जा चुका है। दुनिया की कोई भी ताकत अब उसे वापस नहीं ला सकती। लेकिन सियासत की उछल-कूद कर रहे हैं। सदन में जो असंसदीय, असंवैधानिक, अनधिकृत, अनैतिक हरकत की गई है, उसके अंजाम ऐसे भी हो सकते हैं कि उमर अब्दुल्ला सरकार और विधानसभा प्रतीकात्मक या कहें कागजी बनकर रह सकती है। राज्यत्व का मुद्दा भी लटक कर रह सकता है। क्योंकि राज्य बनते ही इनकी हरकतें और बढ़ जायेंगी। धारा-370 विभाजनकारी प्रावधान था। इसमें राज्य का अलग संविधान, झंडा, नागरिकता और 6 साल के कार्यकाल वाली राज्य की विधानसभा थी। भारत के तमाम कानून यहां मान्य और लागू नहीं थे। जनसंघ के संस्थापक नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के तहत आंदोलन छेड़ा था और अपना बलिदान दिया। भारत की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए सेना के जवान दशकों से कश्मीर में बलिदान दे रहे हैं। ऐसे में उमर अब्दुल्ला या कश्मीर की अलगाववादी पार्टियों को इतना अधिकार नहीं देना चाहिए की देश के लोगों का और जवानों के बलिदान का मजाक बनायें। यह भी समझ लेने वाली बात है कि कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी के बीच आतंकवाद पूरी तरह से खत्म करना, पूरी तरह शांति की स्थापना बहुत कठिन है। इसलिए कश्मीर को संघ शासन के अधीन रखना चाहिए और राज्य में विधानसभा का समापन भी कर देना चाहिए। इससे अलगाववादियों की राजनीति अपने आप खत्म हो जायेगी।

# ट्रंप से सहमा कॉप-29 शिखर सम्मेलन



नौशाबा परवीन

**पिछले दशक की तुलना में सोलर पॉवर का खर्च 90 प्रतिशत कम हुआ है और बैटरी स्टोरेज व विंड एनर्जी में नाटकीय सुधार आया है। चीन का एमिशन भी इस दशक के अंत तक चरम पर पहुंचकर नीचे आ जायेगा। लेकिन चुनौती इस प्रगति से कहीं बड़ी है। बाकू में 12 दिन बाद मालूम होगा कि खेमों में बटा संसार साझा हित के लिए कितना एकजुट होता है।**

अमेरिका में डोनल्ड ट्रंप की जीत के बाद, आज (11 नवम्बर 2024) से अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू हुए संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज 29' (कोप 29) शिखर सम्मेलन पर अनिश्चितता के काले बादल मंडरा रहे हैं, भविष्य अनिश्चित दिखायी दे रहा हैं। हालांकि अभी अनौपचारिक रूप से इस संबंध में कोई कड़ा फैसला आना बाकी है, लेकिन फॉसिल फ्यूल समर्थकों के हितों का भरपूर ख्याल रखने वाले डोनल्ड ट्रम्प की वाइट हाउस में वापसी का अर्थ ही है, क्लाइमेट चेंज के नजरिये में जबरदस्त परिवर्तन का खतरा। ट्रम्प ने संकेत भी दिया है कि अमेरिका एक बार फिर पेरिस क्लाइमेट एग्रीमेंट से बाहर निकल जायेगा। ट्रम्प ने कहा है कि वह तानाशाह नहीं बनेंगे 'सिवाय पहले दिन के, जब वह बॉर्डर बंद करेंगे और ड्रिल, ड्रिल, ड्रिल करेंगे।' दूसरे शब्दों में वह अपने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन जो काम करना चाहते हैं, उनमें क्लाइमेट नीतियों को पलटना भी वरीयता सूची में शामिल हैं। 'ड्रिल, ड्रिल ड्रिल' का वायदा करते हुए उन्होंने फॉसिल फ्यूल्स उत्पादन बढ़ाने की बात कही है।

सम्मेलन में भारत इस बात पर बल दे रहा है कि क्लाइमेट फाइनेंस की परिभाषा को जल्द से जल्द स्वीकार किया जाये ताकि उसकी संग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता आये और 29वें सत्र की सभी बातचीत में सकारात्मक पहलू विकसित हो सके। भारत का मानना है कि क्लाइमेट फाइनेंस व्यवस्था में पारदर्शिता व पूर्वकथन पर अमल होना अति आवश्यक है। गौरतलब है कि 12 दिन की इस लंबी वार्ता, जिसमें 190 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं, में उम्मीद है कि 2025 के बाद के नये फाइनेंस लक्ष्य निर्धारित किये जायेंगे ताकि विकासशील देशों की मदद के लिए पर्याप्त फंड्स एकत्र किये जा सकें और वह अपने अपडेटिड क्लाइमेट एक्शंस (दोनों शमन व अनुकूलन) को लागू कर सकें। कोप 29 का मुख्य थीम क्लाइमेट फाइनेंस ही है, जिसमें रईस औद्योगिक देशों को नया बड़ा फण्ड बनाने में सहयोग करना होगा ताकि विकसित व कमजोर देश फॉसिल फ्यूल्स पर अपनी निर्भरता को शून्य करते हुए क्लाइमेट चेंज के अनुकूल खुद को कर सकें। अब अमेरिका न सिर्फ सबसे रईस देश है बल्कि जीएचजी (ग्रीन हाउस गैसेज) भी सबसे ज्यादा




वही उत्सर्जित करता है, जो पृथ्वी के वातावरण में हीट को ट्रैप कर लेती हैं, जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, बर्फ पिघल रही है और जीवन के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अमेरिका अगर अपनी जिम्मेदारी से भागेगा, जिसकी ट्रम्प राज में प्रबल आशंका है, तो कोप 29 की सारी वार्ता ही पटरी से उतर जायेगी। इसलिए कोशिश यह की जा रही है कि अन्य देशों को अधिक फण्ड देने के लिए तैयार किया जाये, विशेषकर चीन व खाड़ी के देशों को। उन देशों को भी मनाना पड़ेगा, जो उस संकट के लिए पैसा नहीं देना चाहते जो उन्होंने उत्पन्न नहीं किया और जिनका प्रति व्यक्ति एमिशन अब भी रईस पश्चिमी देशों की तुलना में न के बराबर है। इस बीच सभी नियोजित तेल व गैस विस्तार का आधे से अधिक पांच रईस देशों से ही आयेगा। इसलिए बाकू सम्मेलन में भू-राजनीति न्याय, विकास व कर्ज के इर्दगिर्द ही घूमेगी।

**कॉप-29 समिट**

कोप 29 की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सालाना क्लाइमेट फाइनेंस जो वर्तमान में 100 बिलियन डॉलर है, क्या उसे 1 ट्रिलियन डॉलर किया जा सकता है या नहीं, जोकि न्यू कलेक्टिव क्वांटिफाइड गोल (एनसीक्यूजी) है। ध्यान रहे कि पिछला लक्ष्य हासिल न किया जा सका था क्योंकि रईस देश विशेष रूप से अपना योगदान करने में असफल रहे थे। नये लक्ष्य का मार्ग इस समय बहुत कठिन दिखायी दे रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि डोनल्ड ट्रम्प ने अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है और वह हमेशा से ही पेरिस एग्रीमेंट के विरोधी रहे हैं। इस एग्रीमेंट के तहत बाइडेन प्रशासन ने जो निर्णय लिए थे, उनका भी ट्रम्प विरोध करते हैं। भारत इस बात का समर्थन करता है कि कोप 29 में एनसीक्यूजी को अंतिम रूप देते हुए कुछ सिद्धांतों का पालन किया जाये और वह संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन व पेरिस एग्रीमेंट के सिद्धांतों के अनुरूप हों। सम्मेलन में भारत विकसित व विकासशील देशों की साझा व विभेदित जिम्मेदारियों (सीबीडीआर) को ध्यान में रखते हुए और अपने मुख्य हितों को सुरक्षित रखते हुए सभी वार्ताओं में सकारात्मक व रचनात्मक भूमिका अदा करना जारी रखेगा। इसका अर्थ यह है कि भारत विकासशील देशों के लिए कुछ रियायत की मांग करेगा और कन्वेंशन व उसके पेरिस एग्रीमेंट के बुनियादी सिद्धांतों के पालन पर बल देगा। भारत इस बात पर भी जोर देगा कि तय किये गये लक्ष्यों को हासिल करने में विकसित देश विकासशील देशों की फाइनेंस, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर व कैपेसिटी बिल्डिंग से मदद करें। सभी मुख्य वाताओं/समझौतों में भारत का नेतृत्व पर्यावरण व क्लाइमेट चेंज राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह करेंगे। भारतीय दल में पर्यावरण सचिव लीना नंदन भी होंगी। वार्ता के अलग ट्रैक, जिसमें पेरिस एग्रीमेंट के अनुच्छेद 6 के तहत कार्बन मार्किट से संबंधित विषय भी शामिल हैं, में हिस्सा लेने के लिए अंतर-मंत्रालय दल भी बाकू पहुंचा हुआ है, जिसमें पर्यावरण, पॉवर और न्यू एंड रीन्यूएबल एनर्जी मंत्रालयों के अधिकारी शामिल हैं।

गौरतलब है कि कार्बन मार्किट से संबंधित मुद्दों पर बॉन, जर्मनी में कुछ प्रगति अवश्य हुई थी, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण विषयों जैसे एमिशन से बचना आदि पर चर्चा को स्थगित कर दिया गया था। दरअसल, चुनौती इस प्रश्न पर आम सहमति बनाने की है कि बाजार आधारित व्यवस्थाओं को केन्द्रित किया जाये या विकेंद्रित किया जाये? जहां तक भारत की बात है तो वह कोप 29 में एक बार फिर क्लाइमेट न्याय व सस्टेनेबल जीवनशैलियों में हिस्सेदारी और साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों तथा अपनी-अपनी क्षमताओं (सीबीडीआर-आरसी) पर बल देगा। इसका अर्थ है कि भारत विकसित देशों की हर उस चाल का सख्त विरोध करेगा, जिसके जरिये वह संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर करने का प्रयास करेंगे, जिनके तहत रईस देशों पर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह न सिर्फ बड़ी मात्रा में अपने कार्बन एमिशन को कम करें बल्कि क्लाइमेट फण्ड में मोटा योगदान भी करें।

ध्यान रहे कि क्लाइमेट वार्ता आरंभ होने से पहले भारत ने रईस देशों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाया था कि पेरिस एग्रीमेंट इस बात पर बल देता है कि रईस देश क्लाइमेट शमन व अनुकूलन प्रयासों का नेतृत्व करें, विकासशील देशों की मदद (फाइनेंस, टेक्नोलॉजी ट्रान्सफर और डिप्लॉयमेंट एंड कैपेसिटी बिल्डिंग के एतबार से) करें और ऐसा फ्रेमवर्क तैयार करें कि सभी देश अपने क्लाइमेट एक्शंस की रिपोर्टिंग व निगरानी में पारदर्शिता ले आयें। लेकिन इस संदर्भ में कुछ खास हुआ नहीं है और अब जब ट्रम्प वाइट हाउस में पहुंचने वाले हैं, तो लगता है कि अगले वर्ष ब्राजील में कोप 30 से पहले अधिकतर देश अपने अपने क्लाइमेट एक्शंस टारगेट्स को अपडेट नहीं करेंगे। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि केवल अंधेरा व निराशा ही हो। ट्रम्प ने यह हरकतें पहले भी की हैं, बिना क्लाइमेट प्रोजेक्ट को पूर्णतः नष्ट किये हुए। कोप फ्रेमवर्क के बाहर प्राइवेट सेक्टर, सरकारों व समाज सेवियों ने समानांतर वायदों पर हस्ताक्षर किये हैं। रीन्यूएबल एनर्जी पहले से कहीं अधिक सस्ती है। पिछले दशक की तुलना में सोलर पॉवर का खर्च 90 प्रतिशत कम हुआ है और बैटरी स्टोरेज व विंड एनर्जी में नाटकीय सुधार आया है। चीन का एमिशन भी इस दशक के अंत तक चरम पर पहुंचकर नीचे आ जायेगा। लेकिन चुनौती इस प्रगति से कहीं बड़ी है। बाकू में 12 दिन बाद मालूम होगा कि खेमों में बटा संसार साझा हित के लिए कितना एकजुट होता है।

## सोशल मीडिया

अब हर हाथ में तिरंगा लहरायेगा! भाजपा का जुल्म सहा न जायेगा! युवा विरोधी भाजपा का छात्राओं और छात्रों पर लाठीचार्ज बेहद निंदनीय कृत्य है। हम युवाओं के साथ हैं। अखिलेश यादव.



यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को छात्रों के मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है, उन्हें अपने शासन काल में हुई भर्तियों में भ्रष्टाचार याद करना चाहिए। केशव प्र. मौर्य.



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, देश के पहले शिक्षा मंत्री, भारत रत्न श्री अबुल कलाम आजाद जी की जयंती पर सादर नमन। प्रियंका गांधी.



## विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

-तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

# वरदान है प्रसन्नता

## अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**- वीओएल.**

# मोहल्ला सफाई का दायित्व

## व्यंग्यलोक

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। वर्तमान में कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। लोकतन्त्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मै सदस्य बना हूं। वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐसे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही।



पूरन सरमा

कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है?

पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी उल्लेखनीय तो नहीं है लेकिन भाई है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना। इधर आपने सफाई कराई कि मिसेज धारकर आयेंगी और फलों के छिलके गलियारे में फैला जायेंगी। फिर खाने के लिए महाभोज होगा- कुत्ता, सुअर, गाय और साँडों का। आपसी खींचतान, लड़ाई-झगड़ा समाप्त होने से पहले ही माथुर साहब अपना एंटिक काठ-कबाड़ डाल जायेंगे।

# छोटे-छोटे उपायों से जीवन में मिलती है बड़ी कामयाबी



सेल्प-इम्प्रूमेंट

जिंदगी में कामयाब होने के एक नहीं अनेक रास्ते हैं। लेकिन हर रास्ता, हर किसी को कामयाब बना दे, यह जरूरी नहीं है। लेकिन अपवाद के तौरपर कुछ रास्ते या नियम ऐसे होते हैं, जो कभी फेल नहीं होते बशर्ते उन पर चलने के लिए हम कमर कस लें। इस लेख में हम ऐसे ही पांच सीक्रेट का पदार्फाश करेंगे, जिन पर चलकर दुनिया का कोई भी इंसान कामयाब हो सकता है।

**रोज सुबह जल्दी उठना**

अगर हम जीवन में 25 साल के पहले ही यह नियम बना लें कि रोज सुबह जल्दी उठेंगे तो हमें कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। यह कोई अंधविश्वास नहीं है बल्कि इसके पीछे जबरदस्त वैज्ञानिक कारण हैं। जब हम सुबह जल्दी उठते हैं तो हमें दिनभर के अपने अनेक कामों के लिए न केवल पर्याप्त समय मिलता है बल्कि उनके बारे में सोचने, विचारने का भी हमें अच्छे से मौका मिलता है। जिस कारण हम तनाव से दूर रहते हैं। याद रखिए, तनाव का सबसे बड़ा कारण ये होता है कि हमें लगता है कि हम कोई काम कर सकते हैं, लेकिन हमारे पास समय नहीं है। इसलिए सुबह जल्दी उठने से हमें वह जरूरी वक्त मिल जाता है, जो हमारी कामयाबी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसके अलावा जब हम सुबह जल्दी उठते हैं तो हम दिनभर एक पॉजीटिव एनर्जी से भरपूर रहते हैं और ऐसे लोगों के मुकाबले डेढ़ से दोगुना परफॉर्मेंस करते हैं जो सोकर देर से जगते हैं। जब हम सुबह सही समय पर जगते हैं तो हम सुकून से नाश्ता करते हैं और बिना हड़बड़ी में आये अपने दफ्तर पहुंचते हैं। यह रिलैक्स्ड हमें ऊर्जा और आत्म विश्वास से भरपूर बनाता है।

**हर महीने पैसे सेव करना:** यूं तो किसी भी उम्र में पैसे सेव करना हमारी कामयाबी में कई तरह से मददगार होता है। लेकिन अगर हमने शुरू से ही नियमित रूप से पैसे बचाना अपनी आदत का हिस्सा बना लिया, तो हम उस उम्र तक आते आते जब कई दूसरे लोग गंभीरता से पैसे कमाने के बारे में सोचते हैं, हम इतने पैसे बचा सकते हैं कि चाहें तो अपना शानदार बिजनेस शुरू कर सकते हैं। फाइनेंस एडवाइजर कहते हैं कि पैसे वाला होने के लिए एक सबसे आसान तरीका यह है कि 25 की उम्र के पहले पैसे बचाना शुरू कर दीजिए और 40 की उम्र आते आते आपके पास बिना किसी तरह का कर्ज लिए या आर्थिक दबाव में आये अपना कारोबार करने के लिए जरूरी पैसें होंगे और यह कारोबार आपको कहीं से कहीं पहुंचा देगा।

**कम उम्र में बिजनेस शुरू करना**

दुनिया में कोई ऐसा इंसान नहीं है जिसने अपना बिजनेस शुरू करने के बाद पहले कुछ दिनों तक लड़खड़ाया न हो या दूसरे शब्दों में कहें कि उसने असफलता न देखी हो। दरअसल कुछ बातें कभी भी किताबों से नहीं सीखी जा सकती, उनमें से एक कारोबार भी है। कारोबार हमेशा करके ही सीखा जाता है, आप कितना ही उसके बारे में पढ़ लें, लेकिन आपमें वह स्मार्टनेस कभी नहीं आयेगी, जो दूरंदेशी और स्मार्टनेस आपको एक तयशुदा कारोबारी अनुभव के बाद आती है। अगर हम जिंदगी में जल्दी अपना बिजनेस शुरू कर देते हैं, तो हमें कामयाबी भी न सिर्फ जल्दी मिलती है बल्कि सौ फीसदी मिलने की गारंटी भी हो जाती है।

**हर दिन अपने लक्ष्य लिखना**

कामयाबी का यह सबसे बड़ा सीक्रेट है जिससे जानने या सीखने के लिए आपको एक पैसे भी नहीं खर्च करना। यह सिर्फ एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो हमें पूरी तरह से बदलकर रख देती है। अगर हम हर दिन सुबह उस दिन के अपने टारगेट लिख लें और यह संकल्प ले लें कि आज ये काम हर हाल में करना है, तो शुरू में भले आप हताश हों, लेकिन अगर ईमानदारी से इसकी कोशिश करते रहे तो जल्द ही वह समय आयेगा, जब आप हर दिन उस दिन के लिए लिखे गये लक्ष्य को पूरा करने वालों में शामिल होंगे। जब हम ऐसा करते हैं और हर दिन के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं, तो कहने की जरूरत ही नहीं रह जाती कि हम कामयाब हो गये। दरअसल यह कामयाबी की गारंटी होती है।

**रोजाना एक्सरसाइज करना:** इसमें कोई बहाना नहीं चलना चाहिए। हर हाल में यह मानकर चलें कि अगर स्वस्थ रहेंगे, तभी सफल होंगे और तभी सफलता के लिए हमें धैर्य होगा और नये नये विचार भी तभी आएंगे। इसलिए जरूरी है कि हर दिन सुबह एक घंटे एक्सरसाइज करना। चाहे व्यस्तता कितनी ही हो, लेकिन एक घंटे की एक्सरसाइज के लिए रास्ता निकाल ही लें, क्योंकि यह आपके जीवन, अस्तित्व और कामयाबी से जुड़ा प्रश्न है।

**नरेंद्र कुमार.**

## आपकी बात

### कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे?

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### आतंकवाद पर स्पष्ट नीति

आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-दूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

**अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.**

संक्षेप



## श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मिलती है पापों से मुक्ति : नीरज कृष्ण

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। गौरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को सातवां एवं अंतिम दिन बड़े श्रद्धा भाव से मनाया गया। कथाव्यास आचार्य नीरज कृष्ण पाण्डेय ने इस दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने वाला व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त करता है। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य ने बताया कि सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे, जो गरीबी में भी भगवान का ध्यान करते रहते थे। श्रीकृष्ण ने सुदामा की महानता को पहचाना और उन्हें द्वारका बुलाकर न केवल सम्मानित किया, बल्कि उनकी गरीबी दूर करने के लिए उन्हें ऐश्वर्य भी प्रदान किया। इसके बाद आचार्य ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई, जिनका जीवन श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से पापमुक्त हुआ और वे भगवान के परम धाम को पहुंचे। कथा के समापन पर मुख्य यजमान डॉ. रामकुमार त्रिपाठी और उर्मिला त्रिपाठी ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस धार्मिक अनुष्ठान में चंद्रप्रताप सिंह, राम आचार्य त्रिपाठी, लक्ष्मीकान्त मिश्र, अजय तिवारी, तुंगनाथ त्रिपाठी और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विद्यालय के विकास पर हुई चर्चा

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला मोतिगरपुर कस्बे के कम्पोजिट विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। सोमवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति व अभिभावक शामिल हुए। मुख्य अतिथि प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधान व प्रधानाध्यापक को मिलजुल कर विद्यालय के विकास में भूमिका निभाते हुए बच्चों के शिक्षा को आगे बढ़ाना चाहिए। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सत्यदेव सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अधिक से अधिक भूमिका होनी चाहिए। डां अकील अहमद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। एआरपी विनय विश्वकर्मा, कौशिक सिंह, दिनेश चंद्र शर्मा ने संबोधित कर अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए सहयोग की अपील किया। खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव प्रसाद यादव ने आए हुए सभी शिक्षकों, प्रधान व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। कार्यक्रम में कुछ वर्षों पूर्व कैथाना विद्यालय के लिए जमीन दान करने वाले घनश्याम लाल श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। बच्चों ने भजन गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधान शम्भू प्रसाद, शारदा यादव, रणजीत वर्मा, शिक्षक मुकेश सिंह, शरद मिश्र, नरेंद्र प्रताप वर्मा, अखिलेश उपाध्याय, श्रीपाल यादव, राकेश सिंह, अशोक सिंह, शिवाधार पाठक, अखिलेश दूबे, नीतू सिंह, अर्चना कुशवाहा, वंदना पांडेय, आरती देवी आदि मौजूद रहे।

# जिले में गौरक्षा एक मॉडल के रूप में हो रहा स्थायी : श्याम बिहारी

- गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पहुंचे जिले में एक गाय, एक किसान अभियान, के तहत बतायीं पांच जमीनी हकीकत

सुलतानपुर (वीओएल)। बनारस से लखनऊ जाते समय रविवार की देर शाम सुलतानपुर 400 केवी स्थित



विश्राम कक्ष मे गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने पशु चिकित्सा अधिकारी समेत गौ रक्षकों से मुलाकात कर गौशाला का निरीक्षण कर प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को (फाइब -ई) के नये टिप्स भी दिए।

जिले के पयागीपुर स्थित 400 केवी विश्रामालय में पहुंचे गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के पहुंचने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार तिवारी, उप पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधीर कुमार श्रीवास्तव के अलावा गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह, जिला संयोजक राकेश सिंह उर्फ दद्दू सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ ने पुष्प पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान मौजूद गौ सेवकों व किसानों को गौशाला में मौजूद गौ आधारित खेती करने के लिए (पाच-ई) पांच फायदे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक किसान, एक गाय अभियान चलाकर लोगों की पांच जमीनी हकीकत से जुड़ने की जरूरत है, जिससे उनकी (फाइब-ई) और मजबूत होगी एंप्लॉयमेंट, एन्वायरनमेंट, इकोनामिक, एनर्जी, एजूकेशन जो प्रमुख हैं। इसके मजबूत होने से गौ सेवा करने को बढ़ावा मिलेगा तथा छुट्टा जानवर व निराश्रित गायों से पूरी तरह छुटकारा मिलेगा। अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने में पशुपालकों को जो दूध के अलावा कई लाभ मिलते हैं उनमें भैंस के दूध की कीमत से अधिक गाय के दूध की कीमत होगी। अपने हाथों से गौ सेवा भी किया। निरीक्षण में साफ सफाई चारे, विद्युत की व्यवस्था सब सही पाया। इस मौके पर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार श्रीवास्तव, पशु चिकित्सक डॉक्टर पीके सिंह, डॉ. पवन सिंह, डॉ. यसपी सिंह, विनोद पाल, नायब तहसीलदार कुड़वार, गौ रक्षक संगीता शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम के निरीक्षण में बंद मिला धान क्रय केंद्र

## कई पीसीएफ केंद्र पर बोरे के अभाव में धान खरीद बंद



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा ने स्थानीय तहसील क्षेत्र के कई धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। तहसील क्षेत्र के बढ़ौनाडीह में पीसीएफ का क्रय केंद्र संचालित है एसडीएम के निरीक्षण के समय केंद्र बंद मिला केंद्र एसडीएम का फोन प्रभारी रमेश शुक्ला ने नहीं उठाया। एसडीएम द्वारा क्रय केंद्र पर नमी मापक यंत्र बोरा कांटा किसानों के लिए पीने के पानी और बैठने की व्यवस्था को देखा जो सही पाया गया। बेलहरी में विपणन शाखा के जयसिंहपुर प्रथम और द्वितीय के नाम से केंद्र संचालित है प्रथम पर पांच किसानों से दो सौ तीस कुंटल अस्सी किलो धान की खरीद हुई है द्वितीय पर चार किसानों से दो सौ उन्हत्तर कुंटल बीस किलो खरीद हुई है। दियरा में मार्केटिंग विभाग के क्रय केंद्र पर पांच किसानों से एक सौ नवासी कुंटल साठ किलो की खरीद हुई है पर खरीदा गया धान खुले में रखे होने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। पारसपट्टी में पीसीयू के क्रय केंद्र पर अभी तक दो किसानों से 39 कुंटल अस्सी किलो धान की खरीद हुई है। क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभी तक बोरा नहीं मिला है। एसडीएम ने तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों को फोन कर बोरा पहुंचाने का निर्देश दिया। भीखूपुर में पीसीएफ के क्रय केंद्र पर अभी तक खरीद शुरू नहीं हुई है। सेमरी क्रय केंद्र पर भी बोरे के अभाव में खरीद बन्द मिली एसडीएम द्वारा सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया गया और निरीक्षण में मिली कमियों का एडीएम को रिपोर्ट भेजी गई।

# महिला थानाध्यक्ष पर युवक ने लगाया अभद्रता का आरोप

अमेठी। पत्नी से चल रहे विवाद में समझौते के लिए महिला थाना बुलाये गये युवक ने महिला थाना अध्यक्ष पर अभद्रता का आरोप लगाया है. युवक ने एसपी ऑफिस पहुँचकर महिला थाना अध्यक्ष के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है. युवक ने अपना वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है जिसमें वह महिला थाना अध्यक्ष ममता रावत पर गंभीर आरोप लगा रहा है. युवक का कहना है महिला थानाध्यक्ष ने उसे जमीन पर बैठाया और मुकदमा लिखने की धमकी दे रही है जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी बौलहा गांव के रहने वाले कपिल कुमार ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए महिला थानाध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि, पत्नी से चल रहे विवाद को लेकर समझौते के लिए उसे थाने बुलाया गया था, जहाँ महिला थानाध्यक्ष ममता रावत ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और उसे जमीन पर बैठाया. इसके अलावा मुकदमा लिखने की धमकी भी दी. थानाध्यक्ष के व्यवहार से आहत कपिल शिकायत लेकर एसपी आफिस पहुँचा लेकिन आज रविवार का दिन होने के कारण आफिस बंद था.युवक ने कहा कि, वो पत्नी को रखना चाहता है लेकिन पत्नी उसके साथ नहीं रहना चाहती है. युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## जमीनी विवाद में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल



शाहगढ़, अमेठी। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें बीच बचाव करने गये युवक को दूसरे पक्ष ने मारपीट किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। मामला थाना क्षेत्र मुंशीगंज के अन्तर्गत चौकी क्षेत्र शाहगढ़ के किटियावा गांव का है जहां रविवार की सुबह स्नेह सिंधु पांडे व उमा देवी का आपसी विवाद जमीन पर मोरंग, ईंट रखने को लेकर हो चला आ रहा था जहां दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो रही थी कि बीच बचाव करने गये बांके सिंह पर स्नेह सिंधु पांडे के परिजनों ने जमकर मारपीट किया। मारपीट की घटना के बारे में जानकारी होने पर बांके सिंह के परिजनों ने स्नेह सिंधु पांडे के परिजनों से मारपीट किया और घर पर खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताते चलें कि दोनों पक्षों का जमीनी विवाद पहले से चला आ रहा था जिसमें दोनों पक्ष आमने-सामने हो गये। सोशल मीडिया पर मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। इस सम्बन्ध में सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक किया



अमेठी। विकास खंड बहादुरपुर अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 के क्रम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के द्वारा सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया। दोनों विभागों ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बालिकाओं को पिंक बूथ एवं थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में बताया। मिशन शक्ति के उद्देश्यों एवं महिलाओं के आत्म रक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा, जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन कराया गया। साथ ही महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं, हेल्प लाइन नंबर 1090 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से बताया गया। उन्हें अपनी समस्या निर्भीक होकर पिंक बूथ या महिला हेल्प डेस्क, महिला चौकी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को बताने के लिये कहा गया। बच्चियों को गुडटच-बैडटच के विषय में चर्चा की। इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को जानकारी देने के बारे में बताया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव व विद्यालय की शिक्षिकाएं पूनम सिंह, निधि कन्नौजिया, जूही सिंह, आकांक्षा श्रीवास्तव एवं विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया।

# चंद्रदेव सिंह ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। जहां चारों तरफ बेरोजगारी के चलते चोरी, छीनैती सहित तमाम केस हो रहे हैं। वहीं ईमानदार लोगों की भी कमी नहीं है। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे दत्ता पांडेय उसकामऊ निवासी घर में शादी की तैयारी चल रही थी। बता दें कि दिनेश पांडेय पांच साल बाद गुजरात से अपने गांव लौटे थे गांव में उनके घर पर शादी की तैयारियां चल रही थी बैग में कीमती गहने व कपड़े थे जिन्हें शादी में उपयोग होना था। हलियापुर पहुंचे ही थे कि दिनेश पांडेय का बैग हलियापुर में बनी ओवर ब्रिज के नीचे गिर गया। जिसमें बेटी की शादी के लिए बेशकीमती लाखों के गहने व कपड़े थे। जब घर पहुंचे तो घटना की आपबीती घर वालों को बताई तो घर में अचानक सबके होश उड़ गए। वह बैग चंद्रदेव सिंह निवासी हलियापुर को मिला। तो उन्होंने गांव के प्रभात सिंह को बताया प्रभात ने सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रुप में बैग मिलने की सूचना डाली। करुण सिंह ने बताया कि बैग के बारे में हलियापुर के ग्रुप में पोस्ट किया गया है। इसके बाद दिनेश पांडेय ने रात को चंद्रदेव सिंह के घर पहुंचकर बैग की पहचान की। बैग में रखे बेशकीमती गहनों और कपड़ों को पाकर दिनेश ने चंद्रदेव को धन्यवाद दिया।

# टैबलेट पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

## केएनआईपीएसएस के बीटेक तथा पॉलीटेक्निक छात्रों को वितरित किया गया टैबलेट



सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक. तथा पालीटेक्निक के विद्यार्थियों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केएनआईपीएसएस के पूर्व उप प्राचार्य प्रो. (डा.) सुशील कुमार सिंह तथा पूर्व प्राचार्य एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. (डा.) राधेश्याम सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। पूर्व उप प्राचार्य ने कहा कि सरकार की इस योजना को छात्रोपयोगी बताया एवं सभी छात्र-छात्राओं को उनके करियर में नई ऊंचाइयां प्राप्त करने हेतु प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। प्रो. राधेश्याम सिंह ने तकनीकी को करियर के विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए छात्रों को टैबलेट के रचनात्मक और सकारात्मक प्रयोग हेतु प्रेरित किया और सिर्फ नौकरी के पीछे न भागकर स्व उद्यमी बनने पर बल दिया।

इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक प्रो. (डा.) डी.एस. पुन्डीर ने सभी छात्र छात्राओं को टैबलेट प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दीं। संस्थान के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने छात्रों को तकनीकी रुप से सक्षम बनने हेतु टैबलेट का सदुपयोग करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर इंजीनियरिंग संकाय के सभी विभागाध्यक्ष एके सिंह, जय चन्द, सैनुद्दीन, कसीम खान, प्रदीप द्विवेदी, डा. सरबप्रीत सिंह, हरि कृष्ण मिश्रा, जेपी मिश्रा, ग्रीष्मा श्रीवास्तव, मनोज भार्गव, शुभ्रा उपाध्याय, मो. परवेज, अवधेश प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, राम मिलन आदि मौजूद रहे।

# बोले विधायक, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम

## अमेठी से हजारों रामभक्तों के साथ रवाना हुए सपा के बागी विधायक

गौरीगंज,अमेठी । गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के बाद विधायक राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में आज हजारों की संख्या में राम भक्त अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हो गए. गाजे-बाजे, ढोल नगाड़े और हाथी घोड़ो के साथ जय श्री राम का नारे लगाते हुए हजारों राम भक्त अयोध्या के लिए रवाना हुए. विधायक राकेश प्रताप सिंह की पदयात्रा में प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि समेत जिले के सभी बड़े भाजपा नेता शामिल हुए. उत्तराखंड के पीठाधीश्वर कृष्णाचार्य और अमेठी के हिंदू धर्म गुरु मौनी महाराज ने विधायक के साथ



पदयात्रा की शुरूआत की। अमेठी के गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह एमएलसी चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट करने के बाद चर्चा में आये. जिसके बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें वाइ प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की. राम मंदिर उद्घाटन के दौरान पार्टी के विरोध के चलते रामलला का दर्शन करने से वंचित रह गए, विधायक ने तभी ठाना को वो आने वाले समय में राम लला का दर्शन करने जाएंगे. अपने प्रण के साथ सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह आज हजारो लोगों के साथ भगवान राम का दर्शन करने के लिये अयोध्या के लिये रवाना हो गए. विधायक की 108 किलोमीटर की पदयात्रा होगी. 14 नवंबर को रामलला का दर्शन करने के बाद समाप्त होगी.

तीन जगहों पर होगा ठहराव

विधायक राकेश प्रताप सिंह की पदयात्रा का गौरीगंज से लेकर अयोधया तक तीन जगहों पर ठहराव होगा, जहां सभी रामभक्तो के साथ रात्रि विश्राम करेंगे ।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में पक्ष-विपक्ष में हुई गहमा गहमी

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक मुख्यालय धनपतगंज में प्रमुख पार्वती की अध्यक्षता मे शुरू हुई। खंड विकास अधिकारी ने सदन मे एजेंडा प्रस्ताव पढ कर सुनाया और क्षेत्र पंचायत मनरेगा के अंतर्गत पूर्व में पारित बजट प्रस्ताव और कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। तथा अपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिये खंड विकास अधिकारी ने गाइड लाइन की जानकारी सदन को दी। सदन मे सदस्यों की कम संख्या को देखते हुये ध्वनि मति से बैठक कार्यवाही पूरी कर ब्लॉक प्रमुख के आदेश पर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक समाप्ति के बाद विपक्षी सदस्यों ने बैठक कार्यवाही को कम समय मे कोरम के अभाव और बजट प्रस्ताव पर सदन मे चर्चा न होने का आरोप लगाया। और काफी देर तक वीडियो विमलेश त्रिवेदी के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यों की नोक झोंक होती रही। इसी बीच पूर्व ब्लॉक प्रमुख यस भद्र सिंह (मोनू) और उनके समर्थकों के पंहुचने के बाद खंड मुख्यालय मे गहमागहमी शुरू हो गई। जिसमे वीडीओ की सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी रामाशीष उपाध्याय को सख्त रवैय्या अपनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनानी पड़ी। बताते चले पूर्व ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह के कानूनी अड़चन के बाद अपदस्थ होने के बाद उप चुनाव मे पार्वती सरोज के ब्लॉक प्रमुख चुने जाने के बाद पहली क्षेत्र पंचायत की बैठक 24 अक्टुबर मे बुलायी गई थी, जो कोरम के अभाव मे पूरी नही हो सकी। दोबारा यह बैठक आज 11 नवम्बर को आहूत थी जो आज सम्पन्न हुई।

# विवाहिता ने कराया दहेज उत्पीड़न का केस

अमेठी। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा सेमरौता की एक विवाहिता द्वारा अपने पति समेत अन्य आधा दर्जन ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है ससुरालीजनों द्वारा चार लाख नकद रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को आये दिन शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने दहेज लोभियों के खिलाफ मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नही कर सकी है। थाना क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासी राम समुझ वैश्य की सुपुत्री रुबी वैश्य की शादी 4 फरवरी 2022 को संदीप वैश्य पुत्र स्व. गंगा प्रसाद वैश्य निवासी ग्राम तिनेरा थाना फुरसतगंज के साथ हुई थी। मायके पक्ष के द्वारा अपनी क्षमता से अधिक दान दहेज उपहार स्वरुप दिया था लेकिन दहेज लोभी ससुरालीजनों द्वारा 4 लाख रुपया नकद के साथ ही अन्य सामग्री की मांग को लेकर विवाहिता को आये दिन परेशान किया करते थे। पीड़िता ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती 18 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे ससुरालियों ने दहेज की उक्त मांग को लेकर उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। मायके पक्ष के लोग उक्त मामले को सुलझाने में लगे रहे लेकिन दहेज लोभी अपनी जिद पर अड़े रहे। पुलिस ने विवाहिता रुबी वैश्य की तहरीर पर पति संदीप वैश्य, देवर निखिल वैश्य, सास सविता, ननद ज्योति, बबिता, ममता निवासीगण ग्राम तिनेरा थाना फुरसतगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्जकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

# खिलखिलायेगा भट्ठा मजदूरों के बच्चों का बचपन

- ईंट – भट्ठों पर श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने संचालकों के साथ की गई बैठक

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा

अमेठी। तपती धूप, सर्द मौसम और बरसात के थपेड़ों का सामना कर ईंट भट्ठा के मजदूर दूसरे का घर बनाने-संवारने का कार्य तो करते हैं पर उनके बच्चों का भविष्य इन थपेड़ों में गुम हो जाता है। सरकार ने अब इनकी सुधि ली है। बेसिक शिक्षा विभाग ने ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की कमर कसी है। प्रोजेक्ट सर्वोदय के तहत इन बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने की योजना पर कार्य चल रहा है। जिले में 280 ईंट भट्ठा संचालित हैं। प्रत्येक भट्ठे पर 200 से 250 मजदूर कार्य करते हैं। इस तरह लगभग 70 से 75 हजार मजदूर कार्यरत हैं। झारखंड, बिहार और मध्य प्रदेश से आने वाले यह प्रवासी मजदूर परिवार के साथ काफी संख्या में आते हैं। औसतन एक परिवार में दो से तीन बच्चे होते हैं। लगभग दो लाख इन बच्चों का बचपन ईंट भट्ठे की धूल में गुम हो जाता है। यह शिक्षा से पूरी तरह वंचित रह कर अपने माता-पिता के पारंपरिक पेशे से जुड़ने को मजबूर होते हैं। विभाग की योजना से प्रवासी बच्चों के जीवन में शिक्षा की ज्योति जला मुख्य धारा में लाने की है। प्रवासी मजदूरों को पढ़ाने में सबसे ज्यादा समस्या इनके सत्र शुरू होने के बाद आने व सत्र समाप्ति के पूर्व ही चले जाने से आती है। ऐसे में शिक्षकों के समक्ष कई तकनीकी दिक्कतें खड़ी होती है। ऐसे में विभाग प्रवासियों के नामांकन आदि को लेकर शिक्षकों को ट्रेनिंग देने जा रहा है। ईंट भट्ठो पर कार्य करने वाले मजदूरों से जब उनके बच्चों की शिक्षा को लेकर पूछा गया तो उनका दर्द छलक आया। प्रवासी मजदूरों ने कहा कि कौन नहीं चाहता अपने बच्चों को आगे बढ़ाना। लेकिन पेट की आग बुझाने में ही जीवन गुजर जाता है। सरकार भी हमारी सुधि नहीं लेती।

ईट भट्ठा संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह का कहना है कि संघ की तरफ से सभी ईट भट्ठा मालिकों को निर्देश है कि वह बच्चों को नजदीकी स्कूल में भेंजे। यदि सरकार की कोई अलग से योजना आई है तो उसमें भी पूरा सहयोग किया जाएगा।

## बच्चों को किया जाएगा चिह्नित: सीडीओ

सीडीओ सूरज पटेल ने बताया कि सरकार शिक्षा से वंचित बच्चों के भविष्य को चिंतित है। आउट आफ स्कूल रहने वाले बच्चों को चिंहित कर उनके अभिभावकों को विद्यालय में नामांकन और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने की योजना बनी है। खास कर ईंट भट्ठा पर कार्यरत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाने की योजना है। शीघ्र ही समाज में इसका सकारात्मक असर दिखने लगेगा। सीडीओ सूरज पटेल ने कहा कि ईंट भट्टा सेवायोजक अपने भट्ठे पर सुविधा अनुसार कक्ष की उपलब्धता करवाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से बच्चों के पढ़ने के संबंध में व्यवस्था की जाएगी। श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था कराना चैरिटी का कार्य है। ईट भट्टा सेवायोजको की यह सामाजिक जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा भी सहयोग का आश्वासन दिया गया है। मीटिंग में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त जीएसटी, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ईट भट्ठा एसोसिएशन के महामंत्री चंद्रकेश सिंह, राम सिंह और अन्य भट्ठा संचालकों द्वारा मीटिंग में प्रतिभाग कर अपने विचार भी व्यक्त किए।

## श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

सुलतानपुर (वीओएल)। श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञानयज्ञ के पूर्व ग्राम पूरे पंडित आचार्य में पण्डित जगदेव प्रसाद पाण्डेय शास्त्री के आवास पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विशेष रूप से धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई। कलश यात्रा का उद्देश्य भगवान के आशीर्वाद से कथा आयोजन की शुरूआत करना था, ताकि पूरे आयोजन में शुभता और समृद्धि बनी रहे। कलश यात्रा की शुरूआत कुल मंदिर शिवालय से हुई, जहाँ से यात्रा बाबा दुल दुल दास की कुटी तक पहुंची। इसके बाद, यात्रा गोमती नदी के तट पर पहुंची, जहाँ महिलाओं ने पवित्र जल से कलशों को भरकर श्रीमद्भागवत कथा स्थल, ग्राम पूरे पंडित आचार्य बड़नपुर में पहुंचाया। यात्रा में भाग लेने वाले भक्तगणों का उत्साह देखते ही बनता था।

# आर्म बॉक्सिंग खिलाड़ियों को थानाध्यक्ष ने किया सम्मानित



सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को देहात कोतवाली सुलतानपुर में राष्ट्रीय आर्म बॉक्सिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 18 से 20 अक्टूबर 2024 तक चैक स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुई थी, जिसमें सुलतानपुर के सात खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर केटेगरी में मो. रेहान (-56 किग्रा) और राहिल खान (-52 किग्रा) ने गोल्ड मैडल जीते, जबकि मो. उजैर (-48 किग्रा), नूर मोहम्मद (-25 किग्रा), गुल मोहम्मद (-32 किग्रा), निहाल खान (-36 किग्रा) और ताज मोहम्मद (-44 किग्रा) ने सिल्वर मैडल हासिल किए। इन खिलाड़ियों और उनके अधिकारियों को सम्मानित करते हुए कोतवाली देहात के थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने उन्हें मैडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए। उत्तर प्रदेश आर्म बॉक्सिंग के अध्यक्ष नसीरुद्दीन ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में और सफलता की शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर राष्ट्रीय रेफरी मो. मजीद अली, शुभम धुरिया, आशुतोष शर्मा, अल्तमस रजा, सय्यद अबदत हुसैन आदि मौजूद रहे।

voiceoflucknow@gmail.com




## संक्षेप

### मांजरेकर ने गंभीर पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। गौतम गंभीर पर अप्रत्याशित रूप से तीखा हमला बोलते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सोमवार को कहा कि भारतीय मुख्य कोच के पास प्रेस से बातचीत करते समय सही आचरण और शब्दों का अभाव है और उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से उन्हें मीडिया से बात करने की जिम्मेदारियों से दूर रखने का आग्रह किया। मांजरेकर की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए प्रस्थान से पूर्व गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटों बाद आई है। अपनी बेबाकी के लिए पहचाने जाने वाले गंभीर ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के रन बनाने के लिए संघर्ष करने, कोहली की फॉर्म पर रिकी पोंटिंग की टिप्पणी, भारतीय टीम में बदलाव के दौर और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम संयोजन पर सवालों के जवाब दिए। मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, मैंने अभी-अभी गंभीर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में देखा। बीसीसीआई के लिए उन्हें इस तरह की जिम्मेदारियों से दूर रखना समझदारी होगी, उन्हें पर्दे के पीछे से काम करने देना चाहिए।

### मिलर ने एक हाथ से डाइविंग कैच पकड़ा

साउथ अफ्रीका। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 मैच में भारत को 3 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। केबेरा में रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में कई मोमेंट्स देखने को मिले। इनमें डेविड मिलर ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया, तिलक वर्मा का 103 मीटर का सिक्स शामिल रहा, जो स्टेडियम के बाहर चला गया। भारतीय पारी के पहले ओवर में यानसन ने संजू सैमसन को बोल्ड कर दिया। यहां ओवर की तीसरी बॉल पर संजू लॉन्ग ऑन की तरफ बड़ा शॉट मारना चाहते थे, लेकिन गेंद पिच पर गिरने के बाद अंदर स्विंग हुई और उछाल के साथ स्टंप को हिट कर गई। संजू शून्य पर आउट हुए। पहले दो ओवर में साउथ अफ्रीका ने भारत के दोनों ओपनर्स को आउट कर दिया। दूसरे ओवर में अभिषेक शर्मा रिव्यू लेने के कारण बच गए। ओवर की चौथी बॉल जेराल्ड कूट्जी ने लेग स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। अभिषेक पुल करने गए, लेकिन बॉल विकेटकीपर के हाथों में चली गई। साउथ अफ्रीका ने कॉट बिहाइंड की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला सुना दिया। अभिषेक ने रिव्यू लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल बैट से नहीं लगी थी। इसलिए अंपायर को अपना फैसला पलटना पड़ा। हालांकि, अभिषेक इस ओवर की 5वीं बॉल पर ही शॉर्ट फाइन लेग पर खड़े फील्डर के हाथों कैच हो गए।

### रिकी पोंटिंग भारत नहीं ऑस्ट्रेलिया की चिंता करें

मुंबई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म और भारतीय टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठाने वाले रिकी पोंटिंग पर पलटवार करते हुए सोमवार को यहां कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज खिलाड़ी को केवल अपने देश की क्रिकेट को लेकर चिंता करनी चाहिए। पोंटिंग ने हाल में कहा था कि कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि पिछले पांच वर्षों में यह भारतीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में केवल दो शतक लगा पाया है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा था कि यह स्टार बल्लेबाज वापसी करने में सक्षम है और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं हो सकती है। गंभीर ने भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना देना है। मुझे लगता है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट के बारे में चिंतित होना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे विराट हो या रोहित, मैं किसी को लेकर चिंतित नहीं हूं। कोहली इस साल अभी तक टेस्ट मैचों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में 70 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने अपना आखिरी शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में लगाया था। भारत हाल में न्यूजीलैंड से घरेलू श्रृंखला में तीनों मैच हार गया था। कोहली ने इस

# वरुण चक्रवर्ती ने सबको चौकाया

## अर्शदीप भारत के तीसरे टॉप विकेट टेकर, टी-20 की सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी



**साउथ अफ्रीका।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में भारत को 3 विकेट से हराकर 4 टी-20 की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। मैच में एक समय भारत जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स (47) और जेराल्ड कूट्जी के 19 रन की मदद से टीम ने मुकाबला अपने नाम किया। मैच में कई रिकॉर्ड्स बने। संजू टी-20 इंटरनेशनल में भारतीय विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज बने, अर्शदीप ने विकेट के मामले में जसप्रीत बुमराह की बराबरी की। अभिषेक शर्मा अपनी आखिरी 8 में से 7 इनिंग के पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गए। पिछली 3 इनिंग में उन्होंने 15 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती ने टी-20 में साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्करम को 3-3 बार आउट किया। टी-20 में शून्य पर आउट होने वाले भारतीय विकेटकीपर टी-20 इंटरनेशनल में किसी भी भारतीय विकेटकीपर के सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के मामले में संजू सैमसन पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। वे 16 इनिंग में 4 बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। उनके बाद ऋषभ पंत हैं, जो 54 परियों में 4 बार शून्य पर आउट हुए। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 85 इनिंग में सिर्फ एक बार शून्य पर आउट हुए। भारतीय बल्लेबाज का टी-20 में सबसे कम स्ट्राइक रेट हार्दिक किसी भी भारतीय बल्लेबाज के मुकाबले 40 से ज्यादा बॉल खेलकर सबसे कम स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने केबेरा में 45 बॉल पर नाबाद 39 रन बनाए। पारी में उनका स्ट्राइक रेट 86.67 रहा। इस मामले में पहले नंबर पर ईशान किशन हैं, उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 42 बॉल पर 35 रन बनाए थे। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 83.33 रहा था। अर्शदीप ने बुमराह की बराबरी की भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली। बुमराह के 70 मैच में 89 विकेट हैं, जबकि अर्शदीप को 58 मैच में 89 विकेट मिले। पहले नंबर पर 96 विकेट के साथ ? ?स्पिनर युजवेंद्र चहल तो दूसरे नंबर पर 90 विकेट के साथ भुवनेश्वर कुमार हैं। टी-20 में भारतीय गेंदबाजों की बेस्ट बॉलिंग वरुण चक्रवर्ती ने केबेरा में 17 रन देकर पांच विकेट लिए। वह टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए बेस्ट बॉलिंग के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे पहले कुलदीप यादव हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के ही खिलाफ 2023 में 17 रन देकर 5 विकेट लिए थे। पहले नंबर पर युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 6 विकेट लिए थे। भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में पांच विकेट वरुण चक्रवर्ती भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में पांच विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार (दो बार), कुलदीप यादव (दो बार) और दीपक चाहर ने पांच विकेट लिए हैं। टी-20, 2024 में सबसे ज्यादा जीत भारत 2024 में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम है। इस साल टीम इंडिया ने 24 मैच खेले, जिसमें उसे 20 में जीत और 2 में हार मिली। दूसरे नंबर पर जापान है, जिसने 25 मैचों में से 18 मुकाबले जीते हैं, जबकि उसे 6 में हार मिली। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 मैच में भारत को 3 विकेट से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। केबेरा में रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में कई मोमेंट्स देखने को मिले। इनमें डेविड मिलर ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया, तिलक वर्मा का 103 मीटर का सिक्स शामिल रहा, जो स्टेडियम के बाहर चला गया

**घरेलू क्रिकेट में खेलने और गंभीर के सहयोग से सफल वापसी करने में मदद मिली: चक्रवर्ती**

गकेबरहा। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में खेलने और मुख्य कोच गौतम गंभीर की भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें तीन साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करने में मदद मिली। इस 33 वर्ष के स्पिनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 17 रन देकर पांच विकेट लिए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत हालांकि यह मैच तीन विकेट से हार गया था। चक्रवर्ती ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, निश्चित रूप से पिछले तीन साल काफी कठिन रहे। मैंने इस बीच अधिक से अधिक क्रिकेट खेली। मैंने घरेलू लीग में भी खेलना शुरू किया और इससे निश्चित तौर पर मुझे अपना खेल समझने में मदद मिली। चक्रवर्ती इस साल आईपीएल चैंपियन बनने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा थे। हाल में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने वाले गंभीर भी तब इस फ्रेंचाइजी टीम से जुड़े हुए थे।

# निशानेबाजी में रमेशभाई ने जीता रजत



नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सिफ्त कौर सामरा प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, जबकि कम लोकप्रिय एस. रमेशभाई मोराडिया ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता। रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये।

वह फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.1 अंक पीछे रहे। यह प्रिवरात्स्की का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने रविवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। ऐश्वर्य 187.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय उमामहेश मद्दिनेनी (208.8) चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले क्वालिफिकेशन दौर में रमेशभाई ने 630.0 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर थे। उमामहेश और ऐश्वर्य ने 629.8 और 628.3 का स्कोर करके क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया था। सामरा का पदक से चूकना भारत के लिए बड़ी निराशा रही। वह 50 मीटर राइफल में देश की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में शामिल है। वह 439.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। फ्रांस की अगाथे गिरार्ड (462.3) ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पोलैंड की जूलिया पियोट्रोस्का (462.0) और अन्ना जानसेन (450.2) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। सामरा इससे पहले क्वालिफिकेशन में 587 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर थी। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते है। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज की मेजबानी में आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

**अरविंद चिदंबरम ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता**

चेन्नई। ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार प्रदर्शन करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीत लिया जबकि ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने। मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिये त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेआफ में हराया। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला। उन्होंने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता जबकि कल रात शीर्ष पर काबिज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला। आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई।

अरविंद टाइब्रेक में बेहतर स्कोर के आधार पर शीर्ष पर हैं जबकि आरोनियन और अर्जुन ने दो गेम का ब्लिट्ज प्लेआफ खेला और दोनों विजयी रहे जिससे सडन डैथ तक मुकाबला पहुंचा। आरोनियन ने अर्जुन को ड्रॉ पर रोककर फाइनल में अरविंद के खिलाफ जगह बनाई। अरविंद ने पहला मुकाबला जीता और दूसरा ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। चैलेंजर वर्ग में प्रणव को ग्रैंडमास्टर ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने ड्रॉ के साथ चैलेंजर खिताब जीता। सामरा इससे पहले क्वालीफिकेशन में 587 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर थी। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते है। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज की मेजबानी में आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

# बदलाव हो या न हो, सीनियर खिलाड़ी रन बनाने के लिए भूखे हैं : गौतम गंभीर

एजेंसी



मुंबई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल में खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बचाव करते हुए सोमवार को यहां कहा कि यह दोनों सीनियर खिलाड़ी रन बनाने के लिए भूखे हैं और ऑस्ट्रेलिया में दमदार वापसी करेंगे। गंभीर ने इन बातों को भी खारिज कर दिया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में तीनों टेस्ट मैच गंवाने के बाद भारतीय टीम दबाव में है। गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारतीय टीम में अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। उन्होंने कहा, मैं किसी तरह का दबाव महसूस नहीं कर रहा हूं। भारतीय टीम का कोच बनना सम्मान और सौभाग्य की बात है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।

गंभीर से जब पूछा गया कि क्या उन्हें डंकन फ्लेचर के समय जैसा दबाव महसूस होता है जब टीम बदलाव के दौर में थी, उन्होंने कहा, मैं बदलाव के बारे में नहीं बल्कि पांच टेस्ट मैचों के बारे में सोच रहा हूं। बदलाव हो या न हो, अगर ऐसा होना है तो होगा, लेकिन मैं भारतीय टीम में कुछ ऐसे अविश्वसनीय खिलाड़ियों को देख रहा हूं जो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। भारतीय कोच ने यह भी पुष्टि की अगर रोहित शर्मा निजी कारणों से पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो उप कप्तान जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि टीम के पास सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में विकल्प मौजूद हैं।

# फॉर्म में लौटने का प्रयास करेंगे सिंधु व लक्ष्य

एजेंसी



कुमामोतो (जापान)। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगवाई करते हुए फॉर्म में लौटने का प्रयास करेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। सिंधु डेनमार्क ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी लेकिन लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन सुपर 500 और डेनमार्क ओपन दोनों में जल्दी बाहर हो गए थे। इन असफलताओं के बावजूद सिंधु को विश्वास है कि अपने नए कोच अनुप श्रीधर और कोरिया के दिग्गज ली स्युन इल के साथ मिलकर काम करने से वह बेहतर परिणाम हासिल करेंगी। जापान ओपन के पहले दौर में सिंधु का मुकाबला थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। सिंधु ने कहा, मैं शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हूं। हमने खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम किया है। मुझे उम्मीद है कि नए कोचों के मार्गदर्शन में मैं जापान और चीन में अच्छा प्रदर्शन करने सफल रहूंगी। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी गिंटिंग से हो सकता है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी भी इस टूर्नामेंट में अपनी चुनौती देश करेगी। पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे की सू यिनहुई और लिन झिह युन से होगा।

# अबु धाबी में शुभंकर 32वें स्थान पर, वारिंग को खिताब

एजेंसी



अबु धाबी। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अंतिम दौर में सात अंडर-65 का टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एचएसबीसी अबु धाबी चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर रहे। शुरुआती दो दौर में 71 और 73 के स्कोर के बाद शुभंकर ने अंतिम दो दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 66 और 65 का स्कोर बनाया।

शुभंकर ने अंतिम दौर में सात बर्डी, एक ईगल और दो बोगी से सात अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम दौर में बोगी रहित 66 के स्कोर से कुल 24 अंडर पार के स्कोर से अपना पहला रोलेक्स सीरीज खिताब जीता। वारिंग ने रोलेक्स सीरीज पर चार बार के विजेता टाइरेल हेटन को दो शॉट से पछाड़ा। हेटन से एक शॉट पीछे रोरी मैकेलरॉय, मैट वॉलेस और डेन थोरबोर्न ओलेस संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : भारत के इनकार पर आईसीसी से सफाई मांगेगा पीसीबी



एजेंसी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा क्योंकि उसे सिर्फ बताया गया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिये नहीं आयेगी लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल फरवरी में होने वाले टूर्नामेंट के लिये अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इसकी जानकारी दी। पीसीबी के एक जानकार सूत्र ने कहा, चैम्पियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर कराने को लेकर कोई बात नहीं हुई है। पिछले साल एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया था जब भारत के मैच श्रीलंका में और बाकी सारे मैच पाकिस्तान में हुए थे।

ऐसी अटकलें हैं कि भारत के मैच दुबई में हो सकते हैं। सूत्र ने कहा, पीसीबी अपने कानूनी सलाहकारों से बात करके आईसीसी को ईमेल भेजेगा जिसमें भारत के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। पीसीबी मशविरे और जरूरत पड़ने पर निर्देशों के लिये सरकार के संपर्क में है। सूत्र ने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान सरकार भारत से क्रिकेट संबंधों पर कठोर फैसला लेती है तो आईसीसी के लिये इसके कानूनी नतीजे हो सकते हैं। उन्होंने कहा, व्यावसायिक साझेदारों की ओर से कानूनी नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं क्योंकि आईसीसी ने प्रसारकों और प्रायोजकों से कहा है कि सभी शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश टूर्नामेंटों में भाग लेंगे। भारतीय टीम ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने मलेशिया को 4-0 से हराया



एजेंसी

राजगीर (बिहार)। युवा स्ट्राइकर संगीता कुमारी के दो गोल की मदद से गत चैम्पियन भारत ने सोमवार को मलेशिया को एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में 4 . 0 से हराया। भारत के लिये संगीता कुमारी ने आठवें और 55वें मिनट में, प्रीति दुबे ने 43वें और उदिता ने 44वें मिनट में गोल किये। भारत को मंगलवार को दक्षिण कोरिया से खेलना है। अन्य मैचों में जापान ने कोरिया से 2 . 2 से ड्रॉ खेला जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने थाईलैंड को 15 . 0 से हराया।

पहले क्वार्टर में पूरी तरह से भारत का दबदबा रहा हालांकि पहला पेनल्टी कॉर्नर पांचवें मिनट में मलेशिया को मिला लेकिन उस पर गोल नहीं हो सका। इसके बाद भारत ने मलेशियाई डिफेंस को छितर बितर करके लगातार दबाव बनाया। भारत को आठवें मिनट में दो मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और संगीता ने वैरिएशन पर दूसरे प्रयास में गोल दागा। प्रीति दुबे दो बार भारत की बढत दुगुनी करने के करीब पहुंची। पहले करीब से उनके शॉट को मलेशियाई गोलकीपर ने बचा लिया और पहला क्वार्टर खत्म होने से एक मिनट पहले उनका शॉट साइड पोस्ट से टकरा गया। पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। भारत ने लगातार आक्रामक हॉकी खेलना जारी रखा लेकिन फिनिशिंग टच नहीं दे सके। भारत को दूसरे क्वार्टर में मिले चारों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। दूसरे हाफ में भारत ने दो मिनट के भीतर फिर पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिस पर फिर गोल नहीं हो सका। इस बीच मलेशिया को पलटवार में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय डिफेंस मुस्तैद था। भारत ने 43वें मिनट में नवनीत कौर की फ्लिक पर प्रीति के गोल के दम पर बढत दुगुनी कर ली। एक मिनट बाद उदिता ने भारत के लिये तीसरा गोल किया। भारत को 50वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अबकी बार उदिता गोल नहीं कर सकी। आखिरी सीटी बजने से पांच मिनट पहले संगीता ने बेहतरीन फील्ड गोल दागा। डीप से पास लेकर वह दो डिफेंडरों को छकाते हुए मलेशियाई सर्कल में घुसी और दमदार रिवर्स शॉट पर गोल दाग दिया।



**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का उद्घाटन किया**

नालंदा (बिहार)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी-2024 का उद्घाटन किया। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह टूर्नामेंट 20 नवंबर तक चलेगा।

भारत के अलावा चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन से पहले सोमवार को जापान और कोरिया तथा चीन और थाईलैंड के बीच दो मुकाबले खेले गए। उद्घाटन के बाद भारत ने अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ की। भारत अपना दूसरा मैच 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा और फिर 14 नवंबर को थाईलैंड से भिड़ेगा। मेजबान टीम का सामना 16 नवंबर को चीन से होगा जबकि टीम पूल चरण का अपना अंतिम मैच जापान के खिलाफ 17 नवंबर को खेलेगी।

**मणिपुर, हरियाणा सीनियर पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में**

चेन्नई। मणिपुर और हरियाणा ने हॉकी इंडिया सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने अपने आखिरी पूल मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मणिपुर ने असम को 10 . 0 से हराया। पूल एच के इस मुकाबले में लैशराम दीपू सिंह ने हैट्रिक लगाई। वहीं हरियाणा ने मिजोरम को पूल बी में 8 . 0 से मात दी जिसमें चार गोल रोहित ने किये। पूल ए से दादरा और नगर हवेली और दमन और दीयू भी अंतिम आठ में पहुंच गए जिन्होंने छत्तीसगढ को 3 . । से हराया। मणिपुर पहले क्वार्टर फाइनल में पंजाब से खेलेगा जबकि हरियाणा का सामना महाराष्ट्र से होगा। तीसरा क्वार्टर फाइनल तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के बीच होगा जबकि चौथा ओडिशा और कर्नाटक के बीच खेला जायेगा। सभी क्वार्टर फाइनल मैच 13 नवंबर को होंगे।

# घुसपैठियों को निकालेगी सरकार

## अमित शाह का झामुमो पर हमला, कहा- झारखंड में घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे सीएम हेमंत सोरेन



सरायकेला। झारखंड में चुनाव अभियान तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सरायकेला में जनसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो सरकार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे। साथ ही घुसपैठियों की ओर से हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए समिति बनाई जाएगी।

इसके अलावा आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को होने वाले जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड में आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिये हमारी बेटियों से शादी करके जमीन हड़प रहे हैं। अगर घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी करते हैं तो हम उन्हें जमीन के हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून लाएंगे। हम घुसपैठियों की पहचान करने, उन्हें बाहर निकालने और उनके द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए एक समिति भी बनाएंगे। अमित शाह ने कहा कि जब चंपई सोरेन ने घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो उनका अपमान किया गया और हेमंत सोरेन ने उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस और राजद नेताओं पर खुद के विकास के लिए काम करने और भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर झामुमो गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। झामुमो सरकार 1,000 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले, 300 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले, 1,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले और शराब घोटाले के पीछे थी। इसके अलावा वह केंद्र द्वारा भेजे गए 3.90 लाख करोड़ रुपये खा गई। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर भाजपा की सरकार बनी तो हम तय करेंगे कि अगर केंद्र एक रुपया भेजता है तो राज्य उसमें 25 पैसे और जोड़े ताकि लोगों तक 1.25 रुपये पहुंचें।

झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं। इसके तहत पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होंगे। जबकि विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। राज्य में फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में कांग्रेस और राजद का गठबंधन पांच साल से सरकार में है। वहीं विपक्ष में भाजपा और आजसू का गठबंधन है। हालांकि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने एनडीए सहयोगियों को भी कुछ सीटें दी है।

# जलवायु वार्ता विनाश के रास्ते से दूर जाने के आह्वान के साथ हुई शुरू

बाकू (अजरबैजान)। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक जलवायु वार्ता सोमवार को तीव्र राजनीतिक परिवर्तन, वैश्विक युद्ध और आर्थिक कठिनाइयों की पृष्ठभूमि में शुरू हुई तथा त्वरित सहयोग और वादों के साथ सबसे कठिन मुद्दे वित्तीय मदद पर केंद्रित होती नजर आई। अजरबैजान के बाकू में दुनिया का पहला तेल कुआं खोदा गया था।

यहां पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा जलवायु पर वार्षिक वार्ता सीओपी29 का दो सप्ताह तक सत्र चलेगा। इस दौरान केंद्र में एक नए समझौते पर पहुंचना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन को रोकने और उससे अनुकूलन के लिए सैकड़ों अरबों या यहां तक कि खरबों अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष अमीर देशों से गरीब देशों को देने का प्रावधान होगा। यह धनराशि विकासशील देशों को उनकी ऊर्जा प्रणालियों को ग्रह को गर्म करने वाले जीवाश्म ईंधनों से हटाकर स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाने, अमीर देशों से होने वाले कार्बन प्रदूषण से होने वाली जलवायु आपदाओं की भरपाई करने तथा भविष्य में चरम मौसम के अनुकूल ढलने में मदद करने के लिए होगी। सीओपी29 के नये अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने कहा, ये संख्याएं बड़ी लग सकती हैं, लेकिन निष्क्रियता की लागत की तुलना में ये कुछ भी नहीं हैं। उन्होंने कहा, सीओपी29 पेरिस समझौते के लिए अहम क्षण है जिसने 2015 में पूर्व-



औद्योगिक समय से तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया था। यूरोपीय जलवायु सेवा कोपरनिकस द्वारा इस साल के शुरू में की गई भविष्यवाणी के मुताबिक 2024 में धरती 1.5 डिग्री तापमान वृद्धि की ओर अग्रसर है और यह मानव सभ्यता का सबसे गर्म वर्ष बनने जा रहा है। लेकिन पेरिस समझौते में 1.5 डिग्री का लक्ष्य तापमान वृद्धि के एक वर्ष के बजाय दशकों के बारे में है। बाबायेव ने कहा कि तूफान, सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं के रूप में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पहले से ही मौजूद हैं और विनाशकारी हैं।

संक्षेप

## बोको हरम के हमले में 17 सैनिकों की मौत

नदजामेना (चाड)। चाड के पश्चिमी हिस्से में शनिवार को किये गए बोको हरम के उग्रवादियों के हमले में 17 सैनिकों की मौत हो गयी। सेना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस हमले में 96 उग्रवादी भी मारे गये। सेना के प्रवक्ता जनरल इसाक अचीख ने रविवार रात सरकारी टेलीविजन पर कहा कि चाड झील क्षेत्र में बोको हरम ने शनिवार को यह हमला किया।

उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। चाड झील क्षेत्र में इस साल अब तक बोको हरम तथा इस्लामिम स्टेट इन अफ्रीका समेत विभिन्न चरमपंथी संगठनों के उग्रवादियों ने कई बार हमला किया है। चाड की सेना ने उग्रवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए 2020 में सफल अभियान चलाकर शांति स्थापित की थी, लेकिन वहां हिंसा और भय का माहौल फिर से व्याप्त हो गया है। पिछले महीने एक सैन्य अड्डे पर हमले में 40 सैनिक मारे गये थे। उसके बाद राष्ट्रपति महामात देबी इत्नो ने चाड झील क्षेत्र से बोको हरम के उग्रवादियों को उखाड़ फेंकने के लिए अभियान शुरू करने का आदेश दिया था।

## चीन ने प्रोटोटाइप परमाणु रिएक्टर का निर्माण किया

बैंकाक। चीन ने एक बड़े युद्धपोत के लिए प्रोटोटाइप परमाणु संयंत्र का निर्माण किया है। उपग्रह से ली गईं तस्वीरों और चीनी सरकार के दस्तावेजों के एक नए विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई है।

यह एक स्पष्ट संकेत है कि चीन अपना पहला परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन की नौसेना पहले से ही संख्याबल के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, और यह तेजी से आधुनिक हो रही है। वाशिंगटन डीसी में स्थित कार्नेगी एंडोवमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के सीनियर फेलो टोंग झाओ ने कहा, परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत के दम पर चीन नौसेना की शक्तियों के मामले में प्रथम श्रेणी के देशों में शुमार हो जाएगी, जिसमें फिलहाल अमेरिका और फ्रांस मौजूद हैं। कैलिफोर्निया में स्थित मिडलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत के लेशान शहर के निकट एक पर्वतीय स्थल की पड़ताल करते समय इस निष्कर्ष पर पहुंचे। उन्हें संदेह था कि चीन हथियारों के लिए प्लूटोनियम या ट्रीटियम का उत्पादन करने के सिलसिले में एक रिएक्टर का निर्माण कर रहा है।

## भारत का रूस को निर्यात केवल 2.24 अरब डॉलर



मुंबई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और रूस के बीच बढ़ते व्यापार घाटे के मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अप्रैल-अगस्त में भारत का रूस को निर्यात केवल 2.24 अरब डॉलर रहा, जबकि इस अवधि के दौरान आयात बढ़कर 27.35 अरब डॉलर हो गया। इस तरह व्यापार घाटा 25.11 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। ऊंचे व्यापार घाटे की मुख्य वजह रूस से कच्चे तेल का आयात है। रूस फिलहाल भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। कच्चे तेल को रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद कुछ यूरोपीय देशों द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद से परहेज करने के बाद रूसी तेल छूट पर उपलब्ध था, जिससे भारत ने वहां से आयात बढ़ाया है। यहां भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने रूस के साथ व्यापार संतुलन को बेहतर बनाने में मदद के लिए गैर-शुल्क और नियामकीय बाधाओं को दूर करने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि व्यापार संतुलन को तत्काल सुधारने की आवश्यकता है क्योंकि यह एकतरफा है। इसके लिए जरूरी है कि गैर-शुल्क बाधाओं और नियामकीय अड़चनों को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दोनों देशों का आपसी व्यापार 66 अरब डॉलर है। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय मुद्राओं में, खासकर मौजूदा परिस्थितियों में व्यापार के आपसी निपटान की वकालत की।

## कांग्रेस और आप खोटे सिक्के, पंजाब की जनता आ चुकी है तंग: अनुराग

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) को खोटे सिक्के करार देते हुए कहा कि पंजाब के लोग इन दोनों दलों के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं। ठाकुर ने बरनाला विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार केवल सिंह ढिल्लों के लिए प्रचार करते हुए यह टिप्पणी की।

प्रदेश की चार विधानसभा सीट गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल और बरनाला पर उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। ठाकुर ने बरनाला में कहा कि दोनों पार्टियां लोगों से झूठे वादे कर लोगों को ठगने की कोशिश करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 लोकसभा चुनावों में पंजाब में भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंजाब के लोग भ्रष्ट आप और कांग्रेस से तंग आ चुके हैं। ये दोनों पार्टियां खोटे सिक्के हैं। लोग विकल्प की तलाश में हैं। लोग भाजपा को एक सुनहरे विकल्प के रूप में देख रहे हैं और अगर पार्टी (सत्ता में) आती है तो पंजाब आगे बढ़ेगा।

## महायुति गठबंधन जीतेगा: फडणवीस



मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ संविधान बदलने की जो झूठी कहानियां गढ़ी थीं उनका अंत हो चुका है और 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में इसकी कोई भूमिका नहीं होगी।

फडणवीस ने दिन के समय एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। उपमुख्यमंत्री ने आम चुनाव की तुलना में विधानसभा चुनाव के माहौल में अंतर के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमने लोकसभा चुनाव के दौरान (संविधान बदलने के लिए 400 से अधिक सीट जीतने के भाजपा के नारे) गढ़ी गयी झूठी कहानियों को पूरी तरह खत्म कर दिया है और जनता हमारे साथ खड़ी है। भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से सिर्फ 17 पर ही जीत हासिल की थी। विपक्षी महाविकास अघाडी ने 30 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि एक निर्दलीय (जो सांगली से जीता) भी उनके साथ है। फडणवीस ने कहा कि महायुति गठबंधन विधानसभा चुनाव में बहुमत से जीत हासिल करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## पक्षी का रंग बदल सकता है एक परमाणु

सिडनी/न्यूयॉर्क। पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे सिटाकोफल्विन कहते हैं।

## मानहानि मामले में शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ जमानती वारंट की तामील पर रोक

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा की ओर से दायर मानहानि मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दो अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट की तामील पर सोमवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार करने के मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 25 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देने वाली शिवराज और अन्य भाजपा नेताओं की याचिका पर तन्खा से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि मानहानि मामले में अदालत के समक्ष जारी कार्यवाही में याचिकाकर्ताओं की प्रभावी भागीदारी के मद्देनजर उनके खिलाफ जमानती वारंट की तामील नहीं की जाएगी। शिवराज और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि तन्खा की शिकायत में जिन कथित बयानों का जिक्र किया गया है, वे सदन में दिए गए थे और संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के दायरे में आते हैं। अनुच्छेद 194 (2) में कहा गया है, किसी राज्य के विधानमंडल का कोई भी सदस्य विधानमंडल या उसकी किसी समिति में कही गई किसी भी बात या डाले गए वोट के संबंध में किसी भी अदालत में किसी भी कार्यवाही का सामना करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इसमें यह भी कहा गया है, कोई भी व्यक्ति ऐसे विधानमंडल के सदन द्वारा या उसके अधिकार क्षेत्र के तहत किसी भी रिपोर्ट, दस्तावेज, मतदान या कार्यवाही के प्रकाशन के संबंध में अदालत में किसी भी कार्यवाही का सामना करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। जेठमलानी ने दलील दी कि ऐसा कभी नहीं सुना गया कि समन से जुड़े मामले में अदालत ने जमानती वारंट जारी किया।

इंटरटेनमेंट...

## इफ्फी : फिलिप नॉयस को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



नयी दिल्ली। गोवा में आयोजित 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (इफ्फी) की शुरुआत ब्रिटिश पॉप गायक रॉबी विलियम्स के जीवन पर आधारित अर्ध-आत्मकथात्मक फिल्म बेटर मैन के साथ होगी। फिल्म महोत्सव में ऑस्ट्रेलियन फिल्म निर्माता फिलीप नॉयस को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गोवा में 20 से 28 नवंबर तक आयोजित इस वार्षिक फिल्म महोत्सव में 81 देशों की 180 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी, जिसमें 15 फिल्में विश्व स्तर पर, तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, 40 एशियाई स्तर पर और 106 भारतीय स्तर पर रिलीज होंगीं। इफ्फी 2024 के पूर्वावलोकन के लिए सोमवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन, सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू, फिल्म महोत्सव निदेशक शेखर कपूर और सीबीएफसी अध्यक्ष प्रसून जोशी शामिल हुए। मुरुगन ने कहा कि इफ्फी कान फिल्म फेस्टिवल से कम नहीं है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, आप हमारे इफ्फी की तुलना कान और कुछ अन्य फिल्म महोत्सव से कर सकते हैं।

हम इफ्फी में भी वही सब दिखा रहे हैं। हमें अंतरराष्ट्रीय दर्शकों और प्रतिनिधियों से जो प्रतिक्रिया मिल रही है, वह शानदार है। मुंबई और चेन्नई में फिल्म महोत्सव के बारे में रोड शो निकाला जा रहा है। हैदराबाद में एक और रोड शो होगा। हम देख रहे हैं कि कैसे फिल्म जगत इस महोत्सव को अपना रहा है और इसकी जिम्मेदारी ले रहा है। इस फिल्म महोत्सव की शुरुआत माइकल ग्रेसी की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म बेटर मैन की एशियाई रिलीज से होगी।

## 'बिग बॉस 18' में जल्द होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री




**मुंबई।** कुछ समय पहले ही एक्सक्लूसिवली बताया था कि बिग बॉस 18 में सलमान खान की जगह अब रवि किशन वीकेंड का वार एपिसोड होस्ट करेंगे। इसके बाद अब भास्कर के एक्सक्लूसिव सूत्रों के अनुसार, अदिति मिस्त्री शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शामिल होने वाली हैं। शो से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया है कि जल्द ही शो में हॉट वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है।

इस सिलसिले में मेकर्स की पॉपुलर मॉडल और इन्फ्लूएंसर अदिति मिस्त्री से बातचीत जारी है। कौन हैं अदिति मिस्त्री? बताते चलें कि अदिति मिस्त्री एक मॉडल और इन्फ्लूएंसर हैं। वो सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। अदिति सोशल मीडिया पर बोल्ड कंटेंट के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। मॉडलिंग की दुनिया में भी अदिति ने कामयाबी हासिल की है। 24 साल की अदिति मिस्त्री के इंस्टाग्राम पर 2.4 मिलियन फॉलोवर्स हैं। अदिति मिस्त्री की एक ऐप भी है, जिसमें फैंस उनसे कॉल पर बात कर सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति मिस्त्री, फॉर्मर एक्टर साहिल खान को डेट कर चुकी हैं।

## अजय व रोहित शेट्टी ने सुनाये प्रैंक के किस्से

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' हाल ही में रिलीजे हुई है। इस फिल्म में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आए हैं। इसी बीच, एक इंटरव्यू में अजय देवगन ने अपने कुछ जोक्स के किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि कई बार उनके प्रैंक इतने खतरनाक हो जाते थे कि वे किसी के तलाक का कारण भी बन जाते थे। यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ बातचीत में अजय देवगन ने कहा, ह्यआजकल लोग इस बात से परेशान रहते हैं कि हम मजाक करेंगे तो कोई नाराज हो जाएगा। लेकिन हम इन सबके बारे में नहीं सोचते थे। हमारे मजाक इतने खतरनाक होते थे कि एक-दो तलाक भी हो चुके हैं।

## 'गोधरा' कांड की आग में रोटियां सेंकीं गईं : विक्रांत मैसी



**मुंबई।** विक्रांत मैसी की अपकमिंग फिल्म द साबरमती रिपोर्ट पर विवाद है। 15 नवंबर को फिल्म रिलीज हो रही है- द साबरमती रिपोर्ट। यह फिल्म गोधरा कांड और उसके बाद हुए गुजरात दंगों पर आधारित है। ट्रेलर रिलीज के बाद फिल्म विवादों में भी है। फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत मैसी को धमकियां मिल रही हैं। यहां तक कि विरोधी उनके 9 महीने के बच्चे को भी नहीं छोड़ रहे। उसके बारे में भी अनाप-शनाप बोल रहे हैं।

इस बात का खुलासा खुद विक्रांत मैसी ने दिए इंटरव्यू में किया है। विक्रांत ने कहा कि गोधरा कांड की आग में कइयों ने रोटियां सेंकी हैं, लेकिन जो मारे गए, वे सिर्फ आंकड़े बनकर रह गए। गुजरात दंगों को 22 साल हुए, लेकिन सच्चाई अभी भी नहीं पता विक्रांत मैसी ने कहा कि उन्हें पता था कि फिल्म का मुद्दा सेंसिटिव है। उन्हें महसूस भी हुआ कि इसे लेकर पॉजिटिव और निगेटिव दोनों तरीके से बात हो सकती है। हालांकि, फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर को अपनी स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा था।

विक्रांत ने कहा, 'मुझे एकता ने एक लंबा-चौड़ा रिसर्च पेपर दिया। मुझे समझ में आ गया कि रिसर्च इतनी पक्की है तो विवाद होने का कोई चांस ही नहीं है। शुरूआत में मुझे जरूर लगा कि कहीं यह फिल्म किसी खास धर्म, वर्ग या व्यक्ति के खिलाफ तो नहीं है।

बाद में स्क्रिप्ट पढ़कर समझ में आ गया कि यह फिल्म सिर्फ सच्चाई पर बात करती है। अफसोस है कि 22 साल हो गए, लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा बात नहीं हुई। मेरे 9 महीने के बच्चे को भी नहीं छोड़ा विक्रांत ने बताया कि गुजरात दंगों पर बनी फिल्म में काम करने की वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे वॉट्सएप पर धमकी भरे मैसेज आ रहे हैं। मैं अभी 9 महीने पहले एक बेटे का बाप बना हूं। वह अभी चलना भी नहीं सीख पाया है। उसके बारे में भी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है। समझ नहीं आता कि हम किस युग में जी रहे हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com